सुविचार

महत्वपूर्ण बात यह नहीं है कि हर बच्चे को पढ़ाया जाना चाहिए, बल्कि हर बच्चे को सीखने की इच्छा दी जानी चाहिए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



वर्ष 11 | पृष्ठ 12 | अंक 308 | रांची, बुधवार, 10 दिसंबर 2025 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com










# विधानसभा में सुचारू रूप से चली प्रश्नकाल की कार्यवाही

## शिक्षा-स्वास्थ्य से जुड़े गंभीर मसलों पर सरकार ने दिया जवाब

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




आसन पर माननीय अध्यक्ष श्री रबीन्द्र नाथ महतो

**रांची :** झारखंड विधानसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल के कार्यवाही सुचारू रूप से चली. कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मेडिकल काउंसलिंग में हो रही घपलेबाजी का मामला उठाया. उन्होंने सदन से मांग की कि झारखंड संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा के पोर्टल को NPA के पोर्टल के साथ लिंक किया जाए. उन्होंने आरोप लगाया की दोनों पोर्टल के लिंक नहीं होने की वजह से काउंसलिंग में धांधली हो रही है. लिहाजा, मेडिकल काउंसिल के गाइडलाइन का पालन होना चाहिए.

वहीं, भाजपा विधायक राज सिन्हा ने वृद्धों के बीच सपोर्टिंग डिवाइस ऑर्थोपेडिक कैलीपर्स की जगह मापने वाला वर्नियर कैलिपर्स खरीदने का मामला उठाया. मंत्री इरफान ने कहा कि जांच चल रही है, रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि इसको घोटाला नहीं कहा जा सकता क्योंकि महज 2 लाख 48 हजार 500 का सामान था. मंत्री ने माना कि लालदेव रजक नामक शख्स ने विभाग को गुमराह किया था.

झामुमो विधायक मो. ताजुद्दीन ने राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर का संचालन नहीं होने से आम नागरिकों को दुर्घटना के समय आकस्मिक सुविधा नहीं मिलने का मामला उठाया. जिसकी वजह से लोगों को जान गंवाना पड़ता है. मंत्री इरफान ने कहा कि वह खुद स्पॉट पर जाकर मामले का निरीक्षण करेंगे. उन्होंने माना कि डॉक्टर की कमी की वजह से संचालन सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है, इसको गंभीरता से देखा जाएगा.

भाजपा विधायक अमित कुमार यादव ने हजारीबाग के बरकट्ठा स्थित डिग्री कॉलेज में शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के नहीं रहने का मामला उठाया. उन्होंने कहा कि बिना कोई व्यवस्था किए बच्चों का दाखिला क्यों लिया गया। उनके भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है, उसके लिए जिम्मेदार कौन है. इसके जवाब में मंत्री सुदिव्य ने कहा कि प्रभारी प्राचार्य को नियुक्त कर दिया गया है. छात्रों को दिक्कत जरूर हो रही है लेकिन बहाली की प्रक्रिया में वक्त लगता है, इसको दुरुस्त कर लिया जाएगा. उन्होंने कहा की बहाली की प्रक्रिया शुरू होने पर उइक जांच और कोर्ट में मामला पहुंच जाता है. अगर अभिभावक चाहेंगे तो बच्चों को दूसरी जगह एडजस्ट किया जाएगा.

## विधानसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव पर जताई नाराजगी

**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मंगलवार को कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव पर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने नाराजगी जताई। अध्यक्ष ने कहा कि प्रदीप यादव बार-बार सवाल पूछकर अन्य सदस्यों का समय खराब कर रहे हैं। अध्यक्ष ने कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव से कहा कि विधानसभा केवल उनके सवालों के लिए नहीं है और अन्य सदस्यों को भी मौका मिलना चाहिए। उन्होंने विधायक को याद दिलाया कि वे एक जवाबदेह सदस्य हैं और उन्हें दूसरों के समय का भी सम्मान करना चाहिए। दरअसल, प्रदीप यादव ने ध्यानाकर्षण सूचना के तहत झारखंड में थैलिसिमिया और सिकल सेल जैसी घातक बीमारियों पर सवाल उठाए थे। वे विभागीय मंत्री इरफान अंसारी से कई जवाब जानना चाहते थे, लेकिन मंत्री के उत्तर से संतुष्ट न होने के कारण वे बार-बार सवाल पूछते रहे। इस पर अध्यक्ष ने उन्हें टोका।

## झारखंड में 15 दिसंबर से एमएसपी पर शुरू होगी धान की खरीद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार ने खरीफ विपणन (मार्केटिंग) साल 2025-26 के लिए धान खरीद को किसानों की खुशहाली से जोड़कर एक बड़ा कदम उठाया है. अब राज्य भर में 700 से अधिक धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की जाएगी, जिससे दूर-दराज के गांवों के उत्पादक भी सरकारी खरीद व्यवस्था से सीधे जुड़ सकेंगे.

विपणन वर्ष 2025-26 के तहत झारखंड में धान खरीद की प्रक्रिया 15 दिसंबर 2025 से शुरू होने जा रही है. राज्य सरकार ने इसकी घोषणा कर दी है. जिला प्रशासन को लक्ष्य दिया गया है कि अधिक से अधिक पंजीकृत किसानों को सरकारी खरीद केंद्रों तक लाया जाए, ताकि बिचौलियों के चंगुल से उन्हें बाहर निकाला जा सके और उनका धान एमएसपी से कम पर बिक्री न हो. बता दें कि पिछले साल भी 15 दिसंबर से ही धान की खरीद शुरू हुई थी. उस साल 6 लाख मैट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया था.

### हादसा

## परेड के दौरान जवान की मौत



**पश्चिमी सिंहभूम :** चाईबासा स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 197 बटालियन कैंप में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना घटी। नियमित परेड के दौरान एक जवान की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। मृतक जवान की पहचान 46 वर्षीय गोपालजी सिंह के रूप में हुई है। साथी जवानों के अनुसार अचानक सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत के बाद उन्हें तुरंत चाईबासा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बधाई

## सोनिया गांधी के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री ने दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली :** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को जन्मदिन पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित देशभर के कई प्रमुख नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने उनके लम्बे सार्वजनिक जीवन, त्याग, समर्पण, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

### अभिनन्दन

## एनडीए संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री का हुआ अभिनंदन

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के संसदीय दल की बैठक में मंगलवार को बिहार चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत के लिए दल के सभी सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन किया। सांसद उपेंद्र कुशवाहा, राजीव रंजन सहित कई सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी को माला पहना कर स्वागत किया। संसद पुस्तकालय भवन के जी.एम.सी. बालयोगी ऑडिटोरियम में आज आयोजित इस बैठक में प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें संबोधित किया।

# थैलेसीमिया मरीजों के इलाज के लिए सरकार 14 लाख रुपये वहन करेगी : इरफान अंसारी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



- आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का होगा ईलाज
- मरीजों के हित में सदर अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी

थैलिसिमिया और सिकल सेल जैसी बीमारियों से पीड़ित बच्चों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए कर्नाटक 20 लाख, बिहार 15 और अरूणाचल प्रदेश में 15 लाख रुपये की सहायता राशि देती है

**रांची :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के थैलिसिमिया से पीडित बच्चों को आयुष्मान योजना के तहत अन्य राज्यों की तर्ज पर 14 लाख रुपये तक के इलाज का खर्च वहन करेगी। मंत्री ने यह बातें मंगलवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के सवाल के जवाब में कही।

प्रदीप यादव ने यह मामला ध्यानाकर्षण की सूचना के तहत उठाया था। जवाब में मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के पास झारखंड में थैलिसिमिया और सिकल सेल जैसी बीमारियों से पीड़ित बच्चों का कोई सर्वे रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। लेकिन सरकार ऐसे पीड़ित बच्चों का सर्वे कराएगी और मरीजों के हित में सदर अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध कराएगी।

प्रदीप यादव ने मंत्री से ऐसे बच्चों को रक्तरदान करनेवालों के लिए आई कार्ड बनाने और ऐप बनाने की भी मांग की। उन्होंने बताया कि थैलिसिमिया और सिकल सेल जैसी बीमारियों से पीड़ित बच्चों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए कर्नाटक 20 लाख, बिहार 15 और अरूणाचल प्रदेश में 15 लाख रुपये की सहायता राशि देती है, लेकिन झारखंड में ऐसी सुविधा नहीं है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार कोल इंडिया के सहयोग से इन बीमारियों के लिए 10 लाख रुपए तक की सहायता करती है।

प्रदीप यादव ने मंत्री से झारखंड के थैलिसिमिया से पीड़ित बच्चों को रक्तदान से संबंधित व्यवस्था के बारे में पूछा इसपर मंत्री ने कहा कि यह सुविधा राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में मौजूद है। मंत्री के इस जवाब पर प्रदीप यादव ने नाराजगी प्रकट की और मंत्री पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने मंत्री से एक माह में सभी प्रमंडलों में ऐसी व्यवस्था करने की मांग की।

प्रदीप यादव ने कहा कि थैलिसिमिया का इलाज बोन मैरो ट्रांसप्लांट से ही संभव है। इसपर मंत्री ने कहा कि वे आउट ऑफ वे जाकर इसपर काम करेंगे।

# झारखंड में आनेवाले दिनों में सताएगी ठंड

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

- तापमान में दो-तीन डिग्री का होगा उतार-चढाव

**रांची :** झारखंड के सभी जिलों में आनेवाले दिनों में ठंड सताएगी। राज्य भर में अगले एक-दो सप्ताह में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री का उतार-चढाव होगा। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी। विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण पछुआ हवाएं चलेंगी। इसके प्रभाव से आनेवाले दिनों में तापमान में दो डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। इसके बाद अगले दो दिनों के दौरान तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है।

विभाग के अनुसार 10 से 13 दिसंबर तक राज्य के कई जिलों में सुबह में कुहासा छाया रहेगा, जबकि बाद में मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगी।

वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 27.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और दिनभर कनकनी महसूस की गई। हालांकि सोमवार के मुकाबले मंगलवार को हवा की गति में कमी आई इससे कनकनी से थोडी राहत मिली।

### ममता का प्रधानमंत्री पर हमला, कहा

# भाजपा बंगाल की संस्कृति से पूरी तरह अनजान



सांकेतिक तस्वीर

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने लोकसभा में सोमवार को दिए गए भाषण में वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को बंकिम-दा कहकर संबोधित करने को अज्ञानता और अनादर बताया। मंगलवार को कूचबिहार में आयोजित जनसभा में ममता ने कहा कि यह बंगाल की संस्कृति और इतिहास का अपमान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमवार को संसद सत्र के दौरान प्रधानमंत्री ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को बंकिम दा कहा। जैसे श्याम-दा या हरी-दा कहा जाता है। बंकिम चंद्र, जिन्होंने देश का राष्ट्रीय गीत लिखा, उनके लिए यह संबोधन किसी भी तरह सम्मानजनक नहीं है। देश की जनता के सामने सिर झुकाना भी कम पड़ेगा। यह संस्कृति और इतिहास पर चोट है।

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार बंगाल की बौद्धिक और सांस्कृतिक धरोहर को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इन्होंने कहा कि राजा राममोहन रॉय देशभक्त नहीं थे। खुदीराम बोस को आतंकवादी बताया। विद्यासागर की प्रतिमा तोड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रवैया दिखाता है कि भाजपा बंगाल की संस्कृति से पूरी तरह अनजान और दूर है।

यह विवाद सोमवार को उस समय शुरू हुआ जब तृणमूल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के भाषण का वीडियो हिस्सा एक्स पर साझा कर पीएम को संस्कृति से अनभिज्ञ बताया। पोस्ट में लिखा गया कि बंगाल ऐसे महान व्यक्तित्वों के नाम के साथ सहज रूप से दा नहीं जोड़ता। सांसद सौगत राय ने भी संसद में हस्तक्षेप कर कहा कि उचित संबोधन बाबू है, दा नहीं।

तृणमूल कांग्रेस के कई नेताओं ने इस टिप्पणी को अपमानजनक बताया। पार्टी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि यह संबोधन बंगाल के एक पूजनीय साहित्यकार का अनादर है और भाजपा की मूल समस्या है कि वह साधारण समझ भी नहीं रखती।

## पीएम ने दूरदर्शन के सुप्रभातम कार्यक्रम को बताया भारतीय संस्कृति का संगम

एजेंसी



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूरदर्शन के सुप्रभातम कार्यक्रम में रोज प्रसारित होने वाले संस्कृत सुभाषितों का उल्लेख करते हुए कहा है कि यह परंपरा भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की निरंतरता को दशार्ती है। सुप्रभातम कार्यक्रम हर सुबह संस्कार, मूल्य और संस्कृति का सुंदर संगम प्रस्तुत करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए यह बात कही। उन्होंने संस्कृत में लिखे अपने संदेश में उल्लेख किया कि दूरदर्शन के सुप्रभातम कार्यक्रम में प्रतिदिन एक सुभाषित प्रस्तुत किया जाता है, जिसमें जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को बताया जाता है। उन्होंने अपने पोस्ट में संस्कृत का श्लोक भी लिखा।

प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा कि सुप्रभातम में प्रसारित होने वाले ये श्लोक न केवल भारतीय संस्कृति की समृद्धि को प्रदर्शित करते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा की ओर भी आकर्षित करते हैं। भारतीय भाषाओं, विशेषकर संस्कृत, में निहित ज्ञान और विचार आज भी समाज को प्रेरित करते हैं।

# समर्पण, त्याग और अदम्य साहस की शाश्वत भावना है वंदे मातरम : सीपी राधाकृष्णन

एजेंसी




पीठासीन : माननीय सभापति, श्री सी.पी. राधाकृष्णन

**नई दिल्ली :** राज्यसभा में मंगलवार को वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा से पूर्व, सभापति सीपी राधाकृष्णन ने अपने प्रारंभिक उद्बोधन में इसे राष्ट्र की आत्मा और स्वतंत्रता संग्राम की धड़कन बताया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति समर्पण, त्याग और अदम्य साहस की शाश्वत भावना है, जिसने गुलामी के दौर में करोड़ों भारतीयों के दिलों में स्वतंत्रता की लौ जलाए रखी।

सभापति ने कहा कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह कालजयी गीत उस समय जन्मी जब मातृभूमि पर उपनिवेशवाद का भारी बोझ था, लेकिन देखते ही देखते यह पूरे राष्ट्र की साझा धड़कन बन गया। उन्होंने कहा कि यह गीत धर्म, भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर पूरे देश को एक सूत्र में पिरोता रहा।

राधाकृष्णन ने स्मरण कराया कि स्वतंत्रता सेनानियों के लिए वंदे मातरम केवल प्रेरणा नहीं था, बल्कि कई वीरों की अंतिम पुकार भी–जब वे हंसते-हंसते फांसी के तख्ते पर चढ़ते हुए भारत की आजादी का स्वप्न दिल में लिए इसे उच्चारित करते थे। उन्होंने कहा कि इन ज्ञातझअज्ञात बलिदानियों की तपस्या इस गीत की हर पंक्ति में आज भी गूंजती है और हमें यह याद दिलाती है कि आजादी अटूट संकल्प और मातृभूमि के प्रति अनन्य प्रेम से अर्जित हुई है।

सभापति ने महान कवि सुब्रमण्य भारती की उस पंक्ति का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वंदे मातरम् का स्वर दुनिया भर में तेजस्विता का प्रकाश फैलाता है। उन्होंने कहा, वंदे मातरम् एक प्रण है – हमारी पहचान का, हमारी एकता का और हमारे सामूहिक भविष्य का।

# महर्षि परमहंस कॉलेज में व्याख्यान श्रृंखला का दूसरा दिन का आयोजन

## बच्चों में संज्ञानात्मक विकास जरूरी : डॉ एस के उपाध्याय

उज्जवल दुनिया संवाददाता




रामगढ़ । महर्षि परमहंस कॉलेज आफ एजुकेशन हुहुआ कोठार रामगढ़ के सभागार में चल रहे व्याख्यान श्रृंखला का दूसरा दिन 'संज्ञानात्मक एवं सामाजिक विकास का बच्चों पर प्रभाव' के विषय में चर्चा किया गया इस कार्यक्रम का मंच संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर राहुल सिंह द्वारा किया गया एवं दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि डॉ सुशील कुमार उपाध्याय प्राचार्य डॉ एस राधाकृष्णन टीचर ट्रेनिंग कॉलेज सुकरीगढ़ा लॉरी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी आर चौरीया एवं महाविद्यालय के सभी सम्मानित शिक्षकगण द्वारा किया गया, सरस्वती वंदना उषा कुमारी एवं सुषमा कुमारी ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किया गया और स्वागत गान प्रियंका कुमारी एवं चंचल कुमारी ग्रुप के प्रशिक्षुओं ने बहुत ही सुंदर एवं मनमोहन स्वागत गान प्रस्तुत किया एवं मुख्य अतिथि के स्वागत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी आर चौरीया द्वारा अतिथि को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया उनके बाद महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर जया झा द्वारा मुख्य अतिथि को पौधा देकर सम्मानित किया गया एवं स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चौरीया द्वारा मुख्य वक्ता के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए 15 वर्षों के कार्यों को सराहा एवं &संज्ञानात्मक एवं सामाजिक विकास पर बच्चों का प्रभाव& के विषय पर अपनी बात रखने के लिए आज के मुख्य अतिथि डॉ सुशील कुमार उपाध्याय ने संज्ञानात्मक विकास के ऊपर चर्चा करते हुए जीन पियाजे के थ्योरी के बारे में विस्तृत वर्णन किया जिसमें जीन पियाजे ने अपने तीन पुत्रों के ऊपर रिसर्च करते हुए बच्चा जब जन्म लेता है और जब तक बड़ा होता है वह किस प्रकार से सीखता है बोलता है चलता है समाज में रहना सीखता है उसके बारे में विस्तृत चर्चा किए और साथ ही साथ प्रसिद्ध रूसी मनोवैज्ञानिक लेव वायगोत्स्की के बारे में भी चर्चा किया और सामाजिक विकास के बारे में सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित किया जिसमें आत्मसात करण करने के लिए बच्चों की जन्मजात प्रवृत्तियां इन सभी बातों को अपने विषय में रखा जिसमें जीन पियाजे की 6 अवस्थाओं के बारे में भी विशेष चर्चा की किए उसके बाद कार्यक्रम की समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन के लिए महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर अबोध चंद्र महतो द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया इसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी आर चौरीया द्वारा मुख्य अतिथि को प्रमाण पत्र दिया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महाविद्यालय के सचिव मनोज अग्रवाल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी. आर. चौरीया, विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नील कमल सिन्हा, असिस्टेंट प्रोफेसर चंचला कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर राहुल सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर अरविंद कुमार महतो, असिस्टेंट प्रोफेसर प्रकाश चंद्र महतो, असिस्टेंट प्रोफेसर पिंकी कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर पुनम सिंह,असिस्टेंट प्रोफेसर मुकेश चन्द्र पोद्दार, असिस्टेंट प्रोफेसर दिनेश्वर मुंडा, असिस्टेंट प्रोफेसर जया झा, असिस्टेंट प्रोफेसर अबोध चंद्र महतो, असिस्टेंट प्रोफेसर अमृत कुमार महतो, असिस्टेंट प्रोफेसर उदय कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर सैफुल्लाह अंसारी, असिस्टेंट प्रोफेसर विजय कुमार प्रभाकर एवं कार्यालय अधीक्षक शमशेर आलम, प्रयोगशाला सहायक आदित्य प्रियदर्शी, पुस्तकालय अध्यक्ष नीलम सिंह, सहायक संचालक सगीर अहमद, सहायक लेखापाल विनीत पोद्दार एवं बी.एड. और डी.एल.एड. सत्र 2024-26 व 2025-27 के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# श्री श्री विश्वविद्यालय में 36 घंटे का माराथन 'स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन' सफलतापूर्वक सम्पन्न

उज्जवल दुनिया संवाददाता





रांचीः ओड़िशा के कटकस्थित श्री श्री विश्वविद्यालय में 'स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन - सॉफ्टवेयर संस्करण' के फाइनल का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह हैकाथॉन सोमवार सुबह 8 बजे शुरू होकर मंगलवार रात 8 बजे तक लगातार 36 घंटों तक चला और अपने नाम के अनुरूप पूरी तरह सार्थक सिद्ध हुआ। बीपीयूटी और वीएसएसयूटी के साथ एसएसयू को ओड़िशा के तीन नोडल केंद्रों में से एक के रूप में चुना गया था। अतः जोनल स्तर पर श्री श्री विश्वविद्यालय एकमात्र नोडल केंद्र था। भारत सरकार और एआईसीटीई की संयुक्त पहल इस स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में विद्यार्थियों ने अपनी सृजनशीलता, तकनीकी क्षमता और उद्योग संबंधी समस्याओं के उपयोगी समाधान प्रस्तुत किए। इस हैकाथॉन का उद्देश्य विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकार के विभागों और उद्योग संस्थानों द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों के लिए प्रभावी सॉफ्टवेयर समाधान तैयार करना था। सर्वभारतीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस वर्ष श्री श्री विश्वविद्यालय में पंजाब, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और दिल्ली सहित 12 राज्यों से 120 प्रतिभागी तथा 22 मेंटर उपस्थित थे। इसके अलावा एआईसीटीई के 2 अधिकारी, राज्य सरकार के 2 प्रतिनिधि तथा स्थानीय उद्योग संस्थानों के 8 विशेषज्ञ जज के रूप में शामिल हुए। प्रतियोगिता में कुल 4 'प्रॉब्लम स्टेटमेंट' थे और प्रत्येक स्टेटमेंट में 5-5 समूह भाग ले रहे थे। लगातार 36 घंटे काम करने के कारण प्रतिभागियों के लिए सोमवार रात को बोनफायर और मंगलवार सुबह जुम्बा नृत्य जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। फाइनल के बाद भारत सरकार की ओर से प्रत्येक प्रॉब्लम स्टेटमेंट के विजेता समूह को डेढ़ लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। श्री श्री विश्वविद्यालय की कुलाध्यक्षा प्रोफेसर रजिता कुलकर्णी, कुलपति प्रोफेसर डॉ. तेजप्रताप, कार्यवाह कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार शर्मा, कार्मिक निदेशक स्वामी सत्यचैतन्य और डिन्-एफइटि डॉ. रविनारायण शतपथी ने इस राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ह्लस्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2025 के आयोजन से यह सिद्ध होता है कि श्री श्री विश्वविद्यालय शोध और नवाचार के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। ऐसे कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों को सशक्त बनाते हैं, बल्कि ओड़िशा को तकनीकी ज्ञान-कौशल और स्टार्टअप के प्रमुख केंद्र के रूप में पहचान दिलाते हैं।

# जंगल में अफीम की अवैध खेती का भंडाफोड़, पांच एकड़ फसल नष्ट





उज्जवल दुनिया संवाददाता

हेरहंजः पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती का बड़ा खुलासा हुआ है। थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार को इचाक-इनातू गांव स्थित वन क्षेत्र में छापेमारी कर करीब पांच एकड़ में फैली अफीम की फसल को ट्रैक्टर की मदद से नष्ट कर दिया। पुलिस अधीक्षक को मिली सूचना के अनुसार, कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जंगल की आड़ में अफीम की खेती की जा रही थी। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित की और मौके पर पहुंचकर अवैध फसल को नष्ट किया। थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया ने बताया कि इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इस अवैध खेती के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि उन्हें इस प्रकार की किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी हो तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# दो दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर मे 103 बच्चों एवं 72 अविभावकों की हुई सफल नेत्र जांच

उज्जवल दुनिया संवाददाता



रांचीः 8 एवं 9 दिसंबर 2025 को डीएवी शिक्षा दीप स्कूल रातू रोड में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निःशुल्क नेत्र जाँच (दृष्टि)शिविर (दो दिवसीय)का आयोजन हुआ।यह शिविर नयन सुख केयर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं इनके टीम द्वारा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।विशेषज्ञ टीम द्वारा दृष्टि परीक्षण,स्क्रीनिंग एवं आवश्यक परामर्श भी दी गई। शिविर में 72 अभिभावकों और 103 विद्यार्थियों ने अपनी नेत्र जाँच कराई।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य आलोक कुमार ने किया। मौके पर मुख्यअतिथि अतिथि के रूप में छात्र क्लब चिकित्सक मंच(यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप मे विद्यालय के संस्थापिका नीलम देवी,संरक्षक ब्रजेश कुमार पाठक जी की विशेषरूप से उपस्थिति रहीं। विद्यालय के निदेशक शिवनंदन पाठक ने कहा, 'स्वस्थ दृष्टि से आत्मविश्वास और स्पष्टता दोनों का जन्म होता है। शिक्षित समाज की शुरूआत स्वस्थ आँखों से ही होती है। शिव किशोर शर्मा ने कहा नेत्र शरीर का महत्वपूर्ण पार्ट है नेत्र में जरा भी तकलीफ हो तो नजर अंदाज न करें तुरंत नजदीकी विशेषज्ञ डॉक्टर से जांच कराएं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य आलोक कुमार, निदेशक मंडली के प्रभाष गौरव, अविनाश गौरव, पी.आर.ओ.कुणाल कौशल, सभी शिक्षको, कर्मचारियों, नेत्र जांच शिविर टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 'दृष्टि' शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए अविभावक गणों ने मेडिकल टीम एवं विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार जताई।

# मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जयंती पर होगा पांच दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट, प्रथम पुरस्कार 3 लाख रुपए

उज्जवल दुनिया संवाददाता




केंद्रीय सरना समिति की ओर से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर आयोजित होने वाली पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का औपचारिक ऐलान किया गया। केन्द्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलु मुंडा ने बताया कि टूनार्मेंट के लिए रजिस्ट्रेशन 9 दिसंबर 2025 से 28 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। प्रतिभागी टीमों के लिए पंजीकरण शुल्क 25,000 रुपए निर्धारित है।टूनार्मेंट 3 जनवरी 2026 से 7 जनवरी 2026 तक खेला जाएगा। *हर दिन तीन मैच कराए जाएंगे, जबकि प्रत्येक मैच की अवधि 25 मिनट होगी। बेहतर प्रदर्शन करने वाले *खिलाड़ियों को भी व्यक्तिगत पुरस्कार दिए जाएंगे*डा श्याम प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय फुटबॉल मैदान मे मैच निर्धारित किए गए हैं। मैच में भाग लेने वाले सभी *खिलाड़ियों को आधे घंटे पहले खेल के लिए तैयार रहने के लिए ऐलान किया है*विदेश के तीन खिलाड़ियों को ही मैच में खेलाया जाएगा। जगलाल पाहन ने कहा कि फुटबॉल सिर्फ खेल नहीं बल्कि खिलाड़ियों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने वाला माध्यम है। *उन्होंने याद दिलाया कि जयपाल सिंह मुंडा न सिर्फ एक महान खिलाड़ी थे, बल्कि झारखंड राज्य आंदोलन की मजबूत आवाज भी थे। उन्हीं की स्मृति में यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। पुरस्कार राशि इस प्रकार निर्धारित की गई है प्रथम पुरस्कार : 3 लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार : 2 लाख रुपए, तृतीय पुरस्कार : 41 हजार रुपए, चतुर्थ पुरस्कार : 41 हजार रुपए इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सरना समिति के बबलु मुंडा, प्रधान महासचिव अशोक मुंडा, मुख्य पहान जगलाल पाहन, शोभा कच्छप,महादेव टोप्पो, सुशांत तिर्की, संदीप मंडल, अनमोल लकड़ा, मुकेश मुंडा, राजन मुंडा, शिवधन मुंडा, आशीष मुंडा, आदि उपस्थित थे।

# आईआईटी आईएसएम के शताब्दी समारोह में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय टुंडी के छात्राओं ने भाग लिया



टुंडी : टुंडी मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय टुंडी के छात्राओं ने धनबाद में आईआईटी आईएसएम के शताब्दी समारोह को लेकर शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में शामिल हुए । झारखंड शिक्षा परियोजना धनबाद के तहत 4 से 7 दिसंबर तक कक्षा 8 से 12 के विद्यार्थियों का आईआईटी-आईएसएम में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। 40 विद्यालयों के 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों संग विभिन्न बच्चों ने विविध विभागों में जाकर उनके कार्यकलाप को देखा. विज्ञान प्रदर्शनी का लाभ उठाया. ज्ञान विज्ञान प्रांगण में विभिन्न इनोवेशन को देखा, इसमें शोध स्टॉल, खनन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कला, वैदिक गणित, मानव विज्ञान एवं झारखंड की संस्कृति पर आधारित प्रदर्शन देखा। यहां हाथी का सर, कुत्ता का कंकाल एवं पुराने चट्टानों के टुकड़ों का अवलोकन किया. इस दौरान छात्राओं को ओपेन कास्ट ब्लास्टिंग के बारे में बताया गया. वहीं अंडरग्राउंड माइंस की जानकारी दी गयी. इस दौरान विद्यार्थियों ने भूगर्भशास्त्र संग्रहालय से महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी प्राप्त कीं। मौके पर वार्डेन पूनम कुमारी, शारीरिक शिक्षिका संध्या कुमारी समेत छात्राएं शामिल थी ।

# वैश्विक स्तर पर परचम लहराने वाला डीएक्सएन अपना सिल्वर जुबली मना रहा

उज्जवल दुनिया संवाददाता




रांची : वैश्विक स्तर पर आर्थिक समृद्धि का परचम लाने वाला डीएक्सएन इंडिया अपना सिल्वर जुबली बना रहा है जो लगातार 25 वर्षों से स्वास्थ्य, वैलनेस,उद्यमिता तथा भारत के सांस्कृतिक विरासत को वापस लाने का प्रयास कर रहा है. डीएक्सएन इंडिया परिवार के साथ जुड़े लाखों लोगों की जीवन शैली और आर्थिक समृद्धि में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है. इस मौके पर रांची के प्रभात तारा मैदान में सिल्वर जुबली समारोह का आयोजन हो रहा है,जिसमें नेपाल सहित भारत के अलग-अलग राज्यों से एक लाख से ज्यादा लोग डीएक्सएन से जुड़े लोग शामिल होंगे. इस मौके पर डीएक्सएन की कई सदस्य को सम्मानित भी किया जाएगा डीएक्सएन विश्व स्तर पर 562 उत्पादन के साथ बाजार में मौजूद है जिसमें न्यूट्रॉनस्टिक्स, पेय पदार्थ, कॉस्मेटिक घरेलू उत्पाद और नैनो सामान समाधान शामिल है. डीएक्सएन दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है जिसके आधुनिक कारखाने, मलेशिया, चीन, मैक्सिको इंडोनेशिया, बांग्लादेश नेपाल और भारत में है. डीएक्सएन ने प्रयास किया कि आर्थिक उत्पादन के साथ-साथ प्राचीन भारत के सांस्कृतिक विरासत को फिर से भारत में लौटाया जाए. सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए डीएक्सएन द्वारा वन डॉलर वन चाइल्ड के तहत कुपोषित बच्चों के जीवन स्तर सुधारने का प्रयास किया जा रहा है. डीएक्सएन की स्पिरुलिना पौष्टिक इम्यूनिटी देकर एक मिलियन बच्चों को कुपोषण दूर करता है.इस मौके पर डीएक्सएन ग्रुप के पपराजित परिवर्तन, सीइओ, सलीम शहजीर सीएमओ, डॉ राजेश सवेरा अध्यक्ष ऑफिस इंडिया,स्पेशल असिस्टेंट अध्यक्ष और आईएमडी जीजीथ एन के, आईएमडी और सीएओ दिव्य प्रकाश,सीटूओ के एम रबिक, फर्स्ट सीए् डीएक्सएन इंडिया प्रोफेसर के एन वसूपालैया और प्रो कोमल कांत वशिष्ठ मौजूद थे.

## एक नजर

### सैमसंग ने पेश किया गैलेक्सी जेड ट्राइफोल्ड, नई फोल्डिंग तकनीक से लैस स्मार्टफोन

रांचीः सैमसंग ने अपने नए गैलेक्सी जेड ट्राइफोल्ड को लॉन्च कर प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में नया अपडेट दिया है। दो बार फोल्ड होने वाली इस तकनीक की वजह से डिवाइस खुलने पर 10-इंच की बड़ी स्क्रीन उपलब्ध कराता है, जिससे काम, पढ़ाई और मनोरंजन तीनों के लिए अधिक स्पेस मिलता है। कंपनी के डिवाइस एक्सपीरियंस डिवीजन के प्रमुख टीएम रोह ने कहा कि यह मॉडल फोल्डेबल तकनीक की प्रमुख चुनौतियों पोर्टेबिलिटी, प्रीमियम परफॉर्मेंस और उत्पादकता को एक साथ ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। इसमें उन्नत हिंज सिस्टम और दोबारा तैयार किया गया मजबूत डिस्प्ले दिया गया है, जो फोल्डिंग को और स्थिर बनाता है, जबकि एआई आधारित फीचर्स उपयोगकर्ताओं को बड़े स्क्रीन पर मल्टीटास्किंग के अधिक विकल्प देते हैं। बड़ा लेआउट एक साथ तीन ऐप्स चलाने की सुविधा देता है और तेज चार्जिंग के साथ इसका बैटरी प्रदर्शन दिनभर उपयोग के लिए उपयुक्त बताया गया है। सैमसंग ने लॉन्च के साथ ग्राहकों के लिए एआई सेवाओं का सीमित अवधि का ट्रायल तथा डिस्प्ले रिपेयर पर विशेष छूट भी प्रदान की है। कंपनी के अनुसार, नया गैलेक्सी जेड ट्राइफोल्ड उन लोगों के लिए तैयार किया गया है जो बड़े स्क्रीन अनुभव, बेहतर टिकाऊपन और आधुनिक एआई फीचर्स के साथ प्रीमियम फोल्डेबल विकल्प तलाश रहे हैं।

### बालूमाथ में खुलेगा सरकारी डिग्री कॉलेज,वर्षो पुराना सपना हुआ साकारः रंजीत



हेरहंजः बालूमाथ-हेरहंज-बारियातु एकीकृत प्रखण्ड के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि सामने आई है। राज्य सरकार की कैबिनेट बैठक में बालूमाथ में सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना को मंजूरी दे दी गई है। यह निर्णय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि बालूमाथ हेरहंज, बारियातु और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा के नए द्वार खोलेगा। इस महत्वपूर्ण फैसले पर हेरहंज के सांसद प्रतिनिधि रंजीत जायसवाल ने विधायक प्रकाश राम को बधाई देते हुए कहा कि यह कॉलेज क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी। ग्रामीण लगातार इस विषय को लेकर आवाज उठा रहे थे और विधायक प्रकाश राम ने इसे गंभीरता से लेते हुए सरकार तक पहुंचाया। अंततः उनके प्रयासों से यह मांग पूरी हुई। रंजीत जायसवाल ने कहा कि अब स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूरदराज के शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे न केवल आर्थिक बोझ कम होगा, बल्कि बेटियों की शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह कॉलेज आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत शैक्षणिक आधार तैयार करेगा। ग्रामीणों में इस फैसले को लेकर खुशी की लहर है। लोगों ने विधायक और सरकार के प्रति आभार जताया है और उम्मीद जताई है कि कॉलेज का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा, जिससे क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और शिक्षा का स्तर ऊंचा उठेगा। बधाई देने वालों में-भाजपा जिला उपाध्यक्ष सन्तोष यादव, टुनु राम,विधायक प्रतिनिधि देवनंदन प्रसाद व गुड्डू वर्मा,रंजन प्रसाद, प्रदीप यादव,मनीष जायसवाल,मिथलेश गुप्ता, मंगल उरांव,उमेश कांत जायसवाल,उपेन्द्र यादव,मनोहर सिंह जितेन्द्र यादव समेत ग्रामीणों ने बधाई दी है।

### सेंट मैरी एकेडमी खरखरी विद्यालय प्रबंधन ने असहाय, गरीब और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया



कतरासः खरखरी स्थित सेंट मैरी एकेडमी विद्यालय में बढ़ती ठंड को देखत हुए गरीब लाचार और जरूरतमंदो के बीच विद्यालय प्रबंधन की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को विद्यालय प्रांगण में कंबल का वितरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए विद्यालय की प्रबंधन समिति ने यह निर्णय लिया था कि विद्यालय के आस पड़ोस में जो लोग असहाय है। उन्हें चिन्हित कर उनके बीच कंबल का वितरण किया जाएगा।इसके लिए विद्यालय के दो शिक्षकों ने एक लिस्ट तैयार किया था। जिसके अनुरूप चिन्हित लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय विद्यालय परिवार के उप प्रधानाचार्य सुनील सिंह, बालमुकुंद यादव, अमरजीत कुमार, भोला नाथ चौधरी, सुमित आर्या, विकी कुमार, सौरभ चटर्जी, अशोक कुमार, मुनमुन मित्रा , रामा मुखर्जी, सीमा कुमारी, बनानी बनर्जी, पिंकी सिंह, कोएना पॉल, अंजलि कुमारी, चिंकी कुमारी, देविका चटर्जी, सारा सिंह उपस्थित थे।

### निलंबन व बर्खास्तगी के विरुद्ध आमरण अनशन पर बैठे महुदा कॉलेज के प्राध्यापक और द्वारपाल



कतरास : महुदा इंटर कॉलेज महुदा से बर्खास्त किए गए कॉलेज कर्मी प्राध्यापक सुरेश कुमार रजक एवं द्वारपाल गौतम कुमार महतो ने मंगलवार को आमरण अनशन शुरू किया। कॉलेज के मुख्य द्वार पर अनशन पर बैठे प्रो सुरेश ने कहा कि महुदा इंटर कॉलेज में अनुदान बंद होने कारण वेतन नहीं मिला था। वेतन की मांग करने कॉलेज के सचिव दीपनारायण शर्मा के पास गये थे। उस समय उन्होंने पहले अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया फिर हम दोनों को सेवा से निलंबित कर दिया गया। बाद में हम दोनों को सेवा से भी बर्खास्त कर दिया गया। शिक्षा विभाग की ओर से न्याय नहीं मिलने तक अनशन जारी रहेगा। मौके पर पहुंचे छात्र नेता भोला प्रमाणिक ने कहा कि अनियमितता का विरोध करने पर शिक्षक एवं शिक्षोकत्तर कर्मी को बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। सचिव पूरे शासी निकाय को दिगभ्रमित कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में महुदा इंटर कॉलेज के सचिव दीपनारायण शर्मा से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इन लोगों के द्वारा बराबर कॉलेज का अनुशासन भंग किया जा रहा था। इसकी जानकारी विधायक सह शासी निकाय कॉलेज के अध्यक्ष शत्रुघ्न महतो को दिया गया था। कई बार इनलोगों को समझाने का प्रयास किया गया लेकिन लगातार अनुशासन भंग करने के विरुद्ध इन दोनों को पहले निलंबन किया गया था। बाद में शासी निकाय की हुई बैठक में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। दोनों सक्षम न्यायालय के शरण में जा सकते हैं। न्यायालय में जो भी उचित निर्णय होगा वह सर्वमान्य होगा । अनशन स्थल पर अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी, सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो , छात्र नेता भोला प्रमाणिक , मनोज महतो , धनबाद प्रखण्ड के जेएमएम के पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार नापित , इसलाम अंसारी, मजीद अंसारी , गोकुल कुम्भकार ,पी के वर्मा , सुनिता देवी , भगवती देवी मौजूद थे ।

# 374 घाटों पर 100 रुपये प्रति सीएफटी उपलब्ध है बालू: मंत्री

उज्जवल दुनिया संवाददाता

रांची : झारखंड विधानसभा के शीताकलीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन बालू के मुददे पर गर्म रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर बहस हुई।

अल्पसूचित प्रश्न के तहत भाजपा के विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने झारखंड में बालू की किल्लत का मुददा उठाया। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में बालू के व्यवसाय को थाना के जरिये मैनेज किया जा रहा है। लोगों को दूसरे राज्यों से विवश होकर महंगी दर पर बालू मंगाना पड रहा है। इसके जवाब में विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पेसा कानून की घोषणा तक बालू घाटों से बालू के उठाव पर रोक लगाई गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जनहित में राज्य के 374 घाटों पर 100 रुपये प्रति सीएफटी बालू लोगों को उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि ऐसे 71 बालू घाट पलामू में भी हैं।



▶▶ झारखंड में कहीं भी 100 रुपये प्रति सीएफटी बालू नहीं मिल रहा है।

मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनता के प्रति संकल्पित है। उन्होंने बताया कि एमडीओ (माइन डवेलपर ऑपरेटर) के चयन में राजस्व का नुकसान नहीं हुआ है।

वहीं मामले में भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि पूरे राज्य भर में बालू का अवैध उत्खनन हो रहा है। मंत्री इस मामले में सदन को गुमराह कर रहे हैं।

झारखंड में कहीं भी 100 रुपये प्रति सीएफटी बालू नहीं मिल रहा है। कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने मंत्री से जानना चाहा कि पलामू जिले में 71 कौन से बालू घाट हैं जहां सस्ता बालू सरकार लोगों को उपलब्ध करा रही है।

उन्होंने मंत्री से पलामू के उन 71 बालू घाटों की सूची की मांग की जहां सस्ते दर पर बालू दिया जा रहा है।

विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सरकार से जानना चाहा कि क्या यह सही है कि जेएसएमडीसी (झारखंड राज्य खनिज विकास निगम) की ओर से राज्य में बालू घाटा के संचालन की व्यवस्था के दौरान काफी कम दर पर एमडीओ का चयन किये जाने के कारण राज्य को राजस्व का बहुत बडा नुकसान हुआ है।

# रामगढ़ कॉलेज 11 शर्तें पूरी करे तो मिलेगा विश्वविद्यालय का दर्जा: सुदिव्य

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**रांची :** झारखंड में रामगढ़ कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने की संभावना बढ़ गई है। यदि कॉलेज केंद्रीय शिक्षा विभाग की ओर से निर्धारित 11 शर्तों को पूरा कर लेता है, तो राज्य सरकार इसकी मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेजेगी।

यह जानकारी राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य सोनू ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को दी। यह मुद्दा कांग्रेस की रामगढ़ विधायक ममता देवी ने ध्यानाकर्षण सूचना के तहत उठाया था।



उन्होंने कहा कि रामगढ़ कॉलेज में लगभग पांच हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं और उच्च शिक्षा के लिए उन्हें करीब 100 किलोमीटर की दूरी तय कर हजारीबाग जाना पड़ता है। ऐसे में कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने से छात्रों को बड़ी सुविधा होगी।

मंत्री ने बताया कि विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त करने के लिए कॉलेज को केंद्रीय शिक्षा विभाग की 11 अनिवार्य शर्तें पूरी करनी होती हैं। वर्तमान में रामगढ़ कॉलेज इनमें से सात शर्तें पूरी कर चुका है। मंत्री ने विधायक से आग्रह किया कि शेष चार शर्तों को पूरा करने में कॉलेज प्रशासन के साथ मिलकर प्रयास करें, ताकि प्रक्रिया जल्द आगे बढ़ सके।

▶▶ रामगढ़ कॉलेज में लगभग पांच हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं

▶▶ उच्च शिक्षा के लिए उन्हें करीब 100 किमी की दूरी तय कर हजारीबाग जाना पड़ता है।

## संत जोसेफ स्कूल में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**खूंटी :** जिले के तोरपा प्रखंड के कामडा स्थित संत जोसेफ क्लासंस स्कूल में मंगलवार को गूंज संस्था और संभव ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा दो से पांचचीं तक के विद्यार्थियों को रीसायकल्ड कपड़े से बने स्कूल किट-बैग और पुनः उपयोग की गई नोटबुक वितरित की गईं। यह पहल बच्चों को सतत जीवनशैली अपनाने और संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने का सार्थक प्रयास है। विद्यालय परिसर में हाल ही में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता से किचन गार्डन भी विकसित किया गया है। इस माध्यम से ग्रामीण परिवेश से आने वाले बच्चों को विद्यालय में ही स्वच्छ, ताजा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन संभव ट्रस्ट द्वारा संचालित आगाज-ए-बातचीत कार्यक्रम के यूथ चैंपियन्स – सोनी कुमारी, निरसो कुमारी, उरसेला, दीपक और अर्चना कोंगाड़ी ने किया।

## 19 पंचायतो के कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं ने की बैठक

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**मांडर :** मांडर प्रखंड मुख्यलाय में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक कांग्रेस कमिटीमांडर के प्रखंड अध्यक्ष अमानत अंसारी द्वारा एक बैठक रखा गया। जिसमे प्रखण्ड उपाध्यक्ष, प्रखण्ड सचिव एवं 19 पंचायतों के कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संबंधित पंचायतों के कांग्रेस अध्यक्षों द्वारा की गई।

इस दौरान कांग्रेस पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों तथा जमीनी स्तर पर पंचायत संगठन को और अधिक मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही रक्फ़ जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे– प्रखंड अध्यक्ष अमानत अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष माशुक, अली, समीम अंसारी, प्रखण्ड सचिव आजाद अंसारी, मुस्ताकिम अंसारी जहरुद्दीन अंसारी, नेसार अख्तर, मुर्शीद (बबलू) हासिम अंसारी,अतहर इमाम, शाहिद अंसारी, पंचायत अध्यक्ष सलीम अंसारी, रूस्तम अंसारी, कलीम अंसारी, तबरेज अंसारी,तनवीर आलम,इरफान, मुस्तफा, मिन्हाज, जुनैद, फिरोज अंसारी, गुलजार, इमरोज अंसारी, जुमाऊदीन अंसारी, नसीम अंसारी इस्तियाक अंसारी आदि कार्यकर्ता। बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई और सभी कार्यकताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया।



## आरपीएफ ने हटिया रेलवे स्टेशन से 23 किलो गांजा किया बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हटिया रेलवे स्टेशन से 23 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इस कार्रवाई में बिहार के पश्चिमी चंपारण के रहने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार, कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर हटिया स्टेशन परिसर में संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान ड्यूटी पर मौजूद उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह और फ्लाइंग टीम ने प्लेटफॉर्म पर संदिग्ध रूप से बैठे दो व्यक्तियों को रोका और उनकी तलाशी ली। जांच में उनके बैगों से चार पैकेटों में बंद कुल 23 किलो गांजा बरामद हुआ, जिसकी बाजार कीमत लगभग 11.50 लाख रुपये आंकी गई है।



आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह की उपस्थिति में जब्त किए गए पैकेटों की डीडी किट से जांच की गई, जिसमें गांजा होने की पुष्टि हुई। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए बरामद सामग्री और दोनों आरोपितों को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी हटिया को सौंप दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मोहम्मद फिरोज और राम बिलास चौधरी के रूप में हुई है। उनके पास मिले बैगों में गांजा अलग-अलग पैक कर रखा गया था।पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने यह गांजा ओडिशा के राउरकेला में एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था और इसे धनबाद में किसी व्यक्ति को सौंपने जा रहे थे।

## मांडर में आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम द्वारा 100 कंबल व खिचड़ी का वितरण

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**मांडरः** आनंद मार्ग प्रचारक संघ, रांची भुक्ति के यूनिवर्सल रिलीफ टीम के तत्वाधान में मंगलवार को मांडर के बूढ़ा खुखरा स्थित प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन स्कूल परिसर में सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों के बीच 100 कंबलों का वितरण किया गया। साथ ही लगभग 300 लोगों के बीच नारायणी सेवा के रूप में खिचड़ी का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेंसिल एवं बिस्किट भी प्रदान किए गए। साथ ही बच्चों को आध्यात्मिक बातें सिखाई गई एवं योगासन के फायदे भी बताए गए इसके अलावा तांडव और कौशिकी की जानकारी भी दी गई ।मौके पर रांची भुक्ति के भुक्ति प्रधान विजय कुमार ने कहा कि आनंद मार्ग की यूनिवर्सल रिलीफ टीम द्वारा लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक सुविधाएं पहुंच रही हैं। उन्होंने बताया कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भी सरकार द्वारा इस टीम का चयन किया जाता है।



कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के संचालक शैलवाहन कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर आचार्य मुक्तेश्वरानंद अवधूत, आचार्य सतप्रियानंद अवधूत, अवधूतिका आनंद प्रीति, आचार्या संहिता दीदी, अवधूतिका लोकातिता आचार्या ,विजय कुमार, बूधनाथ भगत, उमेश कुमार, धनेश्वर भगत, जय कुमार, रविंद्र प्रसाद, उदय कुमार, प्रवीण कुमार, बबीता देवी, नमिता देवी, सरिता देवी, कलावती देवी, परशुराम प्रसाद, अर्पण जयदेव,संगीता बड़ाइक, पॉलिना खेस सहित कई लोग उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## सहायक गोदाम प्रबंधकों का छह प्रखण्डों में स्थानांतरण

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूमः** पश्चिमी सिंहभूम जिला में मंगलवार को सहायक गोदाम प्रबंधकों के कार्यकाल तीन वर्ष से अधिक होने पर जिला दण्डाधिकारीझसहझउपायुक्त ने बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया है। जिले के पन्द्रह प्रखण्डों में कार्यरत छह सहायक गोदाम प्रबंधकों को स्थानांतरित करते हुए नए जनसेवकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। यह आदेश जिला आपूर्ति शाखा की ओर से जारी किया गया है। जारी निर्देश के अनुसार बंदगांव, सोनुवा-गुदड़ी, मनोहरपुर, खूंटपानी, कुमारडुंगी और नोवामुण्डी के झारखंड राज्य खाद्य निगम गोदामों में नए जनसेवकों को सहायक गोदाम प्रबंधक के रूप में पदस्थापित किया गया है। बताया गया कि वर्तमान पदस्थ कर्मी यहां पाँच से सात वर्षों की सेवा अवधि पूरी कर चुके थे।



इसी दौरान जिले में दिसम्बर 2025 माह का राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत खाद्यान्न वितरण कार्य जारी है, लेकिन अभी तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में मात्र 65.33 प्रतिशत तथा झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना में 47.31 प्रतिशत घर-घर आपूर्ति कार्य ही पूरा हो सका है। इस धीमी प्रगति पर प्रशासन ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि वर्तमान सहायक गोदाम प्रबंधक तीन दिनों के भीतर दिसम्बर माह का घर-घर आपूर्ति कार्य पूर्ण कर नए प्रतिनियुक्त सहायक गोदाम प्रबंधकों को प्रभार सौंप दें। साथ ही सभी संबंधित प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर प्रभार हस्तांतरण पूरा कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है। आदेश की प्रतियां सभी संबंधित जनसेवकों, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों, अपर उपायुक्त और जिला प्रबंधक झारखंड राज्य खाद्य निगम को भेज दी गई हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बिरसा कॉलेज में पीजी अर्थशास्त्र के छात्रों को दी गई विदाई




**खूंटी :** बिरसा कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में मंगलवार को स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सेमेस्टर के छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। जितेंद्र, मनीष, अनामिका, स्मृति, मनीषा, प्रतिभा, फूलमनी सहित कई छात्रों ने शानदार नृत्य और गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान विदाई लेने वाले छात्रों ने कॉलेज में बिताए अनमोल पलों को याद कर अपने अनुभव साझा किया। अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो सीके भगत ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की बधाई देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। वहीं विभाग के राजकुमार गुप्ता ने छात्रों को सामाजिक दायित्व निभाने और निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष प्रो जया भारती कुजूर ने पूर्व छात्रों के रूप में कॉलेज से जुड़े रहने का आग्रह करते हुए भविष्य के लिए बधाई दी।इस मौके पर स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर के रूप में दीक्षा कुमारी और प्रमोद महतो को सम्मानित किया गया। दीक्षा को कॉलेज के लिए कई बार विश्वविद्यालय स्तर पर पुरस्कार दिलाने की उपलब्धि पर और प्रमोद को अनुशासन और विभागीय गतिविधियों में सक्रिय योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में प्रो शीला, प्रो शिल्पी, प्रो पूनम, प्रो अंजुलता, प्रो अभिषेक, प्रो बसुदेव, प्रो सावित्री, प्रो अल्पना, प्रो सुनीता सहित विभाग के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### डालसा और सोसाईटी ने जरूरतमंद लोगों में बांटे गर्म कपडे



**खूंटी :** बढ़ती ठंड को देखते हुए जिले के सुदूरवर्ती इलाकों में जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के अध्यक्ष रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।इस कार्यक्रम में डालसा और सेवा वेलफेयर सोसाईटी भी सहयोग दे रही है। कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को सोसाइटी के अध्यक्ष अजय शर्मा के नेतृत्व में एक टीम मुरहू और अड़की प्रखंड के गांवों में पहुंची जहां केवड़ा, मदहातू और बूढ़ीकाय गांवों में टीम ने बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों के बीच गर्म और अन?य वस्त्रों का वितरण किया गया। अभियान में मदहातू के लादु मुंडा, बिरबांकी के पूर्व मुखिया जवरा पाहन, हरसिंह मुंडा और बूढ़ीकाय के सागर मुंडा भी शामिल रहे। इस अभियान की प्रेरणा और परिकल्पना डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर की ओर से की गई। उन्होंने इस प्रस्ताव को डालसा अध्यक्ष के समक्ष रखा था। अभियान के लिए वस्त्रदान व्यवहार न्यायालय परिवार, डीएवी पब्लिक स्कूल और अधिवक्ता अमित कुमार के परिवार की ओर से किया गया। वहीं डालसा और सेवा वेलफेयर सोसाईटी ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए वस्त्रदान कर पुनीत कार्य में सहयोग करें।

### छात्रा ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी

**खूंटी :** सदर थाना के सामने स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (बालिका) में पढ़ने वाली आठवीं कक्षा की छात्रा फुलमनी नाग ने मंगलवार को फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फुलमनी मूल रूप से अड़की प्रखंड की बिरबांकी पंचायत के इचाकुटी गांव की रहने वाली थी। उसके पिता जीवन नाग खूंटी के अमृतपुर मोहल्ले में चम्पक कुम्हार के मकान में किराये पर रहते हैं और अपने बच्चों की पढ़ाई कराते हैं।

JAP-IT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt. of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401040, 2401067 Fax.- 0651-2401040

TENDER CANCELLATION NOTICE
(Ref. No. - JAP-IT/AMC/01/2025)

The tender for "Selection of System Integrator for Annual Maintenance of Items Installed at MGM Medical College, Jamshedpur" (Ref. No. JAP-IT/AMC/01/2025) is cancelled due to some unavoidable reasons and will be re-tendered in due course of time.

(PR-354028)
Sd/-
Officer on Special Duty
JAP-IT
PR 368112 Information Technology(25-26).D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(गव्य प्रभाग)
जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला

(प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना)

गव्य विकास निदेशालय झारखण्ड, रॉची द्वारा राज्य स्तर पर दुग्ध उत्पादकों को गोपाल रत्न (प्रथम), गोपाल भूषण (द्वितीय) एवं गोपाल श्री (तृतीय) के रूप में क्रमशः 51000/– रू0 (एकावन हजार), 25000/– (पच्चीस हजार) एवं 11000/–रू0 (ग्यारह हजार) नगद राशि एवं प्रमाण पत्र पुरस्कार वितरण का प्रवाधान है। जिला गव्य विकास पदाधिकारी/जे0एम0एफ0 के प्रतिनिधि द्वारा संबंधित दुग्ध उत्पादकों के घर पर उपलब्ध वर्तमान वस्तु स्थिति/संसाधनों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। इच्छुक दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों आवेदन प्रपत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला से कार्य अवधि पर निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। विहित प्रपत्र के अनुरूप आवश्यक सूचनाएँ स्वयं का हस्ताक्षर के साथ दिनांक 15.12.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक जिला गव्य विकास कार्यालय, चंदाली, गुमला में निश्चित रूप से जमा कर सकते है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गुमला

PR 368141 Agriculture, Animal Husbandry
And Co-opretive Department (25-26)_D

# हजारीबाग और रामगढ़ जिले से बड़े पैमाने 03 दिसंबर से हो रहा है काले हीरे का अवैध खनन और कारोबार

## जिले के स्थानीय फैक्ट्रीयों में खरीदा जा रहा अवैध कोयला

अजय निराला/उज्ज्वल दुनियां संवाददाता




**- इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में जिला प्रशासन, वनविभाग और जिला खनन विभाग चांदी के सिक्कों के सामने बने हैं लाचार.**
**- चुरचू थाना क्षेत्र के करगी में 03 दिसंबर से अवैध कोयला डीपू है संचालित, स्थानीय पुलिस मौन.**

हजारीबाग। झारखंड के धनबाद जिले में प्रवर्तन निदेशालय के छापामारी के बाद एक बार फिर हजारीबाग, रामगढ़ और चतरा जिले से कोयला का अवैध खनन और कारोबार को लेकर चर्चा जोरों पर होने लगी है। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के रामगढ़, हजारीबाग और चतरा जिले में इन दिनों काले हीरे के कारोबार करने बालों का है बल्ले-बल्ले। इस अवैध कारोबार को अमली जामा पहनाने में जिला प्रशासन, वनविभाग, खनन विभाग, राजनेताओं और सीसीएल कर्मियों का भरपूर आशीर्वाद कोयला तस्करों को प्राप्त है, जिसके चलते यह अवैध कार्य इन तीनों जिले में मकरजाल की तरह पांव जमा रखा है। जानकार सूत्रों की मानें तो अवैध कोयले को हजारीबाग और रामगढ़ जिले में संचालित फैक्ट्रीयों और प्लांटों में खरीदा जा रहा है। रामगढ़ के कुज्जू, मांडू,वेस्ट बोकारो और भुरकुंडा क्षेत्र से चल रहा कोयले का अवैध कारोबार। वहीं

हजारीबाग जिला के बड़कागांव, कटकमदाग, उरीमारी , गिद्दी और विष्णुगढ़, चुरचू ,आंगों, चरही थाना क्षेत्र में बेरोकटोक चल रहा कोयले का अवैध कारोबार।

हजारीबाग, रामगढ़ और चतरा जिले के कोयलांचल क्षेत्र से कोयले का अवैध खनन और कारोबार बेरोकटोक चल रहा है' हालांकि तीनों जिलों में अवैध खनन को रोकने के लिए दिखावे के लिए कार्रवाई हो रही है' लेकिन अवैध कारोबार रोकने का ईमानदारी पूर्वक प्रयास नहीं हो रहा है' जिसके कारण कोयले का अवैध खनन और कारोबार दिन दुगना और रात चौगुना बढ़ रहा है। वही कोयला के अवैध खनन और कारोबार में सीसीएल के अधिकारियों और सुरक्षा विभाग की भी भूमिका दिखने लगी है' जानकारों की माने तो रामगढ़ जिला के मांडू, जोड़ाकरम, कुज्जू, वेस्ट बोकारो, भुरकुंडा, रजरप्पा,गोला और रामगढ़ थाना क्षेत्र से कोयले का अवैध खनन और कारोबार चल रहा है' जिला प्रशासन के सख्त कार्रवाई नहीं होने से यह कारोबार सिलसिले बार ढंग से चल रहा है' वही सीसीएल के अधिकारियों और सुरक्षा विभाग की भूमिका भी काफी संदेहास्पद दिख रही है' सीसीएल क्षेत्र से कोयले का अवैध खनन कर निकालना बड़ी बात है' सीसीएल के क्षेत्र में सीसीएलका कई चेक पोस्ट बना हुआ है ' जहां से कोयला लदे बड़े वाहनों को जांच कराए बिना नहीं निकलने दिया जाता है' फिर इन चेक पोस्टों से अवैध कोयला कैसे निकाला जा रहा है' यह सोचनीय बात है ' बताया जाता है कि एक-एक क्षेत्र से रोजाना दर्जनों अवैध कोयला लदे वाहन निकला जा रहे हैं' सीसीएल के अधिकारी और सुरक्षा विभाग कार्रवाई नहीं कर रहे हैं. जानकार सूत्रों की माने तो केवल वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र से ही रोजाना 50 से अधिक बड़े वाहन अवैध कोयला लेकर निकल रहे हैं' इन रास्तों में सीसीएल के चेक पोस्ट भी पड़ते हैं' लेकिन इन चेक पोस्ट पर तैनात सुरक्षा विभाग के लोगों को अवैध कोयला लदे ट्रक नजर नहीं आते हैं' आखिर बात क्या होता है, जिसके कारण सीसीएल के सुरक्षा विभाग के लोग अवैध कोयला लदे वाहनों को नहीं पकड़ते हैं' क्षेत्र में चर्चा है कि कुज्जू क्षेत्र में पड़ने वाली आरा चेक पोस्ट से ही रोजाना 75 से 100 अवैध कोयला लदा ट्रक निकलता है' इन ट्रकों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है' यह एक बड़ा प्रश्न खड़ा हो रहा है'

चर्चा है कि रामगढ़ जिला के मांडू,वेस्ट बोकारो,कुज्जू,रजरप्पा थाना क्षेत्र से ही रोजाना 100 ट्रक से अधिक अवैध कोयला निकाला जा रहा है. वही हजारीबाग जिला से भी रोजाना बड़े पैमाने पर कोयला का अवैध खनन और कारोबार हो रहा है' हजारीबाग जिला के बड़कागांव, उरीमारी, गिद्दी, चरही, चुरचू, विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र से कोयला का अवैध कारोबार तीन दिसंबर से चल रहा है' हजारीबाग जिला के उरीमारी, गिद्दी और चरही थाना क्षेत्र का अवैध कोयला क्षेत्र के 15 माइल स्थित फैक्ट्री में गिराया जा रहा है' वही बड़कागांव, चुरचू और विष्णुगढ़ से अवैध कोयला को बिहार और बनारस के मंडियो में भेजा जा रहा है' चर्चा की माने तो हजारीबाग जिले से भी रोजाना 50 से अधिक ट्रक अवैध कोयला निकाला जा रहा है। इस अवैध कारोबार से राज्य सरकार को प्रति दिन लाखों रुपए के राजस्व की भारी क्षति हो रही है।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**

चुरचू थाना क्षेत्र के करगी में संचालित अवैध कोयला डीपू के बारे में थाना प्रभारी पूछे जाने पर कहा कि वे एक सप्ताह से छूट्टी पर थे। इस बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जानकारी मिली है तो जांच प्रताड़ल करेंगे।

## दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर हड़ताल की चेतावनी

उज्जवल दुनिया संवाददातां

चरही। सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के केदला उत्खनन परियोजना कार्यालय में अधिकारियों के साथ मारपीट को लेकर कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया सीसीएल हजारीबाग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अधिकारियों ने बताया कि छह दिसंबर को केदला उत्खनन परियोजना पदाधिकारी के साथ मारपीट की घटना हुई थी। मारपीट करने वालों में जेएलकेएम नेता बिहारी महतो एवं अन्य 25-30 व्यक्ति शामिल थे। लाठी-डंडे से लैस इन लोगों ने कार्यालय में घुसकर अधिकारियों को मारपीट कर घायल कर दिया और फिर उन्हें बाहर ले गये। घायल अधिकारियों को पुलिस प्रशासन की देखरेख में सदर अस्पताल रामगढ़ भेजा गया, जहां उनका इलाज हुआ। कार्यालय स्थित सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकार्ड हुई है और कहीं भी किसी तरह के वार्ता का प्रमाण नहीं है। कंपनी द्वारा दोषियों पर नामजद मामला दर्ज कराया गया है। इस घटना से अधिकारियों में दहशत है। अधिकारियों ने कहा कि सूचना मिलते ही क्षेत्रीय महाप्रबंधक और सभी अधिकारी केदला खनन परियोजना पहुंचे। पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद शाम में सभी अधिकारी सुरक्षित निकल पाये। अधिकारियों के अनुसार घटना से एक दिन पूर्व पांच दिसंबर को बिहारी महतो और उनके समर्थकों द्वारा चलाये जा रहे अवैध कोयला उत्खनन को सीसीएल पदाधिकारियों ने रोक दिया था। इसमें केदला सुरक्षा विभाग, हजारीबाग क्षेत्र के सुरक्षा पदाधिकारी, घाटो थाना पुलिस टीम और वन विभाग की टीम शामिल थी। इसी के विरोध में बिहारी महतो द्वारा सुनियोजित ढंग से हमला किया गया। अधिकारियों ने कहा कि कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया सीसीएल हजारीबाग एरिया ने घटना की कड़ी निंदा की है। पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन से नामजद दोषियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की है, अन्यथा अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुशील कुमार सिंह, वरुण कुमार, अमन कुमार, एमके पांडेय, अरुण कुमार, अंजली कुमार, नितेश कुमार, कुमार गौतम रंजन, तरुण कुमार, अमित कुमार, आदर्श सहाय, राजीव रंजन कुमार, अजित कुमार, सन्नी, प्रशांत दीप, मंटू कुमार, विवेकानंद, रजनीश रंजन, दीपक कुमार, कैलाश कुमार, एनके झा, जयकांत नारायण, विकास कुमार सिंह, राकेश रंजन, अंकित कुमार, विवेक रंजन, सत्य प्रकाश, निशांत कुमार, रवि रंजन प्रभाकर, सौरभ कुमार, मनोज कुमार महतो, रमेश कुमार, नवीन कुमार सिंह, फैजल अहमद, सुनीत कुमार, आरके सिन्हा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

उज्जवल दुनिया संवाददातां



हजारीबाग। मंगलवार 09 दिसंबर 2025 को समाहरणालय सभागार, हजारीबाग में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निदेर्शानुसार प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में आधार पंजीकरण एवं अद्यतन सेवाओं की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों में आधार पंजीकरण एवं अद्यतन केंद्रों की आवश्यकता का आकलन करते हुए जिला परियोजना पदाधिकारी (वक्क्) को इन केंद्रों की उपलब्धता हर पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ह्लआम जनता की सुविधाओं से जुड़ी आधार सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।ह्वबैठक के दौरान उन्होंने आधार अपडेट में देरी,नाम सुधार,बायोमेट्रिक त्रुटि तथा आधार जारी होने में विलंब जैसी शिकायतें के संबंध में समीक्षा की। इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र एवं संतोषजनक निपटारा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षु आईएएस ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी बाल विकास परियोजना कार्यालयों में आधार किट/बाल आधार किट को सक्रिय कराते हुए 0-5 वर्ष के सभी बच्चों का आधार पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रखंड स्तर पर (सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग) द्वारा संचालित स्थायी आधार केंद्रों, पंचायत स्तर पर प्रज्ञा केंद्रों, तथा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित आधार कार्ड निर्माण की स्थिति की विस्तृत जानकारी वक्कउद्धड प्रवीण कुमार सुमन द्वारा दी गई। साथ ही, डाक विभाग के अंतर्गत संचालित पोस्ट ऑफिस एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (IPPB) के आधार केंद्रों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी,नजारत उपसमाहर्ता, शिक्षा पदाधिकारी, अधीक्षक, सहायक प्रबंधक, जिला परियोजना पदाधिकारी (UID), उरउ मैनेजर, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के मैनेजर, तथा UID क्षेत्रीय कार्यालय रांची से प्रतिनिधि श्री प्रोनोबेष दत्ता उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हेतु समीक्षात्मक बैठक

उज्जवल दुनिया संवाददातां



हजारीबाग। मंगलवार 09 दिसंबर 2025 को उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों के विद्युतीकरण, पेयजल व्यवस्था, शौचालय निर्माण तथा वर्षा जल संचयन व्यवस्था की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई।

**विद्युतीकरण कार्य की समीक्षा**

उप विकास आयुक्त ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल हजारीबाग एवं बरही को शेष 129 केन्द्रों में लंबित विद्युतीकरण कार्य की अद्यतन प्रगति शुक्रवार तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**पेयजल, शौचालय एवं वर्षा जल संचयन व्यवस्था**

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रगति की समीक्षा करते हुए 444 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल की व्यवस्था का कार्य,180 केन्द्रों में शौचालय निर्माण,400 केन्द्रों में वर्षा जल संचयन व्यवस्था संरचना की स्थापना। उप विकास आयुक्त ने कार्यपालक अभियंता को सभी लंबित कार्यों को एक पक्ष के अंदर पूर्ण कर प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग), कार्यपालक अभियंता (विद्युत प्रमंडल हजारीबाग एवं बरही), सहायक अभियंता, महिला पर्यवेक्षिकाएँ तथा समाज कल्याण विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## बरही में नशे के खिलाफ बड़ा अभियान, थाना परिसर में मुखिया के साथ हुई बैठक

उज्जवल दुनिया संवाददातां



बरही। बरही प्रखंड में बढ़ते नशे के प्रचलन के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। इसे लेकर बरही थाना परिसर में प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों के मुखिया की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने की। बैठक में नशा उन्मूलन को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने कहा कि नशा आज समाज की सबसे बड़ी बुराइयों में से एक बन चुका है, जिसका सीधा प्रभाव युवाओं पर पड़ रहा है। उन्होंने सख्त शब्दों में कहा, नशा युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है। अगर आज हम सब मिलकर इसके खिलाफ नहीं खड़े हुए, तो आने वाली पीढ़ी को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पुलिस प्रशासन नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि 14 दिसंबर को सुबह 11 बजे सभी पंचायतों के मुखिया अपने-अपने क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ बरही अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में एकत्रित होंगे। वहां से नशा के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान की विधिवत शुरूआत की जाएगी। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ सामाजिक कार्यकताओं, बुद्धिजीवियों, युवाओं और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गांव-गांव जाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## विष्णुगढ़ के चेडरा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में मिड-डे मील की लापरवाही उजागर

उज्जवल दुनिया संवाददातां



विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड के चेडरा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में बीते कई दिनों से मिड-डे मील में गड़बड़ी की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता में कमी, मात्रा में कटौती, और मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं परोसे जाने को लेकर बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही थी। शिकायतों के अनुसार, विद्यालय के बच्चों ने एक स्वर में बताया कि दाल और सब्जी में पानी की मात्रा अत्यधिक रहती है, चावल कई बार कच्चे रह जाते हैं। बच्चों ने यह भी आरोप लगाया कि दुबारा भोजन मांगने पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है, और जब भोजन कम पड़ता है तो उसमें पानी मिलाकर परोसा जाता है, जिससे खाना खाने योग्य भी नहीं रह जाता। इस विवाद को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक और एमडीएम अध्यक्षा के बीच पिछले कई दिनों से आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी था स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मांडू विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि गौतम वर्मा (वन एवं पर्यावरण विभाग), महादेव देहाती (शिक्षा विभाग) और दीपू अकेला (स्वास्थ्य विभाग) विद्यालय पहुंचे और पूरे मामले की जांच-पड़ताल की। जांच के बाद तीनों प्रतिनिधियों ने एमडीएम अध्यक्षा और रसोइया को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि बच्चों के भोजन की गुणवत्ता में तुरंत सुधार किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में पुनः किसी प्रकार की लापरवाही पाई गई, तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि मांडू विधायक से मिलकर शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में कदम उठाएंगे.

## उपायुक्त के जनता दरबार में सुनी गई आमजनों की समस्याएं, दिए त्वरित समाधान के निर्देश

उज्जवल दुनिया संवाददातां



हजारीबाग। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने आवेदन एवं शिकायतों के साथ उपस्थित हुए। उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को मामलों के त्वरित एवं संवेदनशील निपटारे का निर्देश दिया। जनता दरबार में मुख्य रूप से पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड त्रुटि सुधार, आवास, आपूर्ति व्यवस्था, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, रोजगार एवं विभिन्न योजनाओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदन निर्धारित समयसीमा में निष्पादित किए जाएं।

**मंगलवार को आए प्रमुख मामले, दिए गए निर्देश**

जमीन अधिग्रहण से जुड़ा मामला (केरेडारी): मोहन कुमार ने एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहित भूमि के बाद विस्थापन मुआवजा दिलाने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने एनटीपीसी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। भूमि विवाद एवं अतिक्रमण (डाड़ी): मनोहर साव ने पैतृक भूमि पर जबरन अतिक्रमण और दबंगई की शिकायत दर्ज कराई। उपायुक्त ने एसडीओ, को मामले की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने का आदेश दिया। कृषि में सौर ऊर्जा सुविधा (बरही): पंचम महतो ने पीएम-कुसुम योजना के तहत सोलर पंप उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस पर उपायुक्त ने कृषि विभाग को आवश्यक सहयोग करने का निर्देश दिया। रोजगार व विस्थापन से जुड़ा अनुरोध (बड़कागांव): रोशन कुमार ने गरीबी और बेरोजगारी से निजात दिलाने तथा एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहित भूमि के बाद बाहरी स्त्रोत से रोजगार की मांग की। उपायुक्त ने इस पर डीएएलओ एवं एसडीओ को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। खासमहल भूमि लीज नवीकरण (सदर प्रखंड): एक आवेदक ने खासमहल भूमि का लीज नवीकरण न होने की शिकायत की। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि 'प्रशासन का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है। सभी अधिकारी जनता की शिकायतों को प्राथमिकता पर लेकर निर्धारित समयसीमा में निष्पादित करें।'

## एक नजर

### चेपाकला स्थित सरकारी स्कूल में निशुल्क दंत जांच शिविर का हुआ आयोजन




हजारीबाग। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल द्वारा चेपाकला स्थित सरकारी स्कूल में निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दांत एवं सामान्य स्वास्थ्य का जांच व उपचार निशुल्क किया गया। विद्यालय के बच्चे सहीत अन्य कई जरूरतमंद लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। जिसमें 150 विद्यार्थियों ने निशुल्क दंत शिविर में जांच एवं उपचार करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। शिविर के आयोजन मे विद्यालय प्रबंधन टीम ने विधि- व्यवस्था एवं सहयोग में अपना सरहानीय योगदान दिया।

### दारू प्रखंड के दो युवाओं ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, दो अलग-अलग पदों पर हुआ चयन



दारू। प्रखंड क्षेत्र के दो प्रतिभाशाली युवाओं ने अपनी कड़ी मेहनत और उपलब्धियों से पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। पहली सफलता रामदेव खरिका ग्राम से मिली है, जहाँ गणेश कुमार शर्मा, पिता स्वर्गीय विनोद ठाकुर, का चयन जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर (अरड) के पद पर हुआ है। चयन की जानकारी मिलते ही परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि गणेश की मेहनत, लगन और अनुशासन क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। गणेश वर्तमान में हजारीबाग स्थित वेदिका इंस्टीट्यूट में पिछले 10 वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करा रहे थे। उन्होंने बताया कि वे विद्यार्थियों की तैयारी के साथ-साथ अपनी पढ़ाई पर भी समान ध्यान देते थे। गणेश पहले भी जेपीएससी पीटी उत्तीर्ण कर चुके हैं।

### वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

हजारीबाग। जिले में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बेहतर बनाने एवं वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चिन्हित स्वास्थ्य कर्मियों हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार यह प्रशिक्षण एमएमडीपी तथा एईएस/ जेई के संबंध में जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग द्वारा आर.एन.एन.एस. स्कूल, हजारीबाग में आयोजित किया गया।प्रशिक्षण का उद्घाटन जिला बी.सी.सी. पदाधिकारी की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के एम.पी.डब्ल्यू., ए.एन.एम., सी.एच.ओ. तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को विशेषज्ञ टीम द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को Morbidity Management & Disability Prevention (MMDP) तथा Acute Encephalitis SyNdrome/ Japanese Encephalitis (AES/JE) से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें AES/JE के लक्षण, पहचान, उपचार, रोकथाम एवं संदर्भ निवारण पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि अएर/खए से बच्चों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा समय पर जागरूकता एवं पूर्व तैयारी से रोग नियंत्रण संभव है।

### झारखंड सरकार के खिलाफ बादम के रैयतों ने मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत बादाम में मंगलवार को झारखंड सरकार के द्वारा शनिवार को कैबिनेट में लिए गए गैरमजरुवा खास व गैरमजरुवा आम भूमी को एनटीपीसी को 30 वर्षों के लिए लीज पर दिए जाने के फैसले के विरुद्ध मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। बताते चले की विगत शनिवार को कैबिनेट के द्वारा रुदी मौजा में गैरमजरूआ खास एवं बादाम कोल खनन परियोजना अंतर्गत विभिन्न गांवों को आम गैरमजरूआ भूमि को एनटीपीसी बादाम कॉल खनन परियोजना के लिए खनन के लिए 30 वर्षों की लीज पर कैबिनेट दिया गया इसके विरोध मुख्यमंत्री का पुतला दहन रैयतों द्वारा किया गया।

### बरही में स्वास्थ्य और पेयजल सेवाओं की गंभीर समस्याएं विधानसभा में उजागर

बरही। बरही अनुमंडलीय अस्पताल और चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की भारी कमी के विषय में विधायक मनोज कुमार यादव ने झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में तारांकित प्रश्न के जरिए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। दोनों अस्पताल राष्ट्रीय राजमार्ग (जीटी रोड) पर स्थित हैं और सड़क दुर्घटनाओं के कारण मरीजों का दबाव अधिक रहता है। बावजूद इसके, बरही अस्पताल में मात्र 5 और चौपारण अस्पताल में केवल 2 चिकित्सक कार्यरत हैं। सरकार ने स्वीकारा अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी सरकार ने सदन में इस कमी को स्वीकार करते हुए बताया कि चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए कार्रवाई प्रगति पर है।

### 32 लाख की नौकरी छोड़ सिविल सेवा का सपना



बरही। कहते हैं कि सच्ची लगन, कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के सामने कोई भी बाधा टिक नहीं पाती। इस कहावत को सच कर दिखाया है बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के जरहिया गांव की बेटी आस्था शरण ने। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा में 354वीं रैंक हासिल कर उन्होंने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यूपीएससी में सफलता के बाद आस्था शरण को झारखंड कैडर आवंटित किया गया है, जिससे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। आईआईटी बीएचयू से इंजीनियरिंग करने के बाद आस्था का चयन गोल्डमैन सैक्स कंपनी में कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से हुआ था, जहां उन्हें करीब 32 लाख रुपये वार्षिक पैकेज की नौकरी मिली। आस्था ने लगभग डेढ़ वर्ष तक इस प्रतिष्ठित कंपनी में कार्य किया, लेकिन मन में सिविल सेवा के जरिये देश और समाज की सेवा का सपना पल रहा था। वर्ष 2022 में उन्होंने यह मोटी तनख्वाह वाली नौकरी छोड़कर पूरी तरह यूपीएससी की तैयारी में खुद को झोंक दिया।

### जेएसएससी सीजीएल में बरही के सात सितारे चमके, पूरे प्रखंड का नाम किया रोशन



बरही। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही बरही प्रखंड के लिए यह खबर किसी खुशखबरी से कम नहीं रही। प्रखंड के सात होनहार युवाओं के चयन से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। गाँव-मोहल्लों में बधाइयों का दौर शुरू हो गया है, वहीं परिजन और शुभचिंतक मिठाइयाँ बाँटकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं। बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के श्रीनगर निवासी सत्यम यादव पिता ईश्वर यादव का चयन एएसओ के पद पर हुआ है। उल्लेखनीय है कि सत्यम यादव इससे पूर्व बरही अंचल में ग्रामीण पुलिस चौकीदार के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे थे।

# बीएसएल ने पहली बार चेकर प्लेट रोलिंग कर रचा इतिहास

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बोकारो : बोकारो स्टील प्लांट ने पहली बार सफलतापूर्वक चेकर प्लेट रोलिंग कर उत्पादन क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। यह सफलता न केवल बीएसएल की उच्च तकनीकी दक्षता को प्रमाणित करती है, बल्कि उत्पाद विविधीकरण एवं बाजार विस्तार की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रायोगिक चरण में 1,250 मिमी से 1,500 मिमी चौड़ाई तथा 5 से 6 मिमी मोटाई के कुल 12 कॉयल्स का उत्पादन किया गया। संपूर्ण प्रक्रिया को बीएसएल की कुशल तकनीकी टीम ने आंतरिक संसाधनों के माध्यम से अपने माइक्रो प्लानिंग, उपयुक्त मशीन सेट-अप और सतत निगरानी के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया। गौरतलब है कि देश में चेकर प्लेट की वार्षिक मांग लगभग 3,60,000 टन आँकी गई है। बीएसएल में चेकर प्लेट के वाणिज्यिक उत्पादन आरंभ होने के साथ, नियमित एचआर कॉयल उत्पादन के अतिरिक्त प्रतिमाह लगभग 30,000 टन की वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही, एचआर कॉयल की तुलना में प्रति टन लगभग 1,500 रूपए अधिक नेट सेल्स रियलाइजेशन (ठरफ) प्राप्त होने से बीएसएल के वित्तीय प्रदर्शन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी सुनिश्चित होगी. बीएसएल में वाणिज्यिक उत्पादन को गति प्रदान करने हेतु एडामाइट रोल्स की खरीद, L1 एवं L2 ऑटोमेशन सिस्टम्स का उन्नयन तथा आवश्यक आईएसओ प्रमाणन सहित तकनीकी आधुनिकीकरण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है, जिसके जनवरी 2026 तक पूर्ण होने की संभावना है. उल्लेखनीय है कि पूर्व में चेकर प्लेट उत्पादन सेल के राउरकेला स्टील प्लांट में किया जाता था, जबकि वर्तमान में बीएसएल, सेल के अंतर्गत इस उत्पाद की तकनीकी एवं वाणिज्यिक संभावनाओं को सफलतापूर्वक प्रदर्शित करने वाला एकमात्र प्लांट बनकर उभरा है. यह उपलब्धि अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन) श्री अनूप कुमार दत्त तथा मुख्य महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) श्री पी. के. वर्मा के नेतृत्व में संभव हो सकी है. शीर्ष प्रबंधन ने पूरी टीम के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना करते हुए टीम भावना, नवाचार तथा कार्य के प्रति समर्पण के लिए सभी को बधाई दी.

## निचितपुर-मतारी रेल लाइन के समीप झाड़ी में मिला कोड़ाडीह के युवक का शव

उज्जवल दुनिया संवाददाता



कतरास : मंगलवार सुबह तकरीबन 8:00 बजे श्यामडीह गोपालपुर मुस्लिम बस्ती मजार के समीप धनबाद-गोमोह रेलवे लाइन के समीप पोल संख्या 286/28F और 286/30F के बीच एक युवक का शव पड़ा मिला। शव मिलने से कुछ ही देर में पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। रेल लाइन पर कार्यरत मजदूरों के द्वारा घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी एवं कतरास थाना की पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। लाश के पास किसी प्रकार का पहचान पत्र नहीं मिलने से शुरूआती जांच में पुलिस को दिक्कतें आईं। स्थानीय ग्रामीण भी शव की पहचान नहीं कर पा रहे थे। इसी बीच सब्जी बेचने वाली एक महिला ने लाश देखकर इसकी जानकारी बगल के गांव के लोगों को दी। मौके पर पहुंचे दो युवकों ने शव की पहचान कोड़ाडीह निवासी रितेश रजवार (26) के रूप में की। मृतक के पिता का नाम हुबलाल रजवार है। मृतक के फुफेरा भाई कैलाश रजवार ने बताया कि रितेश दैनिक मजदूरी के साथ साथ पढ़ाई भी करता था। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करता था। वह पांच भाइयों में सबसे छोटा था। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव देखते ही बिलख बिलख कर रोने लगे। मृतक के रिश्तेदार कैलाश रजवार ने बताया कि रितेश रोज निचितपुर स्टेशन से ट्रेन पकड़कर मजदूरी के लिए जाता था।

## बीएसएल के सीजीएम, विभागाध्यक्ष, डीएसओ एवं लाइन मैनेजर्स के लिए सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बोकारो : बोकारो स्टील के एचआरझ्रएलएंडडी विभाग में सीजीएम, विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंटल सेफ्टी ऑफिसर (डीएसओ) तथा लाइन मैनेजर्स के लिए सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति संगठनात्मक प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना, नेतृत्व स्तर पर जागरूकता बढ़ाना तथा सभी परिचालन इकाइयों में सक्रिय सुरक्षा प्रबंधन को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन तथा अधिशासी निदेशक (परिचालन) अनुप कुमार दत्त द्वारा किया गया। अपने संबोधन में दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने मजबूत सुरक्षा संस्कृति के निर्माण, परिचालन अनुशासन को बनाए रखने तथा सुरक्षित कार्य प्रणाली के लिए उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने में वरिष्ठ नेतृत्व की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है और इसे निर्णय लेने की प्रत्येक प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। सत्र की शुरूआत सुश्री नीता बा, सीजीएम (एचआरझ्रएलएंडडी) के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने सुरक्षा प्रक्रियाओं पर निरंतर जागरूकता, क्षमता निर्माण तथा सर्वोत्तम प्रथाओं के पालन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिभागियों से सक्रिय रूप से चर्चा में शामिल होने और अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने हेतु इस कार्यशाला का लाभ उठाने की अपील की। कार्यशाला में जोखिम पहचान, जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियाँ, लाइन प्रबंधन की जिम्मेदारियाँ, अनुपालन आवश्यकताएँ तथा निवारक सुरक्षा उपायों को अपनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। संवादात्मक चचाओं, संरचित प्रस्तुतियों और गतिविधियो के माध्यम से प्रतिभागियों को नेतृत्व आधारित सुरक्षा हस्तक्षेप और अपेक्षाओं पर गहन समझ प्राप्त हुई। इस कार्यक्रम का समन्वय अमित आनंद, एजीएम (एचआर-एलएंडडी) जे. एन. यादव, मैनेजर (एचआर-एलएंडडी); तथा एस. के. डी. भौमिक, जेएम (एचआर-एलएंडडी) द्वारा किया गया.

## सांसद ढूलू महतो के प्रयास से सड़क हादसे के मृतको के परिजनों को दिलाया 21 लाख मुआवजा

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बोकारो : ओएनजीसी के अंतर्गत कार्यरत सब-कॉन्ट्रैक्टर कंपनी लक्ष्य पावर टेक कंपनी लिमिटेड की हायर्ड गाड़ी संख्या जेएच10 बीजी 5887 से 08 दिसंबर 2025 को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पर्वतपुर सिंह टोला के निवासी स्व. कैलाश सिंह और उनके पुत्र स्व. कृष्णा सिंह की मौत हो गई। जिसकी सुचना मृतक के परिजनों ने फोन के माध्यम से धनबाद सांसद ढुल्लू महतो को दीं। धनबाद के लोकप्रिय सांसद ढुलू महतो ने दिल्ली सांसद सत्र में होने के बावजूद मामले को गंभीरता से लेते हुए ओएनजीसी प्रबंधन और गुजरात के सांसद के माध्यम से संबंधित गुजरात की कंपनी से सीधे फोन पर लंबी त्रिपक्षीय बातचीत की। लगभग 12 घंटे की वार्ता के बाद मृतक परिवार को 21 लाख रुपये का मुआवजा,आश्रित को अस्थायी नियोजन एवं वाहन से जुड़े इंश्योरेंस क्लेम की राशि भी परिवार को दिलाने पर सहमति बनी है। जानकारी के अनुसार जिस हाईवा वाहन से दुर्घटना हुई वो गुजरात की कम्पनी के अंतर्गत संचालित थी। इस समाधान में ओएनजीसी प्रबंधन, लक्ष्य पावर टेक कंपनी, और अंचल अधिकारी (चंदनकियारी) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही सांसद प्रतिनिधि अरविंद राय सहित कई भाजपा नेता तथा पर्वतपुर के ग्रामीणों का भी सहयोग रहा। सांसद महोदय ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ₹न्याय और अधिकार की लड़ाई में हम सदैव पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं.

## सांसद ढुलू महतो विस्थापितों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध : सांसद प्रतिनिधि अमर स्वर्णकार

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बोकारो : धनबाद सांसद ढुलू महतो लगातार विस्थापितों की समस्याओं के समाधान को लेकर सक्रिय हैं। जिस कारण उनकी बढ़ती लोकप्रिय लोकप्रियता को देखते हुए विरोधी लोग विस्थापितों में फूट डालने का काम कर रहे हैं। उपरोक्त कहना है सांसद प्रतिनिधि अमर स्वर्णकार का। वे मंगलवार को चास पुराना बाजार स्थित कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने ने कहा कि विस्थापित गांवों को पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए सांसद ने संसद में मुद्दा उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ कांग्रेसी नेता निजी स्वार्थ के लिए विस्थापित भाइयों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। अमर स्वर्णकार ने कहा कि सांसद ढुलू महतो के विकासात्मक कार्यों से विपक्ष घबरा गया है। विस्थापित आंदोलन के नाम पर राजनीति और दुकानदारी करने वालों की अब जमीन खिसक रही है, इसलिए वे मुद्दों को भ्रमित कर रहे हैं। सांसद प्रतिनिधि सह चास प्रखंड उपप्रमुख मोहन कुमार चक्रवर्ती ने कहा कि ढुलू महतो के सांसद बनने के बाद से जनहित में लगातार कार्य हो रहे हैं, जबकि कुछ दलाल प्रवृति के लोग सांसद की छवि धूमिल करने की साजिश में लगे रहते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में विस्थापितों की सभी समस्याओं का समाधान होगा और सभी विस्थापितों से एकजुट रहने की अपील की। वहीं सांसद प्रतिनिधि विनेश नायक, मोहन गोराई, अरविंद दुबे सहित अन्य नेताओं ने कहा कि ढुलू महतो ही ऐसे नेता हैं जो बीएसएल की गलत नीतियों के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाते हैं। पहले बीएसएल में किसी दुर्घटना के बाद मुआवजा और नियोजन के लिए लंबा आंदोलन करना पड़ता था.

## सदर अस्पताल की दंत चिकित्सक डॉक्टर तूलिका के द्वारा काला पत्थर निवासी महिला का जबड़ा सही स्थान पर लाकर सफल उपचार किया



बोकारो : सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन में सदर अस्पताल बोकारो के दंत चिकित्सक डॉक्टर तूलिका सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा 64 वर्षीय बुजुर्ग महिला जो कि चास प्रखंड की कालापत्थर ग्राम पंचायत की रहने वाली थी, जिसका कल शाम को सोकर उठने के पश्चात जमाई लेने के दौरान दोनों जबड़ा अपनी जगह से हट गया। इसके उपचार हेतु आज सुबह सदर अस्पताल में लाया गया था, जिसे सदर अस्पताल की दंत चिकित्सक डॉक्टर तूलिका के द्वारा उक्त महिला का जबड़ा सही स्थान पर लाकर सफल उपचार किया गया। दंत चिकित्सक डॉक्टर तूलिका द्वारा बताया गया कि टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट): यह वह जोड़ (जॉइंट) है जो निचले जबड़े (मैंडिबल) को खोपड़ी से जोड़ता है। यह कान के ठीक सामने होता है। यह समस्या तब आता है जब व्यक्ति के निचले जबड़े के दोनों जोड़ अपनी सामान्य स्थिति से हट जाते हैं, जिससे मुंह खुला रह सकता है और व्यक्ति उसे बंद नहीं कर पाता है। इस तरह की समस्याओं का इलाज बोकारो सदर अस्पताल में उपलब्ध है समय रहते व्यक्ति दंत चिकित्सक से संपर्क करें और अपना इलाज कर सकते हैं। उपचार के दौरान दंत चिकित्सक डॉक्टर तूलिका सिंह असिस्टेंट संजय कुमार विक्की एवं मोती कुमारी उपस्थित थे.

# भारत को अपनी विकास राह खुद तय करनी होगी: गौतम अडाणी

उज्जवल दुनिया संवाददाता




धनबादः आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के शताब्दी समारोह के मौके पर अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने अपने भाषण में संस्थान के छात्रों से कहा कि आज जब वैश्विक गठबंधन टूट रहे हैं और देश अपने हितों को सर्वोपरि मान रहे हैं, ऐसे समय में भारत को अपनी विकास की राह खुद तय करनी होगी। उन्होंने कहा, 'भारत की संप्रभुता अब दो स्तंभों पर निर्भर करती है–हमारे पैरों के नीचे की संपदा और वह ऊर्जा जो विकास को गति देती है।'

'नैरेटिव कॉलोनाइजेशन' से सतर्क रहने की जरूरत अपने भाषण में गौतम अदाणी ने चेताया कि 'नैरेटिव कॉलोनाइजेशन' से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'जिन देशों ने ऐतिहासिक रूप से सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन किया है, वे अब भारत को यह बताना चाहते हैं कि उसे कैसे विकसित होना चाहिए, जबकि भारत की प्रति व्यक्ति उत्सर्जन दर दुनिया में सबसे कम है।' उन्होंने देश को दूरसे स्वतंत्रता संग्राम के लिए तैयार रहने की बात कही। उन्होंने कहा, 'भारत को बाहरी दबावों के आगे नहीं झुकना चाहिए, जो हमारे सपनों को अवैध ठहराते हैं। यह समय भारत के लिए आर्थिक और संसाधन स्वतंत्रता का 'दूसरा स्वतंत्रता संग्राम' है।' उन्होंने कहा, 'लोग खनन को पुरानी अर्थव्यवस्था कह सकते हैं। लेकिन इसके बिना, कोई नई अर्थव्यवस्था नहीं है।'

आईआईटी (आईएसएम) धनबाद की ऐतिहासिक भूमिका गौतम अदाणी ने इस मौके पर आईएसएम धनबाद के स्वर्णिम इतिहास को भी सराहा। उन्होंने कहा, 'आईआईटी (आईएसएम) धनबाद की स्थापना देश की दूरदृष्टि का परिणाम थी। ब्रिटिश शासन के दौरान भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इस संस्थान की स्थापना की सिफारिश की थी, ताकि भारत खनन और भूविज्ञान में अपनी क्षमताएं विकसित कर सके।₹ अदाणी ग्रुप की ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि ग्रुप ने ऑस्ट्रेलिया के कारमाइकल प्रोजेक्ट को कई चुनौतियों के बावजूद सफलतापूर्वक संचालित किया और गुजरात के खावड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क विकसित किया।

**गौतम अदाणी ने दिया छात्रों को तोहफा**

इस मौके पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में नया 'अदाणी 3र माइनिंग एक्सीलेंस सेंटर' शुरू करने की घोषणा की। यह माइनिंग एक्सिलेंस सेंटर ळएद्रठ के साथ साझेदारी में विकसित किया जाएगा, जिसमें मेटावर्स लैब, ड्रोन बेड़े, भूकंपीय सेंसिंग सिस्टम और सटीक खनन प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। इसके गौतम अदाणी ने छात्रों के लिए पेड इंटर्नशिप प्रोग्राम की घोषणा भी की। इसके तहत हर साल तीसरे वर्ष के 50 छात्रों को पेड इंटर्नशिप प्रदान की जाएंगी। इसके बाद, इनमें से कम से कम 25% छात्रों को अदाणी समूह के लिए रोजगार-पूर्व प्रस्ताव प्राप्त मिलेंगे।

## एक नजर

### डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारत समता पुरस्कार से सम्मानित किए गए सहदेव महतो



कतरास : मंगलवार को संकल्प एजुकेशन के निदेशक सह जय धरती मां फाउंडेशन के जिला सचिव सहदेव महतो को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारत समता पुरस्कार 2025 से पुरस्कृत किया गया है। यह सम्मान इंडियन कांस्टीट्यूशनल इक्वलिटी फाउंडेशन, दिल्ली के द्वारा इनके सामाजिक सद्भावना के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए दिया गया । ज्ञात हो की सहदेव महतो विगत 18 वर्षों से सामाजिक सेवा के क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए, समाज में समानता के लिए तथा सामाजिक कुरीतियों को जैसे दहेज प्रथा, नशा उन्मूलन एवं अशिक्षा को दूर करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं । इस सम्मान पर हर्षित होकर जय धरती मां फाउंडेशन के संस्थापक रवि कुमार निषाद, सह संस्थापक रंजीत कुमार, कार्यक्रम प्रभारी शमशेर अली, जनजातीय कल्याण पदाधिकारी सुधीर हेंब्रम, विनोद ज्ञान ज्योति सेवा ट्रस्ट के संयोजक शंकर किशोर महतो ,स्वर्गीय सर्वेश्वर महतो जनजातीय कल्याण परिषद के सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, संकल्प एजुकेशन के प्रबंध निदेशक मनोरमा देवी ,नमन विद्या के निदेशक कृष्णानंद पांडे ,वियर्ट लाइफ के निदेशक रविंद्र विश्वकर्मा, महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर शैलेंद्र कुमार, राजगंज डिग्री कॉलेज के प्राध्यापक परमेश्वर कुमार महतो, विनोद बिहारी महतो महाविद्यालय बलियापुर के सचिव राहुल कुमार महतो, अचीवर क्लासेस के निदेशक संजय कुमार गुप्ता, दीपक कुमार साव, अधिवक्ता बैजनाथ केवट, ओंकार प्रसाद, संतोष कुमार साहू आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पुरस्कार प्राप्ति के बाद संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और उसे हर क्षण सामाजिक क्रियाओ में लगे रहना चाहिए। इस तरह के पुरस्कार एव सम्मान इन समाजसेवियों के लिए ऑक्सीजन का काम करती है। जहां तक संभव हो, जिस व्यक्ति का समाजीकरण हो जाए उसे समाज को हमेशा सम्मान देना चाहिए जिससे उसके कार्य करने की गति और क्षमता में वृद्धि हो सके।

### सरकारी भवनों से थाने तक होल्डिंग टैक्स बकाया:राजेश कु0 मिश्रा



एग्यारकुंड(बिजय सिंह)। राष्ट्रीय जनता कामगार संघ मुगमा क्षेत्र के अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने चिरकुंडा नगर परिषद कार्यपालक अधिकारी प्रियंका कुमारी से मंगलवार को मिलकर दो महा पूर्व में दिए गए पत्र पर वार्ता किया। वार्ता के क्रम में राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत कई सरकारी भवन और चिरकुंडा थाना द्वारा अभी तक होल्डिंग टैक्स नहीं भरा गया है, जिसकी निंदा करते हुए राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि नगर परिषद सिर्फ आम जनता और गरीबों को होल्डिंग टैक्स के नाम पर दबाने, सताने और डराने का काम करती है वही जितने भी आंगनबाड़ी,मिडिल स्कूल,हाई स्कूल, कॉलेज और प्राइवेट स्कूल, बिजली ऑफिस, डीआरडी ऑफिस, पोस्ट ऑफिस (डाकघर), स्वास्थ्य केंद्र (सरकारी और प्राइवेट), ईसीएल, बीसीसीएल, पीएचडी विभाग, श्रम विभाग, सभी बैंक, चिरकुंडा थाना और साथ ही छोटे बड़े जितनी भी फैक्ट्रियां हैं इसके अलावे जितने भी चिरकुंडा नगर परिषद अंदर अंतर्गत प्राइवेट और सरकारी गोदाम है उसके अलावा पार्किंग है, माडा विभाग है, एक्सचेंज ऑफिस है उन सभी से करोड़ों रुपए का होल्डिंग टैक्स प्रतिवर्ष नहीं वसूला जाता है, करीबन 11 सालों से अधिकांश लोगों द्वारा अभी तक होल्डिंग टैक्स नहीं दिया गया है। पूर्व का चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष सहित चिरकुंडा नगर बोर्ड कभी भी इन सभी लोगों के साथ शक्ति से होल्डिंग टैक्स वसूलने का काम नहीं किया गया परंतु वही आम जनता जो रोजमर्रा की जिंदगी जी रहे हैं उनसे होल्डिंग टैक्स के नाम पर वसूली आज तक किया जा रहा है । नंदलाल स्कूल के साथ-साथ नंदलाल का गर्ल्स हॉस्टल और नटराज फैक्ट्री जैसी हस्तियां भी होल्डिंग टैक्स आज तक नहीं दी है। चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत करीबन 50 प्राइवेट और सरकारी स्कूल चल रही है उसके अलावा करीबन 35 छोटे बड़े उद्योग चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत चल रहे हैं प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का नुकसान इन लोगों के द्वारा नगर परिषद के राजस्व में हो रहा है ईसीएल, बीसीसीएल के साथ साथ चिरकुंडा थाना ने आज तक होल्डिंग टैक्स नहीं जमा किया है।

### दुपहिया एवं साइकिल सवार की आमने-सामने से हुई भिड़ंत में एक चोटिल एवं दूसरे की हुई मौत



टुण्डी : पूर्वी टुण्डी थाना क्षेत्र के गोविन्दपुर - साहिबगंज के मुख्य मार्ग पेट्रोल पम्प से कुछ ही दूरी पर संध्या बेला भुतगड़िया के समक्ष अत्यधिक गतिसीमा होने के कारण दुपहिया मोटरसाइकिल और साइकिल सवार की आपस में सीधी तौर पर आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में दोनों चोटिल हो गए। किसी ने थाना को सूचित किया पूर्वी टुंडी थाना की पुलिस दुर्घटना स्थल पर पहुँची तथा स्थानीय लोगों की सहयोग से घायलों को शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल धनबाद भेजा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जामताड़ा जिला के नारायणपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सलगाडीह निवासी दिनेश कुमार साव दुपहिया वाहन संख्याः- जेएच 10 बी 1657 से गोविन्दपुर की ओर से अपने पैतृक आवास सलगाडीह आ रहे थे तथा विपरीत दिशा से लटानी गांव निवासी अरबाज शेख साइकिल से आपस अपने आवास आ रहे थे। परन्तु मुख्य मार्गो में जहां-जहां बिजली के खम्भे तो अवश्य देखने को मिल जाते हैं किन्तु बत्ती नहीं और यदि संयोग से बत्ती होती हैं तों करेंट / बिजली लापता होने के कारण अंधेरा पांव पसारे रहता हैं, नतिजा अंधेरा होने के कारण लटानी-शंकरडीह के मध्य भूतगड़िया नामक स्थल के समक्ष दोनों वाहनों में आमने-सामने से सीधी तौर पर भिड़ंत हो गई । जिससे साइकिल सवार अरबाज शेख को अत्यधिक चोटें आई, जबकि दुपहिया सवार भी गिरने से चोटिल हो गये। पूर्वी टुंडी थाना के अवर निरीक्षक जगदीश टोप्पो दल-बल के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को आनन-फानन में धनबाद अस्पताल भेजा । विलम्ब से रात्रि में मिली जानकारी के अनुसार साइकिल सवार अरबाज शेख की अत्यधिक चोट लगने के फलस्वरूप उसकी स्वास्थ्योपचार के क्रम में मृत्यु हो गई पुलिस ने दुपहिया वाहन को अधिग्रहण कर थाना परिसर ले आई हैं तथा दुर्घटना की मुख्य कारण की जांच की जा रही है।

### रुकुल के 30 बच्चों को मिले ठंडा से बचने के लिए गर्म कपड़े व स्वेटर

एग्यारकुंड(बिजय सिंह)।निरसा स्थित दयानंद गुरुकुल के लगभग 30 जरूरतमंद बच्चों के बीच डीएवी स्कूल बरही हजारीबाग के सौजन्य से गुरुकुल के अध्यक्ष हरहर आर्य के द्वारा ठंडा को देखते हुए गर्म कपड़े और स्वेटर वितरित किये। बढ़ती ठंड को देखते हुए बच्चों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से यह पहल की गई।गुरुकुल परिवार ने डीएवी स्कूल बरही, हजारीबाग सहित सभी सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।वितरण कार्यक्रम में हरहर आर्य, सचिव डॉ. यशवंत सिंह,अशोक कुमार घाटी,मनु सिंह, प्रभु सिंह,उमेश गोस्वामी ने सक्रिय भूमिका निभाई और बच्चों को गर्म कपड़े इन लोगों के हाथों दिया गया।

# साइबर अपराधी गिरफ्तार, शादी का झांसा देकर करता था ब्लैकमेल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले की जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने एक शातिर साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर एक युवती को ब्लैकमेलिंग और मानसिक प्रताड़ना से राहत दिलाई है। मामला तब सामने आया जब पीड़िता ने लिखित शिकायत कर आरोप लगाया कि बिहार के औरंगाबाद निवासी मो. शमसेर अली उर्फ मो. शमशेर आलम (39) ने शादी का झांसा देकर उससे दोस्ती की, फिर आपत्तिजनक तस्वीरों के आधार पर पैसे की मांग करता रहा।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) राफएल मुर्मू ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई थी। आरोपित ने शादी का वादा कर युवती का भरोसा जीता, लेकिन वर्ष 2023 में दहेज न मिलने की बात कहकर शादी से मुकर गया। बाद में उसके भाई निसार अली ने उसकी शादी बिहार की एक अन्य युवती से करा दी। इसके बावजूद आरोपित पीड़िता से संपर्क में बना रहा और इसी दौरान उसने उसका आपत्तिजनक कंटेंट तैयार कर लिया। बाद में आरोपी ने इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया और उन्हें हटाने के नाम पर पीड़िता और उसके परिवार से 5 लाख रुपये की मांग करने लगा। पैसे नहीं देने पर तस्वीरों को और अधिक प्लेटफॉर्म पर फैलाने की धमकी देता रहा, जिससे पीड़िता मानसिक रूप से परेशान हो गई।

पीड़िता की शिकायत पर जगन्नाथपुर थाना में कांड संख्या 73/25 के तहत मो. शमसेर अली और उसके भाई निसार अली के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 77/308(2)/3(5) तथा आईटी एक्ट की धारा 66(ई), 67 और 67(ए) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष छापेमारी दल ने तकनीकी टीम की सहायता से कार्रवाई करते हुए आरोपित को औरंगाबाद जिले के कासमा थाना क्षेत्र स्थित बटूरी गांव से 8 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपित के पास से एक स्मार्टफोन बरामद किया गया, जिसमें पीड़िता के आपत्तिजनक फोटो मिले। पुलिस ने फोन एवं डिजिटल साक्ष्य को विधिवत जब्त कर सील कर लिया है।

जगन्नाथपुर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है, जिसने साइबर ब्लैकमेलिंग के गंभीर मामले में पीड़िता को न्याय का भरोसा दिलाया है।

## चाईबासा सीआरपीएफ कैंप में परेड के दौरान जवान की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 197 बटालियन कैंप में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना घटी। नियमित परेड के दौरान एक जवान की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। मृतक जवान की पहचान 46 वर्षीय गोपालजी सिंह के रूप में हुई है। साथी जवानों के अनुसार अचानक सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत के बाद उन्हें तुरंत चाईबासा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। गोपालजी सिंह उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के बेलघाट थाना क्षेत्र के सिसवा बाबू गांव के निवासी थे। कुछ दिनों की छुट्टी काटने के बाद वह रविवार को ही ड्यूटी पर लौटे थे।इसी छुट्टी के दौरान उन्होंने अपने बेटे को दिल्ली स्थित आईटीबीपी (इंडो-तिब्बत सीमा पुलिस) में सब-इंस्पेक्टर पद पर ज्वाइन भी कराया था। सोमवार से उन्होंने पुनः अपनी ड्यूटी शुरू की थी। अचानक हुई इस घटना से पूरे कैंप में शोक की लहर है। अधिकारियों और सहकर्मियों ने गोपालजी सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है तथा उनके परिवार को सभी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

## सहायक गोदाम प्रबंधकों का छह प्रखण्डों में स्थानांतरण

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला में मंगलवार को सहायक गोदाम प्रबंधकों के कार्यकाल तीन वर्ष से अधिक होने पर जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त ने बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया है। जिले के पन्द्रह प्रखण्डों में कार्यरत छह सहायक गोदाम प्रबंधकों को स्थानांतरित करते हुए नए जनसेवकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। यह आदेश जिला आपूर्ति शाखा की ओर से जारी किया गया है। जारी निर्देश के अनुसार बंदगांव, सोनुवा-गुदड़ी, मनोहरपुर, खूंटपानी, कुमारडुंगी और नोवामुण्डी के झारखंड राज्य खाद्य निगम गोदामों में नए जनसेवकों को सहायक गोदाम प्रबंधक के रूप में पदस्थापित किया गया है। बताया गया कि वर्तमान पदस्थ कर्मी यहां पाँच से सात वर्षों की सेवा अवधि पूरी कर चुके थे। इसी दौरान जिले में दिसम्बर 2025 माह का राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत खाद्यान्न वितरण कार्य जारी है।

## एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव 2025 में सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या को राष्ट्रीय सम्मान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रांची।** कोलकाता में आयोजित एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव 2025 में सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची की प्राचार्या मनीषा शर्मा को उत्कृष्ट नेतृत्व और शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित सुभाष चंद्र बोस राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन शिक्षकों को प्रदान किया जाता है, जो शैक्षिक नवाचार, कुशल नेतृत्व और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में विशेष योगदान देते हैं। श्रीमती शर्मा ने हमेशा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी, संवेदनशील और भविष्य उन्मुख शिक्षण वातावरण तैयार करने का प्रयास किया है, जिसके परिणामस्वरूप यह गौरव प्राप्त हुआ।

सम्मान प्राप्त करते हुए श्रीमती मनीषा शर्मा ने कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने इस उपलब्धि को अपने विद्यार्थियों, शिक्षकों और पूरे सरला बिरला पब्लिक स्कूल परिवार को समर्पित करते हुए कहा कि सभी के सहयोग, विश्वास और समर्पण के बिना यह संभव नहीं था। उन्होंने आगे कहा कि यह सम्मान उन्हें विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए और अधिक लगन और ऊर्जा के साथ काम करने के लिए उत्साहित करेगा।

इस कॉन्क्लेव में देशभर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों ने भाग लिया और भारतीय शिक्षा के विकास में प्रभावी नेतृत्व की भूमिका पर विचार-विमर्श किया। सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने प्राचार्या की इस उपलब्धि को विद्यालय की निरंतर प्रगति और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई दी।

## प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** आजादनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य नाबालिग निरूद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपित के पास से 27 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद की है, इसके बाद दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आजादनगर थाने की पुलिस ने पटमदा डीएसपी के सहयोग से यह कार्रवाई की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आजादनगर इलाके के मुर्दा मैदान के पास प्रतिबंधित कफ सिरप की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पटमदा डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मुर्दा मैदान के पास से एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 27 बोतल, लगभग 2700 मिलीलीटर प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपित का नाम आजादनगर चेपापुल निवासी इमरान खान उर्फ विक्की (25) है। मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए पटमदा डीएसपी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध धंधे में शामिल लोगों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## ट्रैकमैनों की सतर्कता से टला बड़ा रेल हादसा, डीआरएम ने किया सम्मानित



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** राजखरसावां-महली मरुप रेलखंड पर शुक्रवार देर रात ठंडे मौसम की गश्त के दौरान रेलवे ट्रैकमैनों की सतर्कता से एक बड़ा रेल हादसा होते-होते बच गया। समय रहते पटरी में आई तकनीकी खामी को पहचान कर उन्होंने न सिर्फ रेल ट्रैक को सुरक्षित किया, बल्कि मौके पर पहुंच रही मालगाड़ी को भी दुर्घटनास्थल से पहले रोक दिया, जिससे एक संभावित गंभीर हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार 05 दिसंबर की रात बीट किलोमीटर 287.000 से 291.000 के बीच ठंड के मौसम की पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात ट्रैकमैन बन बिहारी महतो (टीएम-IV) एवं हरियल हेम्ब्रम (टीएम-IV) ने रात करीब 02:10 बजे किलोमीटर 289/12-14 के बीच डाउन लाइन पर रेल पटरी में वेल्ड फेल्योर यानी जोड़ में टूट का पता लगाया। खतरे की गंभीरता को समझते हुए दोनों कर्मचारियों ने बिना देर किए निर्धारित सुरक्षा प्रक्रिया के तहत ट्रैक को संरक्षित किया और उसी समय आ रही एक मालगाड़ी को सुरक्षित दूरी पर रोक दिया। ट्रैकमैनों की इस त्वरित और जिम्मेदार कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया और रेल परिचालन को गंभीर नुकसान से बचाया जा सका। उनके इस साहसिक और कर्तव्यनिष्ठ कार्य को देखते हुए दक्षिण-पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल रेल प्रबंधक तरुण हुरिया ने डीआरएम कार्यालय में दोनों ट्रैकमैनों को मंगलवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीआरएम ने उनकी अनुकरणीय सतर्कता, जिम्मेदारी और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कर्मचारियों की वजह से ही रेल यातायात सुरक्षित बना रहता है। उल्लेखनीय है कि ठंड के मौसम में रेल पटरियों में दरार या टूट-फूट की संभावना बढ़ जाती है, ऐसे में नियमित गश्त और पैनी निगरानी बेहद आवश्यक होती है। बन बिहारी महतो और हरियल हेम्ब्रम ने अपनी सजगता से यह साबित कर दिया कि ट्रैकमैन रेलवे सुरक्षा की सबसे मजबूत कड़ी हैं।

## ब्राउन शुगर के साथ सप्लायर गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम।** जिला में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पोटका थाना पुलिस ने मंगलवार को इलाके में सक्रिय ब्राउन शुगर सप्लायर देवल मंडल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से पुलिस ने 15 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया है, जिसका कुल वजन करीब 2.35 ग्राम बताया गया है। पुलिस के अनुसार देवल मंडल लंबे समय से हाता, हल्दीपोखर, रसूनचोपा, कलिकापुर सहित आसपास के क्षेत्रों में ब्राउन शुगर की आपूर्ति कर रहा था। लगातार मिल रही गुप्त सूचनाओं के आधार पर पोटका पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया और उसे धर दबोचा। पूछताछ में नशीले पदार्थों के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। पोटका थाना प्रभारी मनोज कुमार मुर्मू ने बताया कि क्षेत्र को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस लगातार सख्त अभियान चला रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित को अदालत में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## पत्नी की हत्या के मामले का पुलिस ने किया खुलासा, पति गिरफ्तार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी थाना क्षेत्र में मिली महिला के शव के मामले में पुलिस ने हत्या का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मृतका के पति संजय शर्मा (45) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल की गई साड़ी की जली हुई राख को भी बरामद किया है, जिसे सबूत मिटाने के उद्देश्य से जलाया गया था।

मुसाबनी थाना परिसर में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि 8 दिसंबर को बेनाशोल क्षेत्र के झाड़ियों में एक महिला का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। मौके पर पहुंचकर की गई जांच में शव की पहचान स्थानीय हरिजन बस्ती की निवासी निशा शर्मा के रूप में की गई। मृतका की शादी लगभग सात वर्ष पूर्व संजय शर्मा से हुई थी और उनके दो बच्चे हैं।

पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि घटना के दिन पति-पत्नी के बीच खाना बनाने को लेकर विवाद हुआ था। गुस्से में आरोपित संजय शर्मा ने पत्नी की साड़ी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को झाड़ियों में फेंक दिया और साड़ी को जला दिया, ताकि कोई सबूत न बचे। थाना प्रभारी ने बताया कि तकनीकी विश्लेषण, साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में संजय शर्मा ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि यह उसकी तीसरी शादी थी और वह पहले दो विवाह भी कर चुका है, जिनसे उसके दो बच्चे हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया है और मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

## सड़क हादसा में युवक की मौत, पत्नी गंभीर

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम।** कपाली ओपी क्षेत्र के डोबो स्थित उत्सव रेस्टोरेंट के करीब सोमवार देर रात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से सोनारी निवासी एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना में मारे गए युवक की पहचान 30 वर्षीय रोशन कुमार के रूप में की गई है। वे रोज की तरह डोबो स्थित अपनी मुर्गा दुकान बंद कर पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से सोनारी स्थित घर लौट रहे थे। रात में जैसे ही उनकी बाइक उत्सव रेस्टोरेंट के पास पहुंची, पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रोशन कुमार सड़क पर दूर जा गिरे और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रोशन कुमार को मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एमजीएम से टीएमएच रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण कर बाइक को सड़क से हटाया। आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि हाल के दिनों में इस सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों की संख्या बढ़ गई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुट गई है।

## एक नजर

### रेलवे अपने यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल सेवा प्रदान करने हेतु अग्रसर

**गोरखपुर।** यात्री प्रधान पूर्वोत्तर रेलवे अपने यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल सेवा प्रदान करने हेतु अग्रसर है। इसी क्रम में महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर के निर्देश पर यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल सेवा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गोरखपुर स्टेशन पर भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आइ.आर.सी.टी.सी) द्वारा संचालित जन आहार पर यात्रियों को परोसे जाने वाले भोजन बायोडिग्रेडेबल थालियों में देना प्रारम्भ कर दिया है। बायोडिग्रेडेबल थालियाँ पूर्णतः प्राकृतिक रूप से नष्ट होने योग्य सामग्री से बनाई जाती है, जो आसानी से नष्ट हो जाती है, जिससे स्टेशन परिसर को स्वच्छ तथा प्लास्टिक मुक्त रखने में मदद मिलती है। बायोडिग्रेडेबल थाली के उपयोग से प्लास्टिक कचरे में भारी कमी आयेगी तथा स्टेशन परिसर की स्वच्छता बेहतर होगी। स्वच्छता बनाये रखने हेतु पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। रेलवे प्रशासन के इस निर्णय से न केवल पर्यावरण को लाभ पहुँचेगा, बल्कि यात्रियों को अधिक स्वच्छ एवं स्वास्थ्य के अनुकूल पैकिंग में भोजन उपलब्ध होगा।

### यात्रियों की मांग पर दिल्ली के लिए 04 विशेष ट्रेनों का संचलन

**गोरखपुर।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग पर दिल्ली के लिए 04 विशेष ट्रेनों का संचलन 06 फेरों के लिए निम्नवत किया जायेगा। 05563 दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी 10, 11, 13 एवं 14 दिसम्बर,2025 को दरभंगा से 18.15 बजे प्रस्थान कर समस्तीपुर से 20.05 बजे, मुजफ्फरपुर से 22.20 बजे, हाजीपुर से 23.55 बजे, दूसरे दिन छपरा से 01.50 बजे, बलिया से 03.07 बजे, गाजीपुर सिटी से 04.07 बजे, वाराणसी से 06.00 बजे, प्रयागराज जं. से 08.45 बजे तथा गोविन्दपुरी से 12.50 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 21.15 बजे पहुंचेगी तथा वापसी यात्रा में 05564 आनन्द विहार टर्मिनस-दरभंगा विशेष गाड़ी 12, 13, 15 एवं 16 दिसम्बर,2025 को आनन्द विहार टर्मिनस से 00.05 बजे प्रस्थान कर गोविन्दपुरी से 07.35 बजे, प्रयागराज जं. से 10.35 बजे, वाराणसी से 13.15 बजे, गाजीपुर सिटी से 14.47 बजे, बलिया से 16.12 बजे, छपरा से 17.40 बजे, हाजीपुर से 19.00 बजे, मुजफ्फरपुर से 19.55 बजे तथा समस्तीपुर से 21.30 बजे छूटकर दरभंगा 23.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेजयान का 01, एल.एस.एल.आर.डी का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 03, शयनयान के 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित द्वितिय श्रेणी के 02 तथा वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे। 05565 दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी 09 एवं 12 दिसम्बर,2025 को दरभंगा से 18.15 बजे प्रस्थान कर समस्तीपुर से 20.05 बजे, मुजफ्फरपुर से 22.20 बजे, हाजीपुर से 23.55 बजे, दूसरे दिन छपरा से 01.50 बजे, बलिया से 03.07 बजे, गाजीपुर सिटी से 04.07 बजे, वाराणसी से 06.00 बजे, प्रयागराज जं. से 08.45 बजे तथा गोविन्दपुरी से 12.50 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 21.15 बजे पहुंचेगी तथा वापसी यात्रा में 05566 आनन्द विहार टर्मिनस-दरभंगा विशेष गाड़ी 11 एवं 14 दिसम्बर,2025 को आनन्द विहार टर्मिनस से 00.05 बजे प्रस्थान कर गोविन्दपुरी से 07.35 बजे, प्रयागराज जं. से 10.35 बजे, वाराणसी से 13.15 बजे, गाजीपुर सिटी से 14.47 बजे, बलिया से 16.12 बजे, छपरा से 17.40 बजे, हाजीपुर से 19.00 बजे, मुजफ्फरपुर से 19.55 बजे तथा समस्तीपुर से 21.30 बजे छूटकर दरभंगा 23.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेजयान का 01, एल.एस.एल.आर.डी का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 02, शयनयान के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 08, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 04 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

### प्री-नानइंटरलॉक एवं नानइण्टरलोक कार्य किये जाने के कारण अतिरिक्त गाड़ियों का नियंत्रण, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत मऊ-पिपरीडीह-दुल्लहपुर एवंमऊ-खुरहट खण्ड के मध्य में पैच दोहरीकरण की कमीशनिंग हेतु प्री-नानइंटरलॉक एवं नानइण्टरलॉक कार्य किये जाने के कारण कुछ अतिरिक्त गाड़ियों का नियंत्रण, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन निम्नवत किया जायेगा। मार्ग परिवर्तन- - कोलकाता से 10, 14, एवं 17 दिसम्बर, 2025 को चलने वाली 15049 कोलकाता-गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बलिया-फेफना-मऊ-इन्दारा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बलिया-फेफना-इन्दारा-बेलथरा रोड के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी मऊ नहीं जायेगी। शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन-मऊ से 12 एवं 16 दिसम्बर, 2025 को चलने वाली 22539 मऊ-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस मऊ के स्थान पर औडिहार से चलाई जायेगी। शार्ट ओरिजिनेशन के फलस्वरूप यह गाड़ी मऊ एवं दुल्लहपुर स्टेशनों पर नहीं जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 10, 13 एवं 17 दिसम्बर, 2025 को चलने वाली 22540 आनन्द विहार टर्मिनस-मऊ एक्सप्रेस मऊ के स्थान पर औडिहार में यात्रा समाप्त करेगी। शार्ट टर्मिनेशन के फलस्वरूप यह गाड़ी मऊ एवं दुल्लहपुर स्टेशनों पर नहीं जायेगी। दादर से 14 एवं 16 दिसम्बर,2025 को चलने वाली 01027 दादर-गोरखपुर विशेषगाड़ी पूर्व में सूचित गाजीपुर सिटी के स्थान पर औड़िहार में यात्रा समाप्त करेगी। गोरखपुर से 16 एवं 18 दिसम्बर,2025 को चलने वाली 01028 गोरखपुर-दादर विशेष गाड़ी पूर्व में सूचित गाजीपुर सिटी के स्थान पर औड़िहार से चलाई जायेगी।

### यात्रियों की सुविधा हेतु 05599 दरभंगा-अहमदाबाद एकल यात्रा विशेष गाड़ी का संचलन

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 05599 दरभंगा-अहमदाबाद एकल यात्रा विशेष गाड़ी का संचलन 10 दिसम्बर,2025 को निम्नवत किया जायेगा। 05599 दरभंगा-अहमदाबाद एकल यात्रा विशेष गाड़ी 10 दिसम्बर,2025 को दरभंगा से 18.00 बजे प्रस्थान कर समस्तीपुर से 19.35 बजे, मुजफ्फरपुर से 20.35 बजे, हाजीपुर से 21.30 बजे, सोनपुर से 21.40 बजे, दूसरे दिन छपरा से 00.20 बजे, बलिया से 01.35 बजे, गाजीपुर सिटी से 02.35 बजे, वाराणसी से 04.44 बजे, बनारस से 04.55 बजे, ज्ञानपुर रोड से 05.50 बजे, प्रयागराज रामबाग से 07.55 बजे, प्रयागराज जं0 से 08.40 बजे, सतना से 12.30 बजे, कटनी मुरवारा से 14.00 बजे, दमोह से 15.30 बजे, सागर से 16.40 बजे, बीना से 18.45 बजे, गंज बसोदा से 19.20 बजे, विदिशा से 19.47 बजे, संत हिरदा रामनगर से 21.05 बजे, उज्जैन से 23.40 बजे, तीसरे दिन नागदा से 00.35 बजे, रतलाम से 01.45 बजे, गोधरा से 04.55 बजे, छायापुरी से 05.40 बजे तथा आणन्द से 06.35 बजे छूटकर अहमदाबाद 08.45 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में पेण्ट्रीकार का 01, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी के 11 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

### बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास

**गोरखपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 05 दिसम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मऊ को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 12165 में यात्री का छूटा एक बैग मिला, जिसे मऊ पोस्ट पर जमा कराया गया।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI N0. - JHAHIN/2014/59794

### सदर प्रखंड कार्यालय में रबी कार्यशाला सह कृषक गोष्ठी 2025-26 का सफल आयोजन

# रबी कार्यशाला के बाद किसानों के बीच उन्नत किस्म के मसूर व सरसों बीज का वितरण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**साहिबगंज।** सदर प्रखंड सभागार के प्रांगण में मंगलवार को रबी कार्यशाला सह कृषक गोष्ठी 2025-26 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जहां इस कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए हुए प्रगतिशील कृषक एवं कृषक मित्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उधर कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बासुकीनाथ टुडू ने की। वही जिला कृषि कार्यालय से आत्मा के उप परियोजना निदेशक मंटू कुमार, एचडीएफसी एग्रो इंश्योरेंस कंपनी के जिला प्रतिनिधि अमित कुमार, प्रखंड समन्वयक सौरभ कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव पांडेय, एटीएम नीरज कुमार एवं अंशु कुमारी, जिला उद्योग केंद्र की प्रखंड समन्वयक रश्मि कुमारी तथा गंगा प्रसाद पूरब पंचायत के मुखिया संतोष गौड़ सहित अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कृषकों को प्रखंड एवं अंचल कार्यालय द्वारा कृषक हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जहां प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव पांडेय ने किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दी एवं कृषकों से निशुल्क आवेदन फॉर्म प्राप्त कर आवेदन करने का अनुरोध किया। वही कृषि विभाग द्वारा संचालित कई योजनाओं की तकनीकी एवं लाभकारी जानकारी भी साझा की गई।

जहां रबी कार्यशाला समाप्ति के बाद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के तहत साहिबगंज सदर प्रखंड में निम्नानुसार बीज वितरण किया गया। जहां हाजीपुर पश्चिम पंचायत, राजगाँव के 15 किसानों को मसूर बीज (वैरायटी आईपीएल 220 हिल ) का वितरण एवं हाजीपुर ओझा टोली के 25 किसानों को सरसों बीज (वैरायटी डीआरएमआर 150-35 हिल) का वितरण किया गया।

## एक नजर

### बड़ा जिरवाबाड़ी चानन निवासी व्यक्ति ने फांसी लगाकर जान देने का किया प्रयास



**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बड़ा जिरवाबाड़ी चानन निवासी व्यक्ति योगेश उर्फ जोगी मंडल उम्र 52 वर्ष पिता स्व. पंचू मंडल ने अपने ही बड़े भाई राकेश कुमार मंडल के साथ हुए जमीनी विवाद के मामले में अपने हिस्से की जमीन पर हिस्सा नहीं देने के विवाद में गुस्से में आकर अपने ही घर के बाहर लगे कटहल के पेड़ पर गले में गमछा से फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। जहां इस घटना के बाद परिजन उसे आनन फानन में बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने फौरन इलाज शुरू किया। उधर मामले को लेकर घायल व्यक्ति की पत्नी ने बताया कि उसके पति व भैसुर में जमीनी विवाद को लेकर कहासुनी हो रही थी कि इसी बीच भैसुर के मौसेरे साला ने इसे उकसाते हुए कह दिया कि आपके हिस्से की जमीन नहीं देंगे। जहां इसी बात से गुस्से में आकर उसके पति ने घर के बाहर लगे कटहल पेड़ पर गले में गमछा लगाकर फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। उधर पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की गई है जहां पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

### मोबाइल फोन चोरी करने वाले आरोपी युवक गदाई दियारा महाराजपुर से हुआ गिरफ्तार




**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के गोराबाड़ी हाट परिसर से बीते दिनों 23 नवंबर 25 को मोबाइल फोन चोरी करने वाले आरोपी युवक रामदुलार महतो उम्र 28 वर्ष पिता नारायण महतो को जिरवाबाड़ी पुलिस ने राजमहल थाना क्षेत्र के गदाई दियारा महाराजपुर से गिरफ्तार करने के बाद मंगलवार को मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. कुमार निकट ने फौरन आरोपी युवक का मेडिकल जांच किया जिसके बाद उसे जेल भेज दिया है। वही पुलिस ने आरोपी युवक के पास से चोरी किए गए मोबाइल फोन को भी बरामद कर लिया है।

## एड्स से बचाव के लिए जागरूकता की व्यापक पहल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**साहिबगंज।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश तथा झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अखिल कुमार के मार्गदर्शन में मंगलवार को एचआईवी एवं एड्स (रोकथाम एवं नियंत्रण) के लिए जिलेभर में व्यापक जागरूकता व स्वास्थ्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जहां प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि कार्यक्रमों का उद्देश्य एचआईवी एवं एड्स (रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम, 2017 के तहत प्रभावित व्यक्तियों के अधिकारों के प्रति समाज को जागरूक करना, भेदभाव को खत्म करना तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक सभी की समान पहुंच सुनिश्चित करना रहा है। इस अवसर पर पैरा लीगल वालंटियर्स, स्वास्थ्य विभाग, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम, विधिक सत्र आयोजित किए गए। जहां मंडल कारा में आयोजित विशेष शिविर में कारा चिकित्सक डॉ. मोहन मुर्मू एवं आईसीटीसी काउंसिलर बसंत महतो ने बंदियों की एचआईवी एवं एड्स की रोकथाम के लिए परामर्श दिए। उधर जिले के विभिन्न विद्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए, जहां लीगल एंड डिफेन्स काउंसिल रविन्द्र श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को एचआईवी व एड्स से बचाव, सामाजिक जिम्मेदारियों और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। वही कार्यक्रमों में बताया गया कि अधिनियम, 2017 के अनुसार एचआईवी से प्रभावित व्यक्तियों के साथ भेदभाव कानूनन अपराध है। साथ ही साथ सभी प्रभावित व्यक्तियों को निःशुल्क एंटी रेट्रोवायरल ट्रीटमेंट प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है। जहां इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि एचआईवी व एड्स के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता और सहयोग ही इसे रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

## जिले के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर, 10 दिन में सीखें जूट बैग और हैंडमेड उत्पाद बनाना

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज।** जिले के युवाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से एसबीआई आरसेटी, बड़ा लोहंडा (आईटीआई कॉलेज परिसर) में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। जहां इस प्रशिक्षण के तहत प्रतिभागियों को मात्र 10 दिनों में जूट बैग, टोकरी और अन्य पर्यावरण अनुकूल हैंडमेड उत्पाद बनाना सिखाया जाएगा। उधर कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उन्हें ऐसा कौशल प्रदान करना है, जिससे वे घर बैठे अपना छोटा व्यवसाय शुरू कर सकें। वही जूट आधारित उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए यह प्रशिक्षण युवाओं के लिए आय का एक सशक्त साधन बन सकता है। जहां इसको लेकर आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम न सिर्फ कौशल प्रदान करेगा, बल्कि युवाओं को बाजार में अपने उत्पाद बेचने और व्यवसाय बढ़ाने के लिए जरूरी जानकारी भी देगा। उधर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में यह प्रशिक्षण एक अहम कदम माना जा रहा है।

### सीनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में जिले के दो पहलवान करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व



**साहिबगंज।** जिले के दो पहलवान सुशांत सौरव (97 किग्रा) और मनीष यादव (86 किग्रा) 11 से 14 दिसंबर 2025 तक अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित होने वाली सीनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। जहां यह साहिबगंज और पूरे झारखंड के लिए एक गर्व का क्षण है। जहां दोनों ही पहलवानों को उन्हें आगामी चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएँ देते हुए मंगलवार को रांची से अहमदाबाद गुजरात के लिए रवाना हुए। जहां जिला कुश्ती संघ की सचिव नम्रता शर्मा, अध्यक्ष रमेश गुप्ता और उपाध्यक्ष अरुण विश्वकर्मा समेत सभी खेलप्रेमी ने उन्हें जीत की अग्रिम बधाई देते हुए विदा किया।

## जिले में सड़क दुर्घटना में घायलों का हो त्वरित इलाज, साहिबगंज व राजमहल में खुले ट्रामा सेंटर : विधायक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**साहिबगंज।** राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने शीतकालीन सत्र में तारांकित प्रश्न के तहत साहिबगंज सदर अस्पताल एवं राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में ट्रामा सेंटर खोलने का प्रस्ताव रखा हैं। जहां उन्होंने सदन में मुद्दे को प्रमुखता से रखते हुए कहा कि विभाग ने प्रश्न के उत्तर में कहा है कि राज्य के 49 स्थान पर ट्रामा सेंटर संचालित होने की अनुशंसा है जिसमें जिले के अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटालपोखर भी सम्मिलित है। उधर वर्ष 2021 में इन स्थलों का मैपिंग किया गया था जहां विधायक ने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि धरातल पर ट्रामा सेंटर संचालित नहीं है और आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु हो रही है अगर सुविधा ट्रामा सेंटर के माध्यम से बेहतर होगी तो निश्चित ही जीवन रक्षक साबित होगी। वही उन्होंने कहा कि साहिबगंज सदर अस्पताल एवं अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल में ट्रामा सेंटर खोला जाए। जब सदन के माध्यम से राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने प्रश्न के उत्तर में अपनी बातों को रखते हुए कहा कि पर्याप्त संसाधन के साथ जल्द ही ट्रामा सेंटर का विधिवत संचालन कराया जाएगा। वही उन्होंने विधायक को आश्वस्त किया कि विधायक के साथ स्वयं भी जिला भ्रमण करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने की दिशा में सकारात्मक पहल करेंगे।

## जनता दरबार में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्याएं

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जहां जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जहां उपायुक्त ने जनता दरबार में आए सभी लोगों से एक एक कर उनकी समस्याएं सुनते हुए उनके समाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। उधर संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित थे। वही

जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। जहां सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

### पाकुड़ आरपीएफ ने रेल फाटक तोड़ने वाले आरोपी को सीतपहाड़ी से गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज।** पाकुड़ आरपीएफ की टीम ने बीते दिनों रेल फाटक तोड़ने के मामले में शामिल आरोपी जयदार शेख को गिरफ्तार करने के बाद उसका मेडिकल जांच करवाने के लिए मंगलवार को सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने फौरन आरोपी युवक का मेडिकल जांच किया जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वही मामले को लेकर पाकुड़ आरपीएफ की टीम ने बताया कि रेल फाटक तोड़ने के मामले में पहले भी दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## जिले से 5 कुश्ती खिलाड़ी भाग लेने के लिए पहुंचे बलिया

### इनडोर स्टेडियम में संचालित खेलो इंडिया कुश्ती केंद्र के 3 एवं 2 अन्य खिलाड़ी आज से करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 8 से 12 दिसंबर 2025 तक बलिया (उत्तरप्रदेश) में आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती एसजीएफआई प्रतियोगिता, अंडर 17 आयु वर्ग में भाग लेने के लिए जिले के चांद भैरव इनडोर स्टेडियम, साहिबगंज के संचालित खेलो इंडिया कुश्ती केंद्र के प्रशिक्षु ऋषि कुमार 48 किलोवर्ग, अंकुश कुमार 51 किलोवर्ग एवं सोनू कुमार 65 किलोवर्ग एवं कुणाल कुमार 71 किलोवर्ग, राजू यादव 80 किलोवर्ग फ्री स्टाईल कुश्ती में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए रांची में आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर के उपरांत मंगलवार को बलिया पहुंचे। जहां पांचों कुश्ती खिलाड़ियों एवं खेलो इंडिया कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक प्रकाश सिंह बादल को उपायुक्त हेमंत सती, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, आईटीडीए निदेशक संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा, जिला खेल पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला कुश्ती संघ की सचिव नमिता कुमारी, खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी समेत जिले के खेलप्रेमियों ने जीत की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### जमुआ के राहुल कुमार अग्रवाल बने श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी

**जमुआ।** जमुआ प्रखंड अंतर्गत हरला गांव निवासी राहुल कुमार अग्रवाल, पिता बालमुकुंद प्रसाद अग्रवाल ने झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) द्वारा आयोजित सीजीएल 2023 परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से जमुआ चौक सहित पूरे प्रखंड में खुशी की लहर छा गई है। राहुल कुमार अग्रवाल बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने लंगटा बाबा हाई स्कूल मिजार्गंज से मैट्रिक परीक्षा में टॉप टेन में स्थान प्राप्त कर गिरिडीह जिले का नाम पहले भी रोशन किया था। पढ़ाई के प्रति उनकी लगन, मेहनत और माता-पिता का आशीर्वाद उनके सफल जीवन की नींव रहा है। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बनने की उपलब्धि पर परिवारजन, ग्रामीण और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। लोगों का कहना है कि राहुल की सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरे जमुआ क्षेत्र में गर्व का माहौल है।

### उपायुक्त ने एक-एक कर उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनीं

## प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए : उपायुक्त

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिक उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने एक-एक कर उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। जनता दरबार में पेंशन, राशन कार्ड, आवास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव है, उनका निपटारा नियमानुसार ढंग से तुरंत किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। इसके अलावा उपायुक्त ने बताया कि जिले में कल यानी बुधवार से कंबल वितरण की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। बढ़ते ठंड और शीतलहरी को देखते हुए जिला प्रशासन ने आम नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए त्वरित कदम उठाए हैं। उपायुक्त ने बताया कि करीब 68 हजार कम्बल का वितरण किया जायेगा। जिसका 50 प्रतिशत सभी प्रखंडों और पंचायतों को दिया जाएगा तथा शेष 50 प्रतिशत स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी के द्वारा वितरित किए जाएंगे। आगे उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि हर एक जरूरतमंद को कंबल उपलब्ध कराया जाए ताकि ठंड से परेशान लोगों को राहत मिल सकें। इसके साथ ही सभी प्रखंडों एवं अनुमंडल क्षेत्र के अलावा जिला मुख्यालय शहर के मुख्य चौक-चौराहों से लेकर उन सभी स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां जरूरतमंद, दिहाड़ी मजदूर, वंचित लोग रहते हैं या गुजरते हैं ताकि इन स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कर संबंधित अधिकारियों को लगातार निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। ठंड से बचाव हेतु लगातार अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है जिससे कि ठंड के दिनों में लोगों को राहत मिल सके। आगे उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार में राशन कार्ड से संबंधित काफी शिकायत सामने आ रही थी इस आलोक में आपूर्ति विभाग को नया राशन कार्ड बनाने एवं राशन कार्ड में नाम सुधारने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए थे उक्त के आलोक में आपूर्ति विभाग के द्वारा अब तक 6000 से अधिक राशन कार्ड बनाया गया है एवं नाम सुधार का कार्य किया गया है। जिला प्रशासन के पास 10, 000 के करीब राशन कार्ड बनाने की वैकेंसी है, इस आलोक में राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी से कार्य किया जा रहा है एवं पात्र लाभुकों का राशन कार्ड बनाया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि समाज के वंचित एवं जरूरतमंद को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर संभव जोड़ने का प्रयास किया जाए ताकि उनकी रोजमर्रा जीवन प्रभावित न हो।

### अंडर 16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में पोखरिया पैंथर्स ने 3 विकेट से दर्ज की जीत



**साहिबगंज।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिद्धो कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर 16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत मंगलवार को पोखरिया पैंथर्स बनाम सीएबी जूनियर बरहरवा टीम के बीच मैच खेला गया। जहां पोखरिया पैंथर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। जहां सीएबी जूनियर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 168 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जहां शफीउर्रह्मान ने 55, रौशन कुमार ने 36, शादाब हुसैन ने 13 रन की पारी खेली। उधर पोखरिया पैंथर्स के गेंदबाज उज्ज्वल कुमार ने 3, पीयूष यादव ने 2 विकेट लिए। वही जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पोखरिया पैंथर्स की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाकर 3 विकेट से इस मैच में जीत हासिल कर लिया। जहां कुणाल यादव ने 69, प्रिंस कुमार सिंह ने नाबाद 32 व पीयूष यादव ने 14 रन की पारी खेली। उधर सीएबी जूनियर टीम के गेंदबाज रौशन कुमार ने 3 विकेट लिए। जहां पोखरिया पैंथर्स के खिलाड़ी कुणाल यादव को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया जहां मुख्य अतिथि श्याम रंजन तिवारी व चंदन यादव ने संयुक्त रूप से कुणाल को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। इस मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व चंदन यादव एवं स्कोरिंग मो. अनाउल्लाह अंसारी ने किया। वही टूर्नामेंट इंचार्ज अशफाक आलम ने बताया कि 10 दिसंबर को संत जेवियर स्कूल बनाम पोखरिया पैंथर्स के बीच मैच खेला जाएगा।

# विश्व मानव अधिकार दिवसः अब चुप्पी भी गुनाह है





प्रो. आरके जैन अरिजीत

आज फिर वही सवाल लौट आया है, बिना दस्तक दिए, सीधा गले पर हाथ रखकर झ आप जिंदा है या सिर्फ.साँस ले रहे है? 1948 में पेरिस ने सब इंसान बराबर और आजाद हैं लिखकर मानवता के नाम एक वादा किया था। मगर 2025 का भारत एक चुभता हुआ सवाल पूछ रहा है–क्या हम वाकई उस वादे को निभा रहे हैं, या हमारी चुप्पी ही अन्याय की सबसे बड़ी ताकत बन चुकी है? यह दिन हमें झकझोरने आया है, क्योंकि अब सिर्फ. अत्याचार ही अपराध नहीं; अत्याचार देखकर चुप रह जाना भी उतना ही बड़ा गुनाह है।

आज जब हम मानव अधिकार दिवस मनाते हैं, तो यह उत्सव नहीं–एक मुकदमा है, और कटघरे में हम खुद खड़े हैं। जब हाथरस की बेटी को रात के अँधेरे में मिट्टी में दबा दिया जाता है, जब मणिपुर में औरतों का सम्मान तार-तार होता है, जब कश्मीर में एक बच्चा शक के नाम पर मारा जाता है, और दिल्ली में एक लड़की को उसकी शक्ल की वजह से चिंकी कहा जाता है–तब मानवाधिकार किसी दस्तावेज नहीं, बल्कि जख़्म बनकर सामने आते हैं। उस समय 30 अनुच्छेद किसी पुस्तक में नहीं, बल्कि इस देश की सड़कों, घरों और अदालतों में रोते हुए दिखाई देते हैं।

भारत में मानवाधिकार कोई सैद्धांतिक बहस नहीं, बल्कि हर दिन खून और आँसुओं से लिखा जाने वाला सच है। एक दलित दूल्हे की जान घोड़ी चढ़ने की कीमत बन जाती है। एक आदिवासी महिला को लकड़ी लाने पर जादू-टोना का आरोप झेलना पड़ता है। एक ट्रांसजेंडर मर जाता है, पर श्मशान में भी उसे जगह नहीं मिलती। और जब कानून बराबरी की बात करता है, तो समाज उसकी आवाज को जाति, धर्म और पहचान के पत्थरों से दबा देता है।

विडम्बना यह है कि यही देश दुनिया को अहिंसा और योग का संदेश देता है। यही देश भाषणों में विश्व गुरु बनता है, पर अपने ही गाँव में पानी की एक हांडी से दलित को दूर रखता है। यही देश चंद्रयान को तारों तक भेज देता है, लेकिन एक मजदूर को मेहनत के बाद 200 रुपये देने में कंजूसी करता है। लोकतंत्र का मंदिर कहलाने वाला देश कई बार उस मीडिया का बोझ ढोता है जो सत्ता की चौखट से बंधी घंटी की तरह बजता है।

आज का भारत मानवाधिकारों को किताबों में नहीं, सड़कों पर, अस्पतालों में, कोर्ट के गलियारों में, और हर उस घर में महसूस कर रहा है जहाँ न्याय की उम्मीद धीरे-धीरे दम तोड़ रही है। जब एक दलित महिला को पंचायत के आदेश पर गाँव के बीच में अपमानित किया जाता है, जब एक आदिवासी बच्ची भूख से बिलखते-बिलखते मर जाती है क्योंकि उसे राशन कार्ड सूची में नहीं बताया गया, जब एक युवा पत्रकार को महज सवाल पूछने पर देशद्रोही कहकर जेल में डाल दिया जाता है, तब मानवाधिकार केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि एक सच्ची चीख बन जाते हैं।

हम कहते हैं कि भारत डिजिटल हो रहा है, पर क्या इंसानियत भी डिजिटल हो गई? जब इलाज न मिलने से अस्पताल के दरवाजे पर एक बच्चा दम तोड़ देता है, जब ऑक्सीजन की कमी से कोविड वार्ड में लोग मर जाते हैं और जिम्मेदारी गायब हो जाती है, जब अग्निपथ योजना के नाम पर युवाओं का भविष्य अनिश्चित हो जाता है, जब बेरोजगारी की दर इतिहास के सबसे ऊँचे स्तर पर हो और फिर भी युवा आलसी कहे जाएँ– तो ये सब बेरोजगार आँकड़े नहीं, टूटते सपनों की चिताएँ हैं।

भारत के पास चंद्रयान भेजने की ताकत है, पर सड़क पर रिक्शा खींचती 65-70 वर्षीया दादी के पास रोटी की ताकत नहीं। हमारे हाई-टेक शहरों में चमक है, पर किसान की आत्महत्या में उसके शरीर से ज्यादा कर्ज. के कागज मिलते हैं। हमारे पास दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लेकिन एक आदिवासी युवक पुलिस हिरासत में मारा जाता है और उसके परिवार को एफआईआर की कॉपी तक नहीं मिलती। संविधान कहता है बराबरी का अधिकार, पर वास्तविकता पूछती है–बराबरी किसके लिए? सिर्फ. नाम के लिए? या सिर्फ. भाषणों के लिए?

शिक्षा अधिकार है, लेकिन सरकारी स्कूलों में बच्चे आज भी टाट पर बैठकर पढ़ते हैं, जबकि अधिकारी एसी कमरों में मीटिंगें करते हैं। स्वास्थ्य भी अधिकार है, पर एक प्रसूता अस्पताल पहुँचने से पहले ही ऑटोरिक्शा में बच्चा जन्म देने को मजबूर होती है। अभिव्यक्ति का भी अधिकार है, पर सोशल मीडिया पर आलोचना करने पर घर गिरा दिए जाते हैं। पर्यावरण का भी अधिकार है, पर खनन की आड़ में आदिवासी गाँव उजाड़े जाते हैं। और महिलाएँ? वे आज भी सुरक्षित घर पहुँच गई क्या? के मेसेज पर निर्भर देश की नागरिक हैं–जहाँ हर 15 मिनट में एक बलात्कार दर्ज होता है। मानव अधिकार दिवस उस सोच के खिलाफ युद्ध है जो कहती है– अगर मेरे घर में सब ठीक है, तो दुनिया ठीक है। नहीं, मानवता एक परिवार है; एक जख्म सबका दर्द होना चाहिए। अगर दिल्ली में कोई लड़की छेड़ी जाती है, मुंबई में एसिड अटैक होता है, राजस्थान में मूँछ रखने पर दलित की हत्या होती है, या उड़ीसा में एक बुजुर्ग अपनी पत्नी का शव कंधे पर लेकर चलता है–तो ये सिर्फ. खबरें नहीं, हमारी सभ्यता की परीक्षा हैं।

अब लड़ाई कानून की नहीं, हमारी आत्मा की है–हमारे भीतर के डर और चुप्पी के खिलाफ। शुरूआत घर से कीजियेः बेटी को बेटे जितनी आजादी दीजिये। झुग्गी के बच्चों को पुरानी किताबें दे दीजिये। ऑफिस में किसी की पहचान का मजाक बनने से रोक दीजिये। अपनी भाषा की गालियों से स्त्री-विरोधी शब्द हटाइए। नफरत फैलाने वाले ग्रुप छोड़ दीजिये। किसी भी धर्म या जाति का मजाक उड़ाना बंद कीजिये, क्योंकि मजाक से शुरू हुई नफरत कई बार हत्या पर खत्म होती है।

मानव अधिकार दिवस की असली पुकार है–अब चुप्पी भी गुनाह है। जब आपने बलात्कार की खबर स्क्रॉल कर दी, आप भी दोषी थे। जब आपने धर्म पर ताना मारा, आप भी दोषी थे। जब आपने व्हाट्सएप पर नफरत भेजी, आप भी दोषी थे। जब आप भीड़ हत्या पर होता रहता है कहकर आगे बढ़ गए, आप भी दोषी थे।

मानवाधिकार दिवस किसी सेमिनार का मौका नहीं। यह युद्ध है–उस मानसिकता के खिलाफ जो औरत को संपत्ति, दलित को नीचा, मुस्लिम को संदिग्ध, आदिवासी को पिछड़ा और ट्रांसजेंडर को अदृश्य समझती है। यह युद्ध उस चुप्पी के खिलाफ है जो अपराधियों को ढाल देती है। पर हर युद्ध हथियारों से नहीं जीता जाता–कभी-कभी एक इंसान का साहस दुनिया बदल देता है।

अगर आप सच में इंसान हो, तो शुरूआत यहीं से कीजियेः अपने मोहल्ले के मंदिर में किसी दलित को रोका जाए तो आवाज उठाइए। अपनी बेटी को चुप कराने के बजाय उसकी बात सुनिए, क्योंकि उसकी आवाज उसका अस्तित्व है। नफरत और हिंसा वाले ग्रुप छोड़ दीजिये; किसी भी अपमान को मनोरंजन कहना बंद कीजिये।

भारत तभी महान बनेगा जब उसका सबसे कमजोर नागरिक भी बिना डर के, सम्मान से जिए। विश्व मानव अधिकार दिवस याद दिलाता है कि 1948 का कागज भविष्य नहीं लिखेगा, हम लिखेंगे। भविष्य उतना ही उज्ज्वल होगा जितनी हमारी संवेदना। भारत तभी महान होगा जब आखिरी औरत सुरक्षित होगी, आखिरी दलित सम्मानित होगा, आखिरी आदिवासी सुना जाएगा और आखिरी अल्पसंख्यक का डर खत्म होगा।

1948 की वह घोषणा आज भी इसलिए जीवित है क्योंकि हर पीड़ा, अन्याय और विद्रोह उसे सच्चा साबित करता है। अब हमारी बारी है कि इस कागज को और खून न देना पड़े। 10 दिसंबर कोई उत्सव नहीं, यह वह दिन है जब इंसानियत पूछती है– तुमने मुझे बचाया या चुप रहे? जवाब और हथियार दोनों हमारे हाथ में हैं– संवेदना, साहस और सच बोलने की हिम्मत। और वक़्त? बहुत कम बचा है। जय इंसानियत। जय वह भारत जो नफरत से नहीं, बराबरी से बनता है।

**लेखक के निजी विचार है।**

---

## संपादकीय

### जेल में पाठशाला

वस्तुतः जेल की मूल अवधारण, भटके लोगों को सभ्य समाज के अनुरूप ढालने की ही थी। यही मकसद था कि जेल के एकाकी जीवन में रहकर वे समाज के महत्व को समझ सकें और अपने गलतियों पर आत्ममंथन करें। संगीन अपराधों में लिप्त दुर्दांत अपराधियों को समाज से अलग रखने की तार्किकता हो सकती है। सुधार की अवधारण के क्रम में अब हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ की जेलों में खामोशी से बदलाव की सकारात्मक पहल की जा रही है। जेलों में ग्यारह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों यानी आईटीआई की शुरूआत की गई है। यह पहल राष्ट्रीय कौशल विकास मानकों के अनुरूप व्यावसायिक पाठ्यक्रम एनसीवीईटी व एनएसक्यूएफ प्रमाणन के तहत की जा रही है। जिसे कैदियों के जीवन में बड़े बदलाव के प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। इसके अंतर्गत ढाई हजार से ज्यादा कैदियों को वेल्डिंग, प्लंबिंग व टेलरिंग आदि व्यवसायों का प्रशिक्षण दिया जाना है। निश्चय ही इसे देश की जेलों में महत्वाकांक्षी सुधारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, इस पहल के मूल में यह सोच है कि अपराध में कमी कठोर कारावास से नहीं बल्कि जेल की चाहरदिवारी से बाहर निकलने पर जीवन नये सिरे संवारने लायक बनाने में सहायक आवश्यक साधन प्रदान करने से संभव होगी। कौशल विकास, परामर्श, व्यावहरिक प्रशिक्षण और सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों या एमएसएमई योजनाओं के साथ कैदियों को रिहाई के बाद आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास है। इसे एक सुरक्षित सामाजिक निवेश के रूप में देखा जा रहा है।

निश्चित रूप से यदि कोई कैदी प्रमाणित कौशल, सम्मानजनक पेश की संभावना और बदलावकारी भावना के साथ जेल से बाहर आता है, तो उसके फिर से अपराध करने की संभावना उस व्यक्ति के मुकाबले कम होगी, जो असुरक्षित भविष्य व रोजगार के अभाव में फिर से अपराध की गलियों की तरफ मुड़ सकता है। इस सोच को जमीनी रूप से हकीकत में बदलने के लिए उन बाधाओं को दूर करने का प्रयास करना होगा, जिनका सामना जेल से बाहर आने पर कैदियों को करना पड़ता है। इसमें जेल से बाहर आने पर कैदियों को अपराध के दाग के रूप में भेदभाव का शिकार होने, उन्हें नियोक्ता द्वारा रोजगार देने में हिचकिचाहट दिखाने, अपर्याप्त नौकरियां जैसी बाधाओं का सामना करना पड़ता है। निश्चय ही उनके पुनर्वास के लिये व्यावहारिक प्रयासों की जरूरत होगी। इसके साथ ही उद्योग प्रबंधकों को रिहा हुए कैदियों को नौकरी देने के लिये प्रोत्साहित करना होगा। यह बताते हुए कि यह हमारा एक सामाजिक दायित्व भी है। समाज को भी उनके पुनर्वास को एक सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकारने के लिये संवेदनशील बनाया जाना होगा। निश्चित रूप से हरियाणा व पंजाब नीतिगत दोरोहे पर खड़े हैं। अब देखना है कि वे इस पहल को एक प्रतीकात्मक सुधार के रूप में देखते हैं या वे इसे एक संरचनात्मक परिवर्तन में बदल सकने में कामयाब होते हैं। यदि ऐसा होता है तो वे न्याय को ही पुनर्परिभाषित करेंगे। निस्संदेह, सच्चा सुधारात्मक न्याय कारावास में नहीं, बल्कि भटके हुए नागरिकों को सम्मान, अवसर और आशा के साथ वापस समाज में लाने में निहित है।

---

# रुका हुआ जहाज, थमा हुआ लोकतंत्र

अलोक पुराणिक

एयरलाइंस की फ्लाइट कैंसिल हो रही है। यात्री गेट पर खड़े हैं, टिकट हाथ में है, पर जहाज हवा में नहीं। एयरलाइंस वाले कहते हैं–तकनीकी खराबी है। पर कोई क्या कर सकता है कि जब पूरी तकनीक ही खराब हो। नेता का भी हाल कई बार एयरलाइंस जैसा होता है। काम न कर पाता तो कहता है कि तकनीकी खराबी है।

जनता कहती है–तकनीकी खराबी नहीं, नीयत खराबी है।

जनता वोट डालती है, टिकट खरीदती है, पर ना हवाई जहाज उड़ता, ना विकास का जहाज उड़ता। और जब उड़ता है, तो बीच रास्ते कहता है–माफ कीजिए, यह फ्लाइट अब किसी और दिशा में जाएगी। फ्लाइट कैंसिलेशन और राजनीति में गहरी समानता है।

फ्लाइट में पायलट बदलते रहते हैं, राजनीति में नेता। फ्लाइट में घोषणा होती है– देरी होगी। राजनीति में घोषणा होती है–विकास होगा।

सच यह है कि विकास में देरी होती जाती है।

दुनिया का लोकतंत्र और एयरलाइंस दोनों ही यात्रियों को वेटिंग लिस्ट में रखते हैं।

जनता हमेशा पूछती है–हमारी फ्लाइट कब चलेगी? और नेता हमेशा कहते हैं– बस पांच साल और।

पर असली फ्लाइट तो जनरल की है, जो बिना टिकट, बिना चेक-इन, सीधे रनवे पर उतरते हैं।

पाकिस्तान में प्रधानमंत्री पांच साल नहीं चल पाते। कभी अदालत रोक देती है, कभी जनता रोक देती है, कभी फौज रोक देती है। लेकिन जनरल साहब को पांच साल का कार्यकाल मिल गया है।

यहां लोकतंत्र का असली मजाक है। जनता का वोट वेटिंग लिस्ट में है और जनरल का कार्यकाल बिजनेस क्लास में। पाकिस्तान का लोकतंत्र ऐसा है जैसे रेलवे स्टेशन पर टिकट खिड़की–जहां जनता लाइन में खड़ी है, और जनरल सीधे प्लेटफॉर्म पर पहुंच जाते हैं।

उधर ट्रंप नाराज हैं, पुतिन और मोदी की दोस्ती पर। तीनों की दोस्ती इंटरनेशनल वाई फाई जैसी है। कभी कनेक्टेड, कभी ड्रॉप, पर हमेशा पासवर्ड प्रोटेक्टेड। ट्रंप कहते हैं–मैं दुनिया का सबसे बड़ा डीलमेकर हूं। पुतिन कहते हैं–मैं दुनिया का सबसे बड़ा स्ट्रॉन्गमैन हूं।

ट्रंप का स्टाइल है– पहले ट्वीट करो, बाद में सोचो। पुतिन का स्टाइल है–पहले टैंक भेजो, बाद में बोलो। पुतिन और ट्रंप यूं खुद को एक दूसरे का दोस्त बताते हैं, पर सच यह है कि दोनों ऐसे लगते हैं जैसे दुनिया के मंच पर अलग-अलग गाने बजा रहे हों।

पाकिस्तान का लोकतंत्र तो और भी मजेदार है। वहां प्रधानमंत्री का कार्यकाल ऐसा है जैसे मोबाइल का बैलेंस–कभी भी खत्म हो सकता है। लेकिन जनरल का कार्यकाल ऐसा है जैसे पोस्टपेड प्लान–बिल आता है, पर सेवा कभी बंद नहीं होती। जिन्ना ऊपर कहीं सोचते होंगे कि पाकिस्तान मैंने बनवाया क्यों था, इसलिए कि कुछ आर्मी जनरल हमेशा मौज कर सकें।

**लेखक के निजी विचार है।**

---

# कर्तव्य में एकता सुनिश्चित करती सेना की नैतिकता

ले. जनरल (रि) एस. एस. मेहता

कई बार ऐसे क्षण होते हैं जब अदालत का निर्णय किसी विवाद को निबटाने से अधिक बन जाता है; यह दिशा तय करता है। अपने सैनिकों के साथ रेजिमेंटल पूजास्थल के भीतर जाने से इनकार करने वाले एक अधिकारी को सेवा मुक्त किए जाने के निर्णय को बरकरार रखने वाला सर्वोच्च न्यायालय का फैसला ऐसा ही एक क्षण है। यह उस सच्चाई की पुष्टि करता है जो सैनिक सदा जीता है व जिसे लोकतंत्रों को निरंतर मजबूत करना चाहिए : एक गणराज्य अपने संस्थानों के बूते खड़ा होता है और संस्थान अपना प्रण ईमानदारी से निभाने पर खड़े होते हैं।

सार्वजनिक बहस में, और कुछ टिप्पणियों में, इस मामले को लंबे समय से चली आ रही सैन्य प्रथाओं पर फिर से विचार करने के अवसर के रूप में लेना, इसको गलत अर्थ देना होगा। यह व्याख्या केंद्रीय बिंदु से चूक जाती है। मामला यहां किसी अनुष्ठान पर विवाद को लेकर नहीं है, बल्कि सम्बद्धता, कर्तव्य और एक विविधतापूर्ण सेना की संवैधानिक संरचना के बारे में है।

यह विवाद एक रेजिमेंट में उत्पन्न हुआ, जहां एक मंदिर और गुरुद्वारा साथ-साथ हैं और लंबे समय से एक एकीकृत सर्व धर्म स्थान के रूप में सुचारू हैं। अधिकारी ने यह कहकर अंदर जाने से इनकार कर दिया कि उसकी धार्मिक मान्यता उस पूजा स्थल के गर्भगृह में प्रवेश करने की अनुमति नहीं देती। समूची सेना में, ऐसे स्थानों को मान्यता की दरकार नहीं है; बल्कि वे तो सह-अस्तित्व को पुष्ट करते हैं। उनका मंतव्य केवल इतना कि विविधता के बीच, सम्बद्धता में दरार न आने पाए। परामर्श-सत्र और एक पादरी द्वारा यह आश्वस्त किए जाने के बाद भी कि पूजा स्थल पर प्रवेश करना उसके धर्म से समझौता नहीं है, वह अधिकारी अपने रुख पर अडिग रहा।

विविधता में एकता का मतलब कभी भी इकाइयों के अंदर रार पैदा करना या किसी आदेश के मनमाफिक मायनों को प्रस्तुत करना नहीं रहा। सेना ने एकता का अर्थ कभी भी संख्या, अनुपात या निर्धारित संरचनाओं के रूप में नहीं लिया। जो कोई भी एक साथ खड़ा है, जहां कहीं से भी वो आता है और जिस भी अनुपात में दिखाई देता है, वह भी एकता है, क्योंकि सामंजस्य कोई गणित नहीं; यह अनुभूत अनुभव है। यही कारण है कि कुछ टिप्पणियों में दिया गया सुझाव कि यह मामला वर्गीय संरचनाओं अथवा रेजिमेंटल प्रथाओं पर पुनर्विचार के लिए प्रेरित करे, पूरी तरह बिंदु से चूक जाता है। सेना के अंदर की एकता बाहरी रूपरेखा से निर्मित नहीं है; यह साझे कर्तव्य, साझे खतरे और उस शपथ से कायम रहती है, जो प्रत्येक सैनिक को दूसरे से जोड़कर रखती है।

एक घटना, चाहे वो कैसी भी दिखाई दे, उसका उपयोग एक संस्थागत संरचना को फिर से खोलने या पुनः व्याख्या करने के लिए नहीं किया जा सकता। कर्तव्य निर्वहन से इंकार को समझना चाहिए, न कि पुनः रूपरेखा के लिए, और जो भी इस नैतिकता विशेष की पुनः व्याख्या में लगते दिखाई दे रहे हैं, निश्चित ही वे इसके वर्ण, वर्णमाला और व्याकरण से अनभिज्ञ हैं। सेना की प्रथाएं युद्ध की वास्तविकताओं, सामंजस्य की दरकार और विविधतापूर्ण इकाइयों द्वारा एकीकृत होकर लड़ने वाले अनुभूत अनुभव से ढाली गई हैं।

कुछ लोग पूछ सकते हैं कि अगर उक्त अधिकारी बहुसंख्यक समुदाय से होता, तब क्या प्रतिक्रिया अलग होती। यह सवाल फौजी वर्दी को गलत तरीके से पढ़ता है। सेना पहचान को अधिमान नहीं देती; दायित्व पर जोर देती है। एकता जनित कर्तव्य का उल्लंघन एक समान है, चाहे वह कोई भी करे। नैतिकता किसी एक या कई के लिए, अल्पसंख्यक से हो या बहुसंख्यक वर्ग से, सबके लिए समान है, क्योंकि जिस घड़ी पहचान में गणित प्रवेश करता है, उसी पल सामंजस्य का निकास हो जाता है। इसलिए यह निर्णय इस बारे नहीं कि अधिकारी कौन था। इस बारे है कि संस्था को कैसी बने रहना चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय ने उस अधिकारी को सेवामुक्त किए जाने का फैसला बरकरार रखा, इसलिए नहीं कि यहां उसकी ईमानदारी पर शक है, बल्कि इसलिए कि उसका मानना है कि सशस्त्र पेशे में धार्मिक मान्यता को कर्तव्य से ऊपर नहीं रखा जा सकता। यहां निजी व्याख्या से रेजिमेंटल वैध प्रथा को अलग करके लिया जा रहा था। वह भी एक ऐसे बल में जहां परिचालन में एकता पर समझौता नहीं हो सकता, यह कृत्य अनुशासनहीनता का है। सेना ने अपने शासनादेश के भीतर रहकर काम किया; अदालत ने इसे बरकरार रखा क्योंकि यह निष्पक्ष -निर्भय होकर काम करने वाले बल की रीढ़ संवैधानिक रूप से मजबूत करता है। यह समझने को कि विश्वास को कर्तव्य से ऊपर क्यों नहीं रखा जा सकता, उसे सैनिक बनने के व्याकरण को पुनः पढ़ना होगा। थलीय युद्ध का ढंग कभी नहीं बदलता : हाथ से हाथ, संगीन से संगीन, आदमी से आदमी, टैंक से टैंक। आमने-सामने के युद्ध में दरार की कोई गुंजाइश नहीं बचती। विभिन्न हथियारों और सेवाओं वाली सेना में विविधता वर्णमाला है। व्याकरण है आक्रमण, बेदखली, कब्जा और पकड़, थलीय युद्ध का निष्ठुर वाक्यविन्यास जिसे अटूट सामंजस्य की दरकार है। अक्षर, वर्णमाला और व्याकरण के बीच, स्थिरांक है व्यक्ति : उसकी सहज प्रवृत्ति, प्रेरणा व उसकी चिरस्थायी संहिता...नाम, नमक, निशान।

विविधता में एकता एक आकांक्षा नहीं; परिचालन की जरूरत है। सैन्य इकाई चाहे सर्व-वर्गीय हो, मिश्रित वर्ग की हो या निर्धारित वर्ग की, अधिकारी स्तरीय नेतृत्व हमेशा मिश्रित रहा है। इस तंत्र के वास्ते सर्वधर्म स्थल होते हैं। यह कोई अनुष्ठान नहीं; यह तो स्वतंत्रता उपरांत एक संस्थागत नीति है जो तय करती है कि हरेक सैनिक अपने साथियों संग खड़ा हो सके, भले वे समान रूप से पूजा न करें। यह सेना का एकता बनाने का अपना देसी व्याकरण है।

यह निर्णय मायने रखता है क्योंकि सेना गणतंत्र में संवैधानिक नागरिकता का सबसे अधिक दिखाई देने वाला संस्थान है। यह वह जगह है जहां प्रत्येक फौजी टुकड़ी की पंक्ति में विभिन्न भाषा, क्षेत्र, जाति और पंथ दिखाई देते हैं, फिर भी किसी के लिए विशेषाधिकार या प्राथमिकता निर्धारित नहीं। सेना की नैतिकता मतभेद मिटाना नहीं, बल्कि मतभेदों को अलगाव बनाने से रोकना है। यह लाखों पहचानों को, दूसरे की कीमत पर, खुद को हावी किए बिना, एक वर्दी पहनने की अनुमति देती है।

यह नैतिकता सजावटी नहीं। यह अनुशासन, विश्वास और परिचालन एकता की नींव है। जो क्षण सामूहिक पहचान का प्रतीक बन जाता हो, वहां एक सेनापति अपने सैनिकों से अलग खड़ा नहीं हो सकता। यदि कोई निजी पसंद के जरिये संस्थागत प्रथा की पुनः व्याख्या करने लगे तो कोई इकाई एकजुट नहीं रह पाएगी। अदालत ने माना, ऐसा रास्ता एक धर्मनिरपेक्ष, अराजनैतिक बल को कमजोर कर देगा। सेना की धर्मनिरपेक्षता यह सुनिश्चित कर सबके हकों की रक्षा करती है कि कोई भी श्रेष्ठता स्थापित न करे। यहां सेना के लिए भी ताकीद है। केवल परंपरा से सामंजस्य की गारंटी नहीं। प्रत्येक बार जब शपथ को व्याख्या से ऊपर रखा जाता है, सामूहिक नैतिकता को बिना हिचकिचाहट बरकरार रखा जाता है, तो इसका नवीनीकरण हो जाता है। सेना अपने सैनिकों के लिए आस्था का चयन नहीं करती; यह यकीनी बनाती है कि आस्था केंद्र भावना में दरार न डाले।

**लेखक के निजी विचार है।**

# कुछ लोग वंदे मातरम को बंगाल चुनाव से जोड़कर इसकी अहमियत कम करना चाहते हैं : अमित शाह

एजेंसी



**नई दिल्ली** : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि संसद के दोनों सदनों में इस अमर कृति पर विमर्श आने वाली पीढ़ियों को इसके वास्तविक महत्व, गौरव और राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति भक्ति, कर्तव्य और समर्पण की भावना का शाश्वत प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम में देश की आत्मा को जागृत किया। शाह ने कहा कि उस दौर में वंदे मातरम् देश को आजाद कराने का कारण बना था और अमृतकाल में यह देश को विकसित तथा महान बनाने का नारा बनेगा।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि वंदे मातरम पर चर्चा को बंगाल चुनाव से जोड़ने वाले लोग इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को कम आंकने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि यह विषय राजनीति से परे राष्ट्रीय गौरव का विषय है। गृहमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् की प्रासंगिकता उसकी रचना के समय भी थी, आजादी के आंदोलन में भी थी, आज भी है और 2047 में विकसित भारत के निर्माण के समय भी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जहां भी देशभक्त एकत्र होते थे, उनकी हर बैठक की शुरूआत वंदे मातरम् के साथ होती थी। आज भी सीमा पर जब वीर जवान सर्वोच्च बलिदान देते हैं, तब उनकी जुबान पर एक ही शब्द होता है–वंदे मातरम।

अमित शाह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद में जब वंदे मातरम् का गान होता है, तब इंडी गठबंधन के कई सदस्य सदन से बाहर चले जाते हैं।

उन्होंने 1992 का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भाजपा सदस्य राम नाईक की पहल और लालकृष्ण आडवाणी के आग्रह पर लोकसभा में वंदे मातरम् का सामूहिक गान फिर शुरू हुआ, तब भी कई विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया था। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति ने राष्ट्रीय गीत को भी बांट दिया। शाह ने कहा, ह्लमेरे जैसे कई लोगों का मानना है कि अगर कांग्रेस ने तुष्टीकरण की नीति के तहत वंदे मातरम् को दो हिस्सों में नहीं बांटा होता, तो देश का विभाजन नहीं होता और भारत आज भी पूरा होता। शाह ने कहा कि जब वंदे मातरम् के 50 वर्ष पूरे हुए, तब देश अभी आजाद नहीं हुआ था, लेकिन स्वतंत्रता के बाद इसकी स्वर्ण जयंती के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसे दो अंतरों तक सीमित कर दिया, जिसे उन्होंने तुष्टीकरण की शुरूआत बताया।

गृहमंत्री ने वंदे मातरम् की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक महत्ता और इसके राष्ट्रीय प्रभाव का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 7 नवंबर 1875 को इस रचना को पहली बार सार्वजनिक किया, और कुछ ही समय में यह उत्कृष्ट साहित्यक कृति से आगे बढ़कर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणास्रोत और राष्ट्रजागरण का मंत्र बन गई।

उन्होंने महर्षि अरविन्द के कथन का उल्लेख करते हुए कहा, वंदे मातरम् भारत के पुनर्जन्म का मंत्र है। शाह ने बताया कि जब अंग्रेजों ने वंदे मातरम् पर प्रतिबंध लगाया, तब बंकिम बाबू ने कहा था कि उनकी सारी रचनाएं गंगा में बहा दी जाएं, लेकिन वंदे मातरम् का मंत्र सदैव जीवित रहेगा और भारत का पुनर्निर्माण इसी से होगा।उन्होंने कहा कि भारत किसी लड़ाई या वैधानिक समझौतों से नहीं बना, बल्कि इसकी सीमाओं को सदियों पुरानी संस्कृति ने गढ़ा है। इसी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को सबसे पहले बंकिम बाबू ने जागृत किया। उन्होंने कहा कि भारत केवल जमीन का टुकड़ा नहीं है, बल्कि करोड़ों भारतीयों की मां है, और यह भावना वंदे मातरम् में सर्वाधिक प्रकट होती है।

गृहमंत्री ने बताया कि वंदे मातरम् ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक, पंजाब के गदर आंदोलन से महाराष्ट्र के गणपति उत्सवों तक और तमिलनाडु में सुब्रमण्यम भारती के अनुवादों से हिन्द महासागर तक, क्रांति और राष्ट्रभक्ति की चेतना को जगाया। 1907 में ह्लबंदे मातरम्ह्न नाम से एक अखबार भी निकलता था, जिसके संपादक अरविन्द घोष थे, जिसे अंग्रेजों ने प्रतिबंधित कर दिया था। शाह ने कहा कि रामायण में भगवान श्रीराम से लेकर आचार्य शंकर और चाणक्य तक सभी ने मातृभूमि की महिमा का उल्लेख किया। बंकिम बाबू ने भी इसी चिरंतन भाव को पुनर्जीवित किया और भारत माता को सरस्वती, लक्ष्मी और दुर्गा के संयुक्त रूप में प्रस्तुत किया।

## राणिपेट में 105वें हेलिकॉप्टर प्रशिक्षण समारोह में 16 पायलटों को 'स्वर्ण पंख' पुरस्कार



एजेंसी

**राणिपेट** : आई.एन.एस. राजाली में आयोजित 105वें हेलिकॉप्टर प्रशिक्षण समापन समारोह में 16 नौसैनिक पायलटों को स्वर्ण पंख (गोल्डन विंग्स) पुरस्कार प्रदान किए गए। राणिपेट जिले के अरकोण में स्थित आई.एन.एस. राजाली भारतीय नौसेना का प्रमुख हेलिकॉप्टर प्रशिक्षण केंद्र है। यहां हेलिकॉप्टर प्रशिक्षण विद्यालय (एचटीएस) की ओर से 22 हफ्तों का कठिन प्रशिक्षण पूरा करने वाले पायलटों के लिए डिप्लोमा वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पूर्वी नौसेना कमांडर वाइस एडमिरल संजय पल्ला विशेष अतिथि थे। उन्होंने प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पायलटों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए। विशेष पुरस्कारों में गोल्डन विंग्स पुरस्कार 16 उत्कृष्ट पायलटों को दिया गया। उड़ान कौशल में श्रेष्ठ लेफ्टिनेंट आदित्य सिंह गौरे को रोलिंग ट्रॉफी दी गई। कुल कौशल में प्रथम लेफ्टिनेंट निखिल त्यागी को भी रोलिंग ट्रॉफी दी गई। उल्लेखनीय है कि आई.एन.एस. राजाली अब तक 884 पायलटों को उच्च स्तरीय हेलिकॉप्टर प्रशिक्षण दे चुका है। प्रशिक्षण पूरा करने वाले नए पायलट जल्द ही नौसेना की अग्रणी इकाइयों में शामिल होंगे।

## कांगो के राष्ट्रपति ने रवांडा पर शांति समझौते के उल्लंघन का लगाया आरोप

एजेंसी



**किंशासा** : कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के राष्ट्रपति फेलिक्स त्शिसेकेदी ने सोमवार को रवांडा पर हाल ही में हुए शांति समझौते का उल्लंघन करने का गंभीर आरोप लगाया है। यह आरोप ऐसे समय में सामने आया है जब कुछ ही दिन पहले त्शिसेकेदी ने वॉशिंगटन में एक समारोह में भाग लेकर उन समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे, जिनका उद्देश्य कांगो के खनिज-समृद्ध पूर्वी क्षेत्र में चल रहे वर्षों पुराने संघर्ष को समाप्त करना था। राष्ट्रपति ने यह बयान संसद को संबोधित करते हुए दिया। रवांडा की ओर से इस पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

एम23 की बढ़ती गतिविधियों ने बढ़ाई तनावपूर्ण स्थिति अमेरिका और कतर की मध्यस्थता में पिछले महीनों में कांगो, रवांडा और एम23 विद्रोही गुट के बीच कई शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसके बावजूद क्षेत्र में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। सप्ताहांत में रवांडा समर्थित बताए जा रहे एम23 विद्रोहियों ने बुरुंडी सीमा के पास स्थित लुवुंगी गांव पर कब्जा कर लिया। दो स्थानीय निवासियों ने स्थानीय मीडिय से इसकी पुष्टि की और विद्रोहियों की बैठक का एक वीडियो भी साझा किया। हालांकि, रवांडा इन विद्रोहियों को समर्थन देने से लगातार इनकार करता रहा है।36 लोगों की मौत, स्थिति और बिगड़ने की आशंका स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, लुवुंगी से पीछे हटते कुछ कांगोली सैनिकों की पास के शहर सांगे में स्थानीय वाजालेंदो रक्षा बलों के साथ झड़प हो गई। रविवार को सांगे में बमबारी या ग्रेनेड हमले की रिपोर्ट मिली, जिसमें कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई।

एक नागरिक संगठन द्वारा साझा की गई तस्वीरों में रंगीन गैर-सैन्य कपड़ों में खून से लथपथ कई शव दिखे। इनमें दो बच्चे भी शामिल बताए गए। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमला किस पक्ष ने किया और किस प्रकार के हथियार का इस्तेमाल हुआ। कांगो की सेना और एम23 दोनों ने इस मामले पर कोई टिप्पणी करने से इनकार किया है।

## आगामी चुनावों में पुडुचेरी की धरती पर टीवीके का झंडा जरूर लहराएगा : विजय

### कड़ी सुरक्षा के बीच विजय की पुदुचेरी में हुई जनसभा -भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन ने जारी किए थे 5,000 क्यूआर पास

एजेंसी



**पुडुचेरी** : पुदुचेरी के पोर्ट मैदान में मंगलवार को तमिलगा वेत्री कजगम (टीवीके) अध्यक्ष विजय की जनसभा आयोजित की गई। करूर की घटना के बाद आयोजित इस दूसरी बड़ी जनसभा में प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी और भीड़ नियंत्रित करने के लिए केवल क्यूआर कोड पास धारकों को ही प्रवेश दिया गया। इस उद्देश्य से करीब 5,000 पास जारी किए गए थे। हालांकि, सभा स्थल पर कई समर्थक बिना पास के भी पहुंच गए और प्रवेश की मांग करने लगे। इस दौरान पुलिस और समर्थकों के बीच हल्की झड़प व धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी। बाद में समर्थकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने बिना पास वाले लोगों को भी प्रवेश की अनुमति दे दी।

सभा को संबोधित करते हुए विजय ने कहा, मेरे दिल में जगह रखने वाले पुडुचेरी के सभी लोगों को मेरा नमस्कार। चाहे तमिलनाडु हो, पुडुचेरी, आंध्र या केरल, दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाले तमिल मेरे अपने हैं। विजय ने पुडुचेरी की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां की सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था में जो सहयोग दिया, उससे तमिलनाडु सरकार को सीख लेनी चाहिए। उन्होंने पुडुचेरी के लिए राज्य का दर्जा मांगने का समर्थन करते हुए कहा कि केंद्र को भेजे गए 16 प्रस्तावों पर कोई सुनवाई नहीं हुई, जिससे जनता को आर्थिक लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## छत्तीसगढ़ की शिल्पकार हीराबाई झरेका बघेल राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित

एजेंसी



**रायपुर** : छत्तीसगढ़ की प्रख्यात शिल्पकार हीराबाई झरेका बघेल को धातुकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें आज मंगलवार को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित विज्ञान भवन में एक भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया गया।

समारोह में देशभर से चयनित विभिन्न कला विधाओं के उत्कृष्ट शिल्पकारों को सम्मानित किया गया, जिनमें छत्तीसगढ़ की हीराबाई झरेका बघेल का भी सम्मान किया गया। यह सम्मान छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण रहा। धातुकला में उनके नवाचार, पारंपरिक शैली को जीवंत रखने के प्रयास और उत्कृष्ट कारीगरी की पूरे देश में सराहना की जाती है। राष्ट्रपति ने पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि भारत के हस्तशिल्प की पहचान उसकी विविधता और परंपरा में है, और ऐसे प्रतिभाशाली शिल्पकार इस विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बघेल के सम्मान से छत्तीसगढ़ की लोककला और पारंपरिक धातुकला को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिली है। आगामी दिनों में उनके कार्यों की प्रदर्शनी राष्ट्रीय शिल्प मेलों में भी देखने को मिलेगी।

## एसआईआर के विरोध में नहीं, लेकिन समय-सीमा बढ़नी चाहिये : मायावती

एजेंसी



**लखनऊ** : संसद में चुनाव सुधार को लेकर चर्चा हो रही है। इसको लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चुनाव की प्रक्रिया में अन्य सुधार लाने के साथ-साथ तीन खास सुधार लाना बहुत जरूरी हैं।

मायावती ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जो पूरे देश में प्रक्रिया चल रही है बसपा उसके विरोध में नहीं है। लेकिन बसपा का यह कहना है कि इस सम्बन्ध में मतदाता सूची में नाम भरने की जो भी प्रक्रिया होनी है, उसके लिए जो समय सीमा निर्धारित की गई है वो बहुत ही कम है। इसकी वजह से बीएलओ के ऊपर भी काफी दबाव है। काम के दबाव के वजह से कई बीएलओ अपनी जान भी गवां चुके हैं। जहां करोड़ों मतदाता हैं वहां बीएलओ को उचित समय मिलना ही चाहिये। खासतौर उस प्रदेश में जहां जल्दी ही कोई भी चुनाव नहीं है।उत्तर प्रदेश में लगभग 15.40 करोड़ से भी ज्यादा मतदाता हैं और अगर वहां एसआईआर का कार्य जल्दबाजी में पूरा करने की कोशिश की जायेगी तो इसका नतीजा यह होगा कि अनेकों वैध-मतदाता खासतौर पर जो गरीब हैं और काम करने के सिलसिले में बाहर गये हैं, तो फिर उनका नाम मतदाता सूची से रह जायेगा और मतदान से वंचित रह जाएंगे। जो कि पूर्ण रूप से अनुचित होगा। ऐसे में एसआईआर की प्रक्रिया को पूरी करने में जल्दबाजी ना करते हुए उचित समय दिया जाना चाहिये, वर्तमान में दी गई समय सीमा को बढ़ाना चाहिये। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय के निदेर्शानुसार चुनाव आयोग ने निर्देश जारी किये हैं। ऐसे लोग जिनका कोई भी आपराधिक इतिहास है उन्हें अपने हलफनामें में इसका अपने आपराधिक इतिहास का पूरा ब्योरा देना होगा और इसके साथ-साथ स्थानीय अखबारों में भी इसका पूरा विवरण भी प्रकाशित करना होगा तथा जिस राजनैतिक पार्टी से वे चुनाव लड़ रहे हैं, उस राजनैतिक पार्टी की भी जिम्मेदारी होगी कि वह इस सूचना को अपने स्तर से भी राष्ट्रीय अखबारों में भी प्रकाशित करेगी। उनका का कहना है कि अक्सर यह पाया गया है कि जिस व्यक्ति को चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया जाता है उनमें से कुछ लोग अपना आपराधिक इतिहास पार्टी को नहीं बतातें हैं तथा कुछ लोगों के संबंध में स्क्रूटनी के समय ही पार्टी को इसका पता लग पाता है, जिसकी वजह से इसकी जिम्मेवारी पार्टी के ऊपर आ जाती है और वैसे भी ऐसे प्रत्याशियों के आपराधिक इतिहास को राष्ट्रीय अखबारों में छपवाने की जिम्मेवारी पार्टी के ऊपर डाली गयी है।

## एसआईआर और चुनाव से पहले कैश ट्रांसफर रुके, चुनाव आयुक्तों की चयन कमेटी में हो बदलाव: मनीष तिवारी

एजेंसी



**नई दिल्ली** : लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान मंगलवार को कांग्रेस सदस्य मनीष तिवारी ने चुनाव सुधार को लेकर तीन मांगें कीं। उन्होंने चुनाव आयोग के अधिकारियों के चयन में बदलाव, मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) को समाप्त करने और चुनाव से पहले डायरेक्ट कैश ट्रांसफर पर रोक लगाने की अपील की। मनीष तिवारी ने कहा कि 15 जून 1949 को डॉ. भीमराम अंबेडकर ने चुनाव आयोग का ड्राफ्ट पेश किया था, जिस पर कई सदस्यों ने इसे स्थायी बनाने की बात कही। इसके बाद डॉ. अंबेडकर ने इसे स्थायी संस्था के रूप में स्थापित किया। संविधान सभा की कार्यवाहियों को देखकर स्पष्ट होता है कि संविधान निमार्ताओं ने देश में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग चुनाव होने की संभावना को ध्यान में रखा था। ऐसे में एक देश, एक चुनाव का औचित्य अब समाप्त हो गया है।

उन्होंने कहा कि साल 2023 में बने कानून के अनुसार चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत एक कैबिनेट मंत्री शामिल हैं। तिवारी ने सुझाव दिया कि इस समिति में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश को और जोड़ा जाए।

मनीष तिवारी ने कहा कि देश में एसआईआर का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। चुनाव आयोग को केवल उस क्षेत्र में एसआईआर कराने का अधिकार है, जहां सूची में गड़बड़ी पाई जाती है, पूरे राज्य में नहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल व भारत की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्य किरण का समापन

**काठमांडू:** नेपाली सेना और भारतीय सेना के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास सम्पन्न हुआ है। नेपाली सेना की ओर से अभ्यास के निरीक्षण के लिए भेजे गए पर्यवेक्षक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नेपाली सेना के उपरथी अनुपजंग थापा ने किया। भारत के पिथौरागढ़ में 25 नवंबर से संचालित संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्य किरण का 19वां संस्करण 8 दिसंबर को सम्पन्न हुआ। यह अभ्यास वर्ष 2010 से नेपाल और भारत में बारी-बारी से आयोजित होता है। इस अभ्यास में आपदा प्रबंधन, विद्रोह-रोधी अभियान, आतंकवाद-रोधी प्रशिक्षण, जंगल युद्धकला, तथा मानवीय सहयोग जैसे विभिन्न विषयों पर संयुक्त प्रशिक्षण किया गया। नेपाली सेना क्षमता विकास के उद्देश्य से भारतीय सेना के अलावा संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, चीन सहित मित्र देशों की सेनाओं के साथ विभिन्न द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय सैन्य अभ्यासों तथा पेशागत प्रतियोगिताओं में लगातार सहभागिता करती आ रही है।

### लाल किला धमाका मामले में एनआईए ने जम्मू-कश्मीर के जंगली इलाके में ली तलाशी

**श्रीनगर** : नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की एक टीम ने मंगलवा को दिल्ली में लाल किले के पास बीते 10 नवंबर को हुए ब्लास्ट की जांच के तहत जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के जंगली इलाके में तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए के अधिकारी पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से ह्लव्हाइट कॉलरह्व टेरर मॉड्यूल के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए दो आरोपितों डॉ. अदील राथर और जसीर बिलाल वानी को साथ लेकर आए हैं। अधिकारियों के मुताबिक दोनों आरोपितों ने जांच करने वालों को दक्षिण कश्मीर जिले के मट्टन जंगल इलाके में कुछ ठिकानों के बारे में बताया था। इस बाबत अभी विस्तृत जानकारी की प्रतिक्षा है।

### राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह ग्रामीण अर्थव्यवस्था का उत्सव: मार्गेरिटा

**नई दिल्ली** : केन्द्रीय कपड़ा राज्यमंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने मंगलवार को 'राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह' के अवसर पर हस्तशिल्प कारीगरों को रचनात्मक, धैर्य और कलात्मक विरासत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत की विरासत और ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को संजोने का उत्सव है। मार्गेरिटा ने एक्स पोस्ट में लिखा, ह्लसात दिवसीय (08-14 दिसंबर) समारोह देशभर के उन कुशल कारीगरों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है जो अपनी कला और कौशल से भारत की सदियों पुरानी शिल्प-परंपरा को न केवल जीवित रखे हुए हैं, बल्कि इसे समृद्ध भी कर रहे हैं। यह विशेष सप्ताह हमें भारत की शिल्पकला के पीछे छिपी असाधारण भावना और जटिल कौशल को गहराई से समझने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक तकनीकों को आधुनिक डिजाइन के साथ मिलाकर, भारतीय कारीगर विश्व स्तर पर अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह सप्ताह इस बात पर जोर देता है कि हस्तनिर्मित कृतियों को खरीदकर और महत्व देकर, हम तीन अमूल्य चीजों पहचान, गरिमा और विरासत का संरक्षण करते हैं। राज्यमंत्री ने कहा कि यह सप्ताह न केवल उत्सव का है, बल्कि यह देश के नागरिकों को अपने कारीगरों का समर्थन करने और भारत की हस्तशिल्प परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने का भी एक मंच है।

### देश रोहिंग्या, बांग्लादेशियों के लिए नहीं एसआईआर जरूरी : संजय जयसवाल

**नई दिल्ली** : लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा की शुरूआत सत्ता पक्ष की ओर से पश्चिम चंपारण से भारतीय जनता पार्टी के सदस्य संजय जायसवाल ने की। उन्होंने कहा कि यह देश रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के लिए नहीं है और ऐसे में देश में एसआईआर की प्रक्रिया जरूरी है। मतदाता सूची को अपडेट करने से जुड़ी एसआईआर का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में 35 लाख लोगों ने फॉर्म नहीं भरे इसका मतलब है कि बड़ी संख्या में घुसपैठिए थे। जयसवाल ने एक राष्ट्र एक चुनाव की पहल का भी स्वागत किया और कहा कि विपक्षी सदस्य भले ही कहें लेकिन भारतीय जनता पार्टी को इसका लाभ नहीं मिलने वाला है।

अलग-अलग चुनाव कराने से तो भारतीय जनता पार्टी को लाभ मिलता है और पूरा संगठन चुनाव में जीत सुरक्षित करने के लिए काम करता है।जायसवाल ने कहा कि हमारे गृहमंत्री आज तक विदेश नहीं गए और प्रधानमंत्री ने एक दिन भी छुट्टी नहीं ली। हम चुनाव के दौरान पूरी क्षमता के साथ लगते हैं जबकि विपक्ष के नेता छुट्टियां मना रहे होते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में 20 साल के एनडीए शासन को हटाने के लिए कांग्रेस को एक भी मुद्दा नहीं मिला और पार्टी एसआईआर को मुद्दा बनाती रही। उन्होंने कहा कि इस तरह के असमंजस के माहौल में चुनाव नहीं जीतेंगे और दोष किसी और पर दिया जाएगा।

### सुरक्षित समुद्री नौवहन पर वैश्विक बैठक का मुंबई में उद्घाटन

**मुंबई** : समुद्री नौवहन सहायता के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठन (आईएएलए) की तीसरी काउंसिल बैठक का मंगलवार को यहां औपचारिक तौर पर उद्घाटन किया गया। यह बैठक 12 दिसंबर तक चलेगी। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सवार्नंद सोनोवाल ने कहा कि सुरक्षित और सतत समुद्री नौवहन के भविष्य को आकार देने के लिए वैश्विक नेताओं का स्वागत करना गर्व की बात है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत समुद्री क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए अहम कदम उठा रहा है, जिसमें पुरानी समुद्री विरासत को अत्याधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा जा रहा है। सोनोवाल ने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया स्वतः संचालित जहाज और डिजिटाइजेशन की ओर बढ़ रही है, वैश्विक तालमेल में आईएएलए की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है और भारत सुरक्षित समुद्रों के साझा दृष्टिकोण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कपः आज कांस्य पदक के लिए आमने-सामने होंगे भारत और अर्जेंटीना

एजेंसी

**चेन्नई :** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 का समापन पदक के साथ करने के इरादे से मैदान में उतरेगी। भारत 10 दिसंबर को चेन्नई के एगमोर स्थित मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में कांस्य पदक के लिए अर्जेंटीना से भिड़ेगा।



भारत सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन जर्मनी के खिलाफ 1झ्र5 की हार के बाद इस मुकाबले में उतर रहा है। हालांकि, इस हार के बावजूद मेजबान टीम ने पूरे टूनामेंट में शानदार खेल दिखाया है। भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में दबदबा बनाते हुए आक्रामक हॉकी का प्रदर्शन किया और अब तक कुल 32 गोल दागे, जिनमें से 29 गोल पूल चरण में ही आए। क्वार्टरफाइनल में भारत ने बेल्जियम के खिलाफ 2-2 की बराबरी के बाद शूटआउट में जीत दर्ज की, जिसमें गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने अहम भूमिका निभाई। टीम के अब तक के सफर और आगामी मुकाबले की रणनीति को लेकर भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच पीआर श्रीजेश ने कहा, ह्लसेमीफाइनल को छोड़ दें, तो हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल में पहले क्वार्टर में आसान गोल गंवाने से हम पर दबाव आ गया। अब हमारे लिए जरूरी है कि हम अपनी ताकत को समझें, गलतियों को कम करें और मिले मौकों को गोल में बदलें। ऐसे टूर्नामेंटों में, खासकर नॉकआउट मैचों में, स्कोरबोर्ड का दबाव बहुत अहम होता है। हमें शुरूआत से ही गोल नहीं खाने हैं और पहले क्वार्टर से ही गोल करने के मौके बनाने होंगे, ताकि हम मैच पर पकड़ बना सकें। अर्जेंटीना के खिलाफ मुकाबले को लेकर उन्होंने आगे कहा, ह्लकल का मैच करो या मरो जैसा है। खिलाड़ियों को मैदान पर उतरकर सौ प्रतिशत देना होगा। बुनियादी चीजों पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शक होंगे और उनसे जीत की उम्मीद होगी, लेकिन खिलाड़ियों को वर्तमान पर ध्यान केंद्रित रखना होगा। वे सीनियर टीम के ओलंपिक अनुभवों से प्रेरणा ले सकते हैं, जहां सेमीफाइनल हारने के बाद कांस्य पदक जीतना बहुत मायने रखता है। लड़कों को यह बात समझ है और मुझे पूरा भरोसा है कि वे इस मौके पर खरे उतरेंगे।ह्व

दूसरी ओर, अर्जेंटीना भी कांस्य पदक जीतने के लिए पूरी तरह तैयार है। सेमीफाइनल में स्पेन के खिलाफ उन्हें करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। मुकाबला चौथे क्वार्टर तक बराबरी पर था, लेकिन 56वें मिनट में खाया गया गोल अर्जेंटीना को फाइनल से दूर ले गया।

मैच से पहले अर्जेंटीना के मुख्य कोच जुआन गिलार्डी ने कहा, ह्लहमने इस मैच के लिए पूरी पेशेवर तैयारी की है और पदक जीतने की प्रबल इच्छा है। कांस्य पदक इन बच्चों के लिए एक शानदार तोहफा होगा। ये खिलाड़ी कड़ी मेहनत करते हैं, एकजुट हैं और जोश व जुनून से भरे हुए हैं। उनका उत्साह और ऊर्जा माहौल को सकारात्मक बनाती है, जिससे कोच के तौर पर हमें उन्हें आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। हमने अब तक जो हासिल किया है, उससे हम खुश हैं, लेकिन भारत के खिलाफ अभी एक और बड़ी लड़ाई बाकी है। भरे हुए स्टेडियम में बड़े दर्शकों के सामने खेलना एक ऐसा अनुभव होगा, जिसे हम कभी नहीं भूलेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### टी-20 मैच : पर्यटकों के लिए बुधवार से बंद रहेगा धर्मशाला स्टेडियम

**धर्मशाला :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला बुधवार से पर्यटकों के लिए आगामी आदेशों तक अभी बंद रहेगा। इसके चलते कोई भी व्यक्ति और पर्यटक स्टेडियम में एंट्री नहीं कर सकता है। एच.पी.सी.ए. के महासचिव अवनीश परमार ने बताया कि 14 दिसम्बर को होने वाले भारत-दक्षिण अफ्रीका टी-20 मैच की मैच की सुचारू तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्थाओं को देखते हुए प्रबंधन द्वारा यह फैसला लिया गया है। गौरतलब है कि धर्मशाला के एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम को देखने बड़ी संख्या में पर्यटक और अन्य लोग यहां पंहुचते हैं जिससे एसोसिएशन को कमाई भी होती है। स्टेडियम की सुंदरता और यहां से दिखने वाली धौलाधार की पर्वत श्रृंखलाओं का एक अलग ही नजारा दिखता है।

### अंतरमहाविद्यालयी जूडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाये दांव- पेच

**मुरादाबाद :** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के तत्वावधान में हिन्दू कॉलेज, मुरादाबाद की खेल समिति द्वारा मंगलवार को अंतरमहाविद्यालयी जूडो प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल-भावना का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद के प्राचार्य डॉ. एसएस रावत रहे। विश्वविद्यालय की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में केजीके कॉलेज मुरादाबाद के प्रो. अनिल चौहान उपस्थित रहे, जबकि विश्वविद्यालय विशेषज्ञ के रूप में एमएच कॉलेज मुरादाबाद के डॉ. मनीष भट्ट ने खिलाड़ियों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले बेहद रोमांचक रहे, जिनमें खिलाड़ियों ने बेहतरीन दांव-पेच, संतुलन, फुर्ती और रणनीति का अद्भुत प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल ने सभी मुकाबलों का निष्पक्ष रूप से संचालन किया।

आयोजन सचिव पंकज सिंह ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु हिन्दू कॉलेज, मुरादाबाद की खेल समिति के सदस्यों, आर.एस.ओ. मुरादाबाद मंडल श्री सुनील यादव, सोनकपूर स्टेडियम के स्टाफ सदस्यों, विश्वविद्यालय विशेषज्ञ एवं पर्यवेक्षकों तथा मुरादाबाद जिला जूडो एवं पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव सुहैल अहमद एवं अन्य अधिकारियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### एडिलेड टेस्ट में कमिंस की वापसी तय

**एडिलेड :** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की करीब पांच महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी तय मानी जा रही है। वह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट में टीम की कप्तानी करते नजर आएंगे। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा है क्योंकि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पूरे एशेज सीरीज से बाहर हो गए हैं। टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने मंगलवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हेजलवुड अब इस गर्मी में इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। पिछले महीने शेफील्ड शील्ड के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आया था और इसके बाद पिछले सप्ताह उनके अकिलीज में भी समस्या उभर आई, जिससे उनकी वापसी की उम्मीदें खत्म हो गईं। मैकडोनाल्ड ने कहा,उनके लिए यह बेहद निराशाजनक है। कुछ ऐसे झटके लगे जिनकी हमें उम्मीद नहीं थी। हमें लगा था कि वह इस सीरीज में अहम भूमिका निभाएंगे, लेकिन दुर्भाग्य से अब उन्हें यह मौका नहीं मिल पाएगा।हेजलवुड अब फरवरी में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप को लक्ष्य बनाकर पूरी तरह फिट होने की कोशिश करेंगे।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए टॉम ब्लंडेल, मिचेल हे का डेब्यू तय

एजेंसी

**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले एक और बड़ा झटका लगा है। विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल हैमस्ट्रिंग चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ब्लंडेल को यह चोट पिछले हफ्ते क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान बल्लेबाजी करते समय लगी थी।ब्लंडेल के बाहर होने के बाद 25 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज मिचेल हे का टेस्ट डेब्यू तय माना जा रहा है। हे बुधवार (10 दिसंबर) से बेसिन रिजर्व में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड की ओर से पहली बार टेस्ट क्रिकेट में उतरेंगे। इससे पहले न्यूजीलैंड को एक साथ तीन और खिलाड़ियों के चोटिल होने का सामना करना पड़ा था। तेज गेंदबाज मैट हेनरी (काफ इंजरी), नाथन स्मिथ (साइड इंजरी) और ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर (ग्रोइन इंजरी) सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो चुके हैं। उनके स्थान पर न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क और तेज गेंदबाज माइकल रे को टीम में शामिल किया है।मिचेल हे अब तक न्यूजीलैंड के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में 19 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, जिसमें 12 टी20 और 7 वनडे शामिल हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कैंटरबरी के लिए खेले गए 29 मैचों में उन्होंने 48.58 की शानदार औसत से 1895 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके नाम 17 अर्धशतक और 146 रन का एक शतक भी दर्ज है। उधर, काइल जैमीसन रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी की योजना के तहत टीम के सपोर्ट स्टाफ के साथ काम कर रहे हैं और हाल ही में उन्होंने प्लंकेट शील्ड में कैंटरबरी के लिए सेंट्रल स्टैग्स के खिलाफ मुकाबला खेला था।

## 26वां जोधपुर पोलो सीजन 2025 बुधवार से : देश विदेश की टीमें लेंगी भाग

एजेंसी

**जोधपुर :** 26वां जोधपुर पोलो सीजन 2025 जोधपुर पीली एव इक्विस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में 10 दिसम्बर से 17 जनवरी, तक महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउंडेशन पोलो ग्राउंड पर आयोजित होगा। आयोजन पूर्व नरेश गजसिंह के मुख्य संरक्षण में होगा। जोधपुर पोलो का शुभारम्भ दस को दोपहर 3 बजे होगा। यह पोलो सीजन युवराज शिवराज सिंह के 50वें जन्मोत्सव के तहत आयोजित हो रहा है।



जोधपुर पीलो एवं इक्वीस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के मानद सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि 26वां पोलो सीजन 2025 में 5 टूनामेंट व 10 एक दिवसीय प्रदर्शन मैच खेले जायेंगे। पोलो सीजन में पांच टूनामेंट होंगे। इसमें बुधवार 10 दिसम्बर 2025 से 13 दिसम्बर तक लो गोल टूनामेंट, 14 से 17 दिसम्बर तक उम्मेद भवन पैलेस कप 4 गोल, एच. एच. महाराजा ऑफ जोधपुर कप 8 गोल 23 से 28 दिसम्बर, राजपूताना व सेन्ट्रल इण्डिया कप 8 गोल 04 से 11 जनवरी 2026 व 12 से 17 जनवरी 2026 के मध्य महाराजा ऑफ जोधपुर गोल्डन जुबली कप 8 गोल होगा।इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि सीजन में 10 प्रदर्शन मैच खेले जाएंगे, इसमें गुरूवार 18 दिसम्बर को ब्रिटिश पोलो डे होगा, 21 दिसम्बर को इंडियन एयर फोर्स लोंगेवाला पोलो कप, 25 दिसम्बर को भंवर बाई जी लाल वारा राजे पोलो कप, 28 दिसम्बर को लेडीज इन्टरनेशनल पोलो कप का प्रदर्शन मैच, 29 दिसम्बर को महाराजा सरदार सिंह मेमोरियल कप, 5 जनवरी को इंडियन नेवी एडमिरल पोलो कप, 6 जनवरी को आर्मी कमाण्डर्स कप, 7 जनवरी को मेजर ठाकुर सरदार सिंह जसोल मेमोरियल कप, अबूसियर कप 14 जनवरी को खेला जाएगा। उन्होंने सभी मैच दोपहर 3 बजे होंगे।

4 हैण्डीकंप के महाराजा जयपुर सवाई पद्मनाम सिंह, सैय्यद शमसेर अली, सिमरन सिंह शेरगिल, सिद्धांत शर्मा, 2 हैण्डीकंप के 81 कैवलरी से लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल चौहान, ध्रुवपाल गोदारा, सैय्यद बशीर अली, अंगद कलान, सैय्यद हूर अली, कुलदीप सिंह, 1 हैण्डीकेप के मेजर मृत्युजय सिंह, अशोक चांदना पूर्व खेल मंत्री राजस्थान, 0 हैण्डीकेप के विक्रमादित्य सिंह बरकाना व इण्डियन नेवी से एपी सिंह।

व्यापार

## डीपीआईआईटी ने एआई-कॉपीराइट इंटरफेस पर कार्य-पत्र का पहला भाग प्रकाशित किया

**नई दिल्ली :** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कॉपीराइट कानून के अंतसंर्बंधों की जांच करते हुए अपने कार्य पत्र का पहला भाग प्रकाशित किया है। इस पत्र में डीपीआईआईटी के 28 अप्रैल, 2025 को गठित आठ सदस्यीय समिति की अनुशंसाओं को शामिल किया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि कृत्रिम मेधा (एआई) डेवलपर को एआई प्रणालियां तैयार करने के लिए कानूनी रूप से उपलब्ध सभी कॉपीराइट-संरक्षित सामग्री का उपयोग करने के लिए अनिवार्य लाइसेंस देने का सुझाव एक सरकारी समिति ने दिया है। इसके साथ ही इस पर संबंधित हितधारकों से प्रतिक्रिया एवं विचार मांगे गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक समिति की सिफारिश के अनुसार लाइसेंस के साथ कॉपीराइट धारकों के लिए वैधानिक पारिश्रमिक का अधिकार भी होना चाहिए। ये सुझाव समिति द्वारा तैयार किए गए कार्य पत्र का हिस्सा हैं, जिसे उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा हितधारकों के विचार जानने के लिए जारी किया गया है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मुताबिक एआई प्रणालियों और कॉपीराइट से संबंधित उभरते मुद्दों पर विचार-विमर्श की बढ़ती आवश्यकता को स्वीकार करते हुए डीपीआईआईटी ने 28 अप्रैल, 2025 को एक समिति का गठन किया था। आठ सदस्यीय इस समिति की अध्यक्षता अतिरिक्त सचिव हिमानी पांडे ने की। इसमें कानूनी विशेषज्ञ, उद्योग और शिक्षा जगत के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। इसे समिति को एआई प्रणालियों द्वारा उठाए गए मुद्दों की पहचान करने, मौजूदा नियामक ढांचे की जांच करने, इसकी पर्याप्तता का आकलन करने और यदि आवश्यक हो तो बदलावों की सिफारिश करने के अलावा हितधारकों के साथ परामर्श के लिए एक कार्य पत्र तैयार करने का कार्य सौंपा गया था। इस समिति ने कार्य पत्र (भाग-1) तैयार किया है, जिसे डीपीआईआईटी द्वारा आठ दिसंबर को सार्वजनिक रूप से जारी किया गया। इसने 30 दिन के भीतर सभी संबंधित हितधारकों से प्रतिक्रिया और विचार मांगे हैं।

## यूरोपीय संघ के साथ व्यापार वार्ता तेज

**नई दिल्ली :** यूरोपीय संघ (ईयू) के व्यापार आयुक्त मारोस सेफकोवी प्रस्तावित व्यापार और निवेश समझौतों पर बातचीत को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 2 दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली में हैं। व्यापार वार्ता पूरी करने की साल के अंत की समय सीमा तेजी से नजदीक आने के साथ सेफकोवी ने भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक की। उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात की। यूरोपीय आयोग में व्यापार और आर्थिक सुरक्षा के आयुक्त सेफकोवी ने सोमवार को एक्स पर कहा, ह्यव्यापार और निवेश पर बातचीत आगे बढ़ाने के लिए पीयूष गोयल के साथ दो दिन की लंबी बैठकों के लिए भारत में हूं। ईयू-भारत संबंध तेजी से बढ़ रहे हैं, जैसे कि दो भागीदारों के बीच होने चाहिए। लेकिन अभी हमने बहुत कम संभावनाएं तलाशी हैं। वाणिज्यिक रूप से सार्थक मुक्त व्यापार समझौता अपार संभावनाओं के द्वार खोलेगा। ईयू के व्यापार महानिदेशालय सबीन वेयांड के नेतृत्व में एक टीम भी वस्तुओं और सेवाओं दोनों से संबंधित मुद्दों पर मतभेदों को दूर करने के लिए नई दिल्ली में है। पिछले महीने हुई आधिकारिक दौर की बातचीत के दौरान वाणिज्य विभाग ने कहा था कि दोनों पक्षों ने कई वार्ता क्षेत्रों में ह्यठोस प्रगतिह्न देखी और मतभेदों को कम करने में सक्षम हुए हैं। कई मुद्दों पर आम सहमति बनी। इसके बावजूद कुछ क्षेत्रों में मतभेद दूर करने की जरूरत है।

# लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद, सेंसेक्स 436 अंक लुढका

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पूर्व निवेशकों के मुनाफावसूली की वजह से मंगलवार को लगातार दूसरे दिन घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 436.41 अंक यानी 0.51 फीसदी लुढककर 84,666.28 अंक पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 120.90 अंक यानी 0.47 फीसदी टूटकर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयर में गिरावट और 8 शेयरों में तेजी रही। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 719.73 अंक लुढ़ककर 84,382.96 पर आ गया था। बड़े निजी बैंकों, तेल और आईटी शेयरों में भी उल्लेखनीय गिरावट आई। कारोबार के दौरान एक समय यह 232.55 अंक गिरकर 25,728 के स्तर तक आ गया था। सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी इंडिया, सन फार्मास्युटिकल्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स में गिरावट हुई। हालांकि, इटर्नल, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी और भारती एयरटेल के शेयर बढ़कर बंद हुए।इसके अलावा एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कॉम्पोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए हैं, जबकि जापान का निक्की बढ़त में रहा।



▶▶ कारोबार के दौरान एक समय यह 232.55 अंक गिरकर 25,728 के स्तर तक आ गया था।

यूरोपीय बाजार मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड 0.27 फीसदी गिरकर 62.33 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।एक दिन पहले बीएसई का सेंसेक्स 609.68 अंक यानी 0.71 फीसदी लुढ़ककर 85,102.69 के स्तर पर बंद हुआ था। एनएसई का निफ्टी भी 225.90 अंक यानी 0.86 फीसदी फिसलकर 25,960.55 के स्तर पर बंद हुआ था।

## पहली बार होगा शेयरों का बंटवारा

**नई दिल्ली :** वेल्थ मैनेजमेंट कंपनी नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। कंपनी के शेयरों को 5 हिस्सों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का ऐलान आज मंगलवार को कर दिया है। बता दें, कंपनी के शेयरों का बंटवारा पहली बार हो रहा है।

नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को दो हिस्सों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 2 रुपये प्रति शेयर हो जाएगी। नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट की तरफ से शेयर बाजारों को बताया गया है कि 26 दिसंबर, दिन शुक्रवार की तारीख स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट है।

## आईआईटी-आईएसएम धनबाद के शताब्दी वर्ष समारोह में अडाणी ने छात्रों से देश की चुनौतियों पर चर्चा की

▶▶ 3एस माइनिंग एक्सलेंस सेंटर और 50 छात्रों को पेड इंटर्नशिप की घोषणा

एजेंसी

**नई दिल्ली:** आईआईटी-आईएसएम धनबाद के शताब्दी वर्ष समारोह में देश के जाने-माने उद्योगपति और अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी मंगलवार को शामिल हुए। उन्होंने यहां आईआईटी-आईएसएम धनबाद के छात्रों के लिए पेड इंटर्नशिप और 3एस माइनिंग एक्सलेंस सेंटर की स्थापना की घोषणा की। अडाणी ने इस अवसर पर देश की चुनौतियों और उसके समाधान पर भी चर्चा की। अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी जब शताब्दी समारोह में पहुंचे, तो पूरा ऑडिटोरियम जोश और गर्व से भर गया। हर चेहरा उत्साहित था,



हर आंखों में भविष्य के सपनों की चमक थी। छात्रों की आंखों में चमक थी, मानो वे अपने सपनों को साकार होते देख रहे हों। शिक्षकों के चेहरे पर गर्व की मुस्कान थी, और अतिथि भी इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनने पर खुद को भाग्यशाली मान रहे थे। ऑडिटोरियम में तालियों की गूंज थी, मानो हर कोई इस विचार से सहमत हो कि भारत की असली ताकत उसकी मिट्टी में छुपी है

गौतम अडाणी ने अपने संबोधन की शुरूआत धनबाद की इस ज्ञानभूमि को प्रणाम करते हुए की। उन्होंने कहा कि अगर भारत को अपनी तकदीर संवारनी है, तो उसे अपनी धरती की ताकत को समझना होगा। गौतम अदाणी ने बताया कि सौ साल पहले जब भारत ब्रिटिश शासन के अधीन था, तब भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इस संस्थान की स्थापना की सिफारिश की थी। उनका कहना था कि एक राष्ट्र तभी महान बनता है, जब वह अपनी धरती की भाषा सीख लेता है। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा सदियों पुरानी है और आईआईटी-आईएसएम धनबाद उसी परंपरा का आधुनिक रूप है। गौतम अडाणी ने छात्रों को याद दिलाया कि इतिहास को भूलना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि जो तुम बनोगे, वही हमारा भारत बनेगा। अदाणी ने दुनिया में चल रहे ₹नैरेटिव कॉलोनाइजेशन₹ की चर्चा की। उन्होंने कहा कि जो कहानी हम नहीं लिखेंगे, वो हमारे खिलाफ लिखी जाएगी। उन्होंने छात्रों को चुनौती दी कि वे ऐसे मॉडल बनाएं जो भारत की ऊर्जा गरिमा को सही मायनों में दशाएं। गौतम अडाणी ने इस मौके पर नए भारत की तस्वीर खींची। उन्होंने इसके लिए ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े डाटा के श्रोताओं के सामने रखा।उन्होंने समझाने की कोशिश की कि कैसे भारत पर्यावरण को प्रति सजग होकर दुनिया के विकसित देशों से कम प्रदूषण पैदा कर रहा है।

## एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ने नवंबर में अपना सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन किया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश के सबसे युवा एकीकृत इस्पात संयंत्र एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने नवंबर में अपनी मूल्य-श्रृंखला में कई अभूतपूर्व परिचालन उपलब्धियां दर्ज करते हुए नया इतिहास रचा है। एनएसएल ने प्रक्रिया स्थिरता में मजबूती, परिचालन उत्कृष्टता और बढ़ती क्षमता उपयोग का प्रदर्शन करते हुए कई प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में अबतक का अपना सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन किया है। इस्पात मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि रॉ मटेरियल हैंडलिंग सिस्टम ने 21 नवंबर को एक दिन में सबसे अधिक यानी 616 वैगन की टिपलिंग के साथ रिकॉर्ड उपलब्धियां हासिल कीं। प्लांट ने 5,18,886 टन का अब तक का सबसे अधिक मंथली बेस मिक्स प्रोडक्शन भी हासिल किया। इसके साथ ही सिंटर प्लांट में एनएसएल ने दिन और मासिक सिंटर उत्पादन रिकॉर्ड के साथ अपनी बढ़त बनाए रखी, जो रेटेड कैपेसिटी यूटिलाइजेशन के 105 प्रतिशत से अधिक पर परिचालन करते हुए इस वर्ष 30 नवंबर को एक दिन में 15,590 टन और माह में 4,14,271 टन तक पहुंच गया।

मंत्रालय के मुताबिक ब्लास्ट फर्नेस ने 28 नवंबर को 11,315 टन के रिकॉर्ड हॉट मेटल प्रोडक्शन के साथ शानदार एफिशिएंसी दर्ज करवाई, जो रेटेड कैपेसिटी यूटिलाइजेशन का 119 फीसदी है और कैपेसिटी यूटिलाइजेशन के 101 फीसदी को पार करते हुए 2,80,049 टन का मासिक उत्पादन किया। विशेष रूप से एनएसएल ने बर्डन में केवल सिंटर और अयस्क का इस्तेमाल कर हॉट मेटल के 519 किलोग्राम प्रति टन की अपनी सबसे कम मासिक औसत ईंधन दर हासिल की, जो देश में सर्वोत्तम औसत में से है।

# एडवेंचर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में करियर की नई संभावनाएं



रोडीज और खतरों के खिलाड़ी जैसे शोज ने युवाओं को रोमांच के प्रति आकर्षित किया है। युवा इनमें अपना भविष्य देख रहे हैं। भारत में जैसे-जैसे लोगों की आय में वृद्धि हुई है, उनके घूमने-फिरने के शौक में भी बढ़ोतरी होती जा रही है। ऐसे में एडवेंचर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में करियर की कई नई संभावनाओं के द्वार खुलने लगे हैं।

वे दिन चले गए, जब पहाड़ों पर घूमने-फिरने के लिए गर्मी का इंतजार किया जाता था। अब तो पूरे साल पहाड़ों और दुर्गम जगहों पर जाया जा सकता है। इन्हीं पहाड़ों पर कभी बर्फ से भरे रास्तों पर ट्रेकिंग होती है, तो कभी उफनती नदी में राफ्टिंग या फिर साफ मौसम में पैराग्लाइडिंग। रोमांच और जुनून से भरे इन कारनामों को करने के लिए जितनी हिम्मत की जरूरत होती है, उससे कहीं ज्यादा लगन और मेहनत इन्हें सीखने में लगती है।

विदेशों में तो काफी युवा इस क्षेत्र में उतरते हैं, पर भारत में अभी इसे हॉट करियर ऑप्शन के तौर पर नहीं लिया जाता है। इस क्षेत्र में आने पर न केवल आपका घूमनेफिरने का शौक पूरा होगा, बल्कि बढ़िया सैलरी पैकेज भी मिलेगा। भारत में भी जैसे-जैसे लोगों की आय में वृद्धि हुई है, उनके घूमने-फिरने के शौक में भी बढ़ोतरी होती जा रही है। अब केवल अपर क्लास ही नहीं, मिडिल क्लास की बड़ी आबादी भी साल में एक-दो बार रमणीय स्थानों पर घूमने निकल ही जाती है। इन टूरिस्ट स्पॉट्स पर एडवेंचर स्पोर्ट्स का काम भी काफी फल-फूल रहा है। इसी वजह से भारत में पिछले कुछ वर्षों से एडवेंचर स्पोर्ट्स की मांग बहुत तेजी से बढ़ी है। इसके साथ-साथ युवाओं में इस क्षेत्र के प्रति रुझान भी उसी अनुपात में बढ़ा है।

## क्या हैं संभावनाएं?

इस क्षेत्र में एडवेंचर स्पोर्ट्स एक्सपर्ट या एडवेंचर स्पोर्ट्स ट्रेनर के तौर पर काफी संभावनाएं हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत दुनिया में टूरिस्ट हब के तौर पर उभरा है। इसकी वजह है भारत का विकसित देशों के मुकाबले सस्ता होना और यहां मौजूद प्राकृतिक विविधता। इसके अलावा भारत धार्मिक और स्वास्थ्य पर्यटन के लिए भी पसंदीदा जगह बनता जा रहा है। स्वास्थ्य लाभ के साथ लोग मानसिक शांति तलाशने के लिए भी भारत का रुख करते हैं। यहां के छोटे शहरों में खुलते मॉल, आसानी से उपलब्ध चीजें, शांतिप्रिय वातावरण और पश्चिम से अलग संस्कृति व जीवनशैली भी विदेशियों को आकर्षित करती है। हर साल भारत में 50 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक आते हैं। केंद्र और राज्यों की सरकारें भी इस ओर खासा ध्यान दे रही हैं। स्पोर्ट्स एडवेंचर भारत की टूरिज्म इंडस्ट्री का अहम हिस्सा बन गए हैं।

एडवेंचर स्पोर्ट्स में प्रशिक्षित व्यक्तियों के लिए कई क्षेत्रों में जाने के तमाम मौके होते हैं। इनके अलावा केंद्र और विभिन्न राज्यों के पर्यटन विभागों में भी काम करने के अवसर मिलते हैं। ये संस्थान समय-समय पर अभियान आयोजित करते हैं। इनमें भी भाग लिया जा सकता है। भारत में कई निजी छोटी-बड़ी कंपनियां भी ऐसी हैं, जो एडवेंचर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में काम कर रही हैं। ये ट्रेकिंग अभियानों, जंगल सफारी, पर्वतारोहण अभियानों आदि के लिए साल भर प्रोग्राम आयोजित करती रहती हैं। अलग-अलग राज्यों में पर्यटन के लिए अलग-अलग समय मुफीद रहता है। इस वजह से साल भर काम मिलता रहता है। इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले लोग किसी हॉलीडे रिसोर्ट, कैंप, कमर्शियल रिक्रिएशन सेंटर, एथलेटिक क्लब आदि आदि से जुड़कर न सिर्फ इन स्पोर्ट्स का प्रचार कर सकते हैं, बल्कि लोगों को प्रशिक्षण देकर भी पैसे कमा सकते हैं।

# प्रोफेशनल लाइफ में बनना है कॉन्फिडेंट तो अपनाएं ये टिप्स

**हमारा आत्मविश्वास जीवन में एक अहम भूमिका निभाता है, फिर चाहे हमारा कार्यक्षेत्र कोई भी हो। जिन लोगों में आत्मविश्वास की कमी होती है, उन्हें अक्सर असफलता का सामना करना पड़ता है। इसके विपरीत आत्मविश्वास से भरे लोग जीवन के हर मोड़ पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त करते हैं। प्रोफेशनल लाइफ में भी आत्मविश्वास बहुत महत्वपूर्ण है तो आइए जानते हैं कि कैसे आत्मविश्वास को विकसित किया जाए।**

- सबसे पहले तो आप अपना टारगेट बनाएं कि आपको क्या करना है। फिर उस टारगेट की ओर बढ़ना शुरू कर दें।
- आप देखें कि अभी तक आपने अपने जीवन में क्या पाया है और जो पाया है, उसे पाने के लिए आपने क्या प्रयास किए थे। एक डायरी में अपने अचीवमेंट लिख लीजिए।
- अपनी क्षमता का पता लगाइए। यह देखें कि आपके मित्र आपकी किस बात की तारीफ करते हैं। याद रखें, आपकी तारीफ जिस चीज को लेकर होती हो, वही आपकी ताकत हो सकती है।
- क्षमता पता चलने पर अपना टारगेट उसके अनुसार बनाएं। अपने दिमाग को सिर्फ अपने टारगेट पर फोकस करें। बार-बार उसी के बारे में सोचें।
- खुद से वादा करें कि आपने जो टारगेट बनाया है, आप उसमें सफल होकर रहेंगे।
- आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए अपने ज्ञान को बढ़ाना होगा। जब तक आपके पास ज्ञान नहीं है, आपका आत्मविश्वास बस एक दिखावा ही साबित होगा।
- अपने नकारात्मक पहलुओं को पहचानें और उन्हें दूर करने का प्रयास करें। आपके मन में बस एक ही बात होनी चाहिए कि आप यह काम कर सकते हैं।
- अपने अंदर धैर्य विकसित करें। धैर्य न सिर्फ आपको तनाव से बचाता है, बल्कि यह आपका आत्मविश्वास भी बढ़ाता है।
- खुद की तुलना दूसरों से कभी न करें। आप जो भी हैं, जैसे हैं, बहुत अच्छे हैं। बस, खुद को आगे बढ़ाने वाले प्रयास में कभी ढील न दें।
- गलतियां इंसान से ही होती हैं, पर वे गलतियां बार-बार न हों, इसका खास खयाल रखें। गलतियां सुधारने से आपके व्यक्तित्व में कुछ जुड़ता है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है।





# फूड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में करियर की संभावनाएं और अवसर

खाने के बिना कोई भी इंसान जीने के बारे में सोच नहीं सकता है। इसके बिना पृथ्वी से जीवों का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। समय के साथ लगभग सभी चीजें बदली हैं, साथ ही हमारे खान-पान में भी बदलाव आता है। आज के समय में हमारे सामने प्रोसेस्ड फूड का एक नया विकल्प आया है। इस समय फूड एक ऐसा इंडस्ट्री बन गया है, जो लोगों की जरूरत है। जिस तरह से हमारी निर्भरता प्रोसेस्ड फूड पर बढ़ती जा रही है वैसे फूड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में करियर की कई संभावनाएं और अवसर भी पैदा हो रहे है। एक रिपोर्ट के अनुसार फूड प्रोसेस की मल्टी-नेशनल कंपनियां भारत आ रही हैं, लेकिन भारत में कुशल लोगों की कमी है। आज इस फिल्ड में करियर की कई संभावनाएं है।

## क्या है फूड टेक्नोलॉजी

फूड टेक्नोलॉजी के तहत वो सभी कार्य आते हैं जो फूड प्रोसेसिंग में रॉ इंग्रेडिएंट्स को खाने योग्य फॉर्म्स में बदलने के लिए सभी कार्य करते हैं। फूड टेक्नोलॉजी में 4 वर्ष की अवधि का बीई व बीटेक कोर्स करवाया जाता है। इस कोर्स में विभिन्न फूड आइटम्स पर केमिकल प्रोसेस शामिल होती हैं, जिनके इस्तेमाल से अनेक फूड प्रोडक्ट्स बाजार में बेचने के लायक और लंबे समय तक उपयोग करने के लायक बन जाते हैं। फूड टेक्नोलॉजी के माध्यम से साफ, नई कटी फसल का इस्तेमाल लंबे समय तक किया जा सकता है और स्वादिष्ट, स्वास्थ्यवर्धक, आकर्षक और बाजार में बेचने योग्य फूड प्रोडक्ट्स तैयार किये जाते हैं।

## कोर्स के लिए योग्यता

सभी के लिए इस क्षेत्र में भरपूर मौके उपलब्ध हैं। अगर आप इसमें करियर बनाना चाहते हैं तो आपको भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित या होम साइंस में 12 वीं पास होना अनिवार्य है। इसके बाद फूड साइंस, केमिस्ट्री या माइक्रोबायोलॉजी में बैचलर डिग्री कर सकते हैं। यह कोर्स चार साल का होता है। वहीं बैचलर डिग्री करने के बाद फूड केमिस्ट्री, मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस और अन्य क्षेत्रों में एडवांस डिग्री भी कर सकते हैं। साथ ही डायटेटिक्स एंड न्यूट्रिशन और फूड साइंस एंड पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन में डिप्लोमा भी किया जा सकता है। अगर आपने ग्रेजुएशन पूरी कर ली है, तो आप उपरोक्त विषयों में एमएससी भी कर सकते हैं। आगे की पढ़ाई के लिए इस क्षेत्र में शोध-अध्ययन करने की भी काफी गुंजाइश है।

## कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षाएं

अगर आप इस क्षेत्र में आना चाहते हैं तो आपको ऑल इंडिया जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम देना होगा, जिसके बाद आप फूड टेक्नोलॉजी और बायो केमिकल साइंस में सरकारी कॉलेजों से बीटेक की डिग्री कर सकते हैं। वहीं, आईआईटी में प्रवेश पाने के लिए जेईई मेन और जेईई एडवांस की परीक्षा पास करनी पड़ेगी। गेट फूड टेक्नोलॉजी एंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से आईआईएससी बेंगलुरू में दाखिला मिलेगा। इसके अलावा सभी निजी संस्थान अपने स्तर पर प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन करते हैं।

## जॉब प्रोफाइल

अगर आप एक फूड टेक्नोलॉजिस्ट बनना चाहते हैं तो आपको फूड प्रोसेस के सभी काम करने होंगे। इसमें उस फूड की गुणवत्ता, स्वाद और रंग-रूप का ख्याल रखना होता है। इसके अलावा एक फूड टेक्नोलॉजिस्ट कच्चे और बने हुए माल की गुणवत्ता, स्टोरेज और हाइजिन आदि की निगरानी भी करता है। एक फूड प्रोसेस पनी पूरी तरह से फूड टेक्नोलॉजिस्ट पर ही निर्भर करती है।

## कहां मिलेगी नौकरी और सैलरी

अगर आपने फूड टेक्नोलॉजी में कोर्स किया है तो आप के पास नौकरी के कई विकल्प होते है। आप इससे जुड़ी फील्ड जैसे फूड प्रोसेसिंग यूनिट, रिटेल कंपनी, होटल्सए एग्री प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी से जुड़कर काम कर सकते है। इसके अलावा आपको कई प्रयोगशालाओं में भी काम मिल सकता है जो खाद्य वस्तुओं पर रिसर्च और उन्हें संरक्षित करने का काम करती है। इस फील्ड में शुरूआती तौर पर आपको 20 से 25 हजार आसानी से मिल सकते हैं। कुछ सालों के एक्सपीरियंस के बाद आप 30 सें 40 हजार रूपये महीने या इससे ज्यादा कमा सकते है। इसके अलावा आप खुद भी फूड टेक्नोलॉजी के बिजनेस में आकर अच्छा पैसा कमा सकते है।

## इनकी कहां है जरूरत

इस समय फूड टेक्नोलॉजिस्ट की जरूरत दुनिया के हर देश को है। भविष्य में खाद्य पदार्थों की कोई कमी न हो इसलिए हर देश फूड टेक्नोलॉजी पर रिसर्च कर रहा है। जिसमें क्वालिटी और स्वाद के साथ ही पोषक तत्वों पर काम किया जाता है। भारत में इनकी सबसे ज्यादा जरूरत है। इस समय सरकारी एनजीओ से लेकर कई प्राइवेट एनजीओ हैं जो इस क्षेत्र में काम कर रही हैं।

## फूड टेक्नोलॉजी के लिए प्रमुख कोर्स

अगर आप इस क्षेत्र में जाना चाहते हैं तो आपको फूड टेक्नोलॉजी में बीएससी ऑनर्स, बीटेक फूड टेक्नोलॉजी, एमटेक फूड टेक्नोलॉजी, पीजी डिप्लोमा इन फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी और एग्री बिजनेस मैनेजमेंट में एमबीए करना होगा।





# वाइल्ड लाइफ में फैलोशिप का सुनहरा अवसर

पर्यावरण और वन मंत्रालय के अंतर्गत वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया प्रतिवर्ष कई क्षेत्रों में फेलोशिप प्रदान करती है। यहां रिसर्च एसोशिएट, जूनियर रिसर्च फेलो और टेक्निकल असिस्टेंट के लिए आवेदन पत्र मांगे जाते हैं। सफल लोगों का चयन देहरादून के वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट में वॉक इन इंटरव्यू के आधार पर किया जाता है।

## रिसर्च एसोशिएट

योग्यता-जूलॉजी/बॉटनी/वाइल्डलाइफ साइंसेज/इन्वॉयरन्मेंटल साइंसेज/एक्सपेरिमेंटल बायोलॉजी में पीएचडी। (कोर्स अवधि-1 वर्ष)।

## जूनियर रिसर्च फेलोशिप

इसमें कई प्रोजेक्ट वर्क्स पर फेलोशिप दी जाती है। योग्यता-वाइल्डलाइफ साइंस/लाइफ साइंस/जूलोजी /बॉटनी /फोरेस्ट्री/वेटेरिनरी साइंस/ इन्वॉयरनमेंटल साइंस में मास्टर्स डिग्री। कम से कम 60 प्रतिशत अंक।

## टेक्निकल असिस्टेंट

भारतीय चिड़ियाघर के संरक्षित जानवरों के रखरखाव पर अध्ययन (कोर्स अवधि-एक वर्ष) योग्यता- जूलॉजी/लाइफ साइंस में मास्टर्स डिग्री। 60 प्रतिशत अंक अनिवार्य। कैंडिडेट को कम्प्यूटर की जानकारी भी होनी चाहिए।

## अन्य शर्तें

रिसर्च एसोशिएट के लिए एप्लीकेंट की उम्र 40 वर्ष से कम होनी चाहिए। जूनियर रिसर्च फेलोशिप और टेक्निकल असिस्टेंट के लिए उम्र 28 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। एससी/एसटी/ओबीसी/ महिलाओं/ विकलांग व्यक्तियों को उम्र में 5 वर्ष की छूट दी जा सकती है।

## छात्रवृत्ति और सुविधा

रिसर्च एसोशिएट्स को क्वालीफिकेशन और अनुभव के आधार पर 16-18 हजार प्रति महीने मिलते हैं। जूनियर रिसर्च फेलो को 12 हजार प्रति महीने और टेक्निकल असिस्टेंट को 6400 रुपये मति महीने प्रदान किए जाते हैं। सभी रिसर्चर को हॉस्टल की सुविधा प्रदान की जाती है। यदि हॉस्टल उपलब्ध नहीं हो पाए तो रहने का खर्च दिया जाता है। समय-समय पर उन्हें अन्य सुविधाएं भी मुहैया करायी जाती हैं।

## आवेदन और इंटरव्यू

कैंडिडेट को एप्लीकेशन के साथ एजुकेशनल क्वालीफिकेशंस, रिसर्च एक्सपीरियंस, एक्स्ट्रा क्यूरिकुलर एक्टीविटीज, बर्थ सर्टिफिकेट, सभी मार्कससीट की अटेस्टेड कॉपी भी इंटरव्यू के समय दिखाना होता है। एप्लीकेशन फॉर्म इंस्टीट्यूट की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।



# कैबिनेट: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में 19 एजेंडों पर लगी मुहर

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार शाम हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 19 एजेंडों पर मुहर लगायी गयी। नयी सरकार बनने के बाद बिहार कैबिनेट की यह दूसरी बैठक है. बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के कारण पिछले सप्ताह कैबिनेट की बैठक नहीं हुई थी।



तीन नए विभागों की स्वीकृतिअपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि नीतीश सरकार ने कैबिनेट में तीन नए विभागों के गठन पर मुहर लगाई है। 45 विभागों के अतिरिक्त तीन नए विभाग होंगे। युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और सिविल विमानन विभाग. इसके साथ पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग का नाम डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग. श्रम संसाधन विभाग का नाम श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग और कला संस्कृति एवं युवा विभाग का नाम कला एवं संस्कृति विभाग करने की भी स्वीकृति मिली है।

अरविंद चौधरी ने कहा कि आज की बैठक में 19 एजेंडों पर मुहर लगी है। इसमें सबसे प्रमुख सरकारी कर्मचारियों का डीए 5 प्रतिशत बढ़ा है। 1 जुलाई 2025 के प्रभाव से 252 प्रतिशत के स्थान पर अब 257 प्रतिशत डीए मिलेगा।

षष्ठम केंद्रीय वेतनमान में वेतन और पेंशन प्राप्त कर रहे राज्य सरकार के सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों को अब 252 प्रतिशत के स्थान पर 257 प्रतिशत डीए मिलेगा। वहीं पंचम केंद्रीय वेतनमान में वेतन पेंशन प्राप्त कर रहे राज्य सरकार के सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों को 466 प्रतिशत के स्थान पर 474 प्रतिशत डीए मिलेगा। 1 जुलाई 2025 के प्रभाव से यह मिलेगा।

अरविंद चौधरी ने कहा कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज आफ इंडिया लिमिटेड मुंबई द्वारा बिहार के युवाओं के सशक्तिकरण एवं हुनर विकास हेतु विद्यार्थी कौशल कार्यक्रम संचालित करने के लिए बिहार सरकार के साथ एमओयू करने की स्वीकृति दी गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के नगर निकाय के पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के बकाया भुगतान के लिए 400 करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति दी गई है। रोहतास के राज्य खाद्य निगम के तत्कालीन जिला प्रबंधक सुधीर कुमार को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई है।

वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष फाउंडेशन और न्यास के लिए 15 करोड़ रुपये की राशि से कॉर्प्स फंड के गठन की स्वीकृति दी गई है। साथ ही संजय गांधी जैविक उद्यान प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन एवं इसका बिहार सोसाइटी निबंध अधिनियम 1960 के तहत निबंधन कराए जाने की स्वीकृति दी गई है।

मुख्यमंत्री ने पहले कैबिनेट की बैठक में एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने के वादा को पूरा करने के लिए बिहार को पूर्वी भारत के नए टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित करने, बिहार में डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, मेगा टेक सिटी व फिनटेक सिटी की स्थापना एवं उद्योगों का जाल बिछाने हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनाने का फैसला लिया था।

बिहार में 25 चीनी मिलों को खोले जाने को लेकर मुहर लगी थी. मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन भी किया गया। बंद पड़े 9 चीनी मिल को खोलने का फैसला लिया गया था।

अरविंद चौधरी ने कहा कि बिहार को न्यू एज इकोनामी अंतर्गत एक वैश्विक बैंक एंड ग्लोबल वर्कप्लेस रूप में अगले 5 वर्षों में स्थापित करने के उद्देश्य की पूर्ति हेतु शीर्ष समिति के गठन की स्वीकृति भी कैबिनेट में दी गई थी।बिहार में 11 सैटलाइट टाउनशिप विकसित करने का भी फैसला दिया गया था, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा हो सके।

## एक नजर

### सड़क पर सामान रखने वालों पर सिविल ड्रेस में होगी निगरानी



**भागलपुर।** बिहार के अन्य जिलों की तरह अब भागलपुर में भी अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू हो गया है। नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम मंगलवार को शहर की सड़कों पर उतर आई। अभियान की शुरूआत लोहिया पुल के नीचे से की गई जो खलीफाबाग चौक होते हुए वैरायटी चौक तक चला। अभियान के दौरान टीम ने सड़क पर दुकान बढ़ाने वाले सभी दुकानदारों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि अब फुटपाथ और सड़क पर कब्जा कर दुकानदारी नहीं करने दी जाएगी। यातायात डीएसपी संजय कुमार ने कहा कि यदि कोई दुकानदार कल से सड़क पर सामान फैलाते पाया गया तो सिविल ड्रेस में मौजूद पुलिस कर्मी उनकी फोटो खींचेंगे। इसके बाद नगर निगम उनकी तस्वीर के आधार पर चालान जारी करेगा, जिसे दुकानदारों को अनिवार्य रूप से निगम कार्यालय में जमा करना होगा। आज भी कई दुकानदारों से मौके पर ही जुमार्ना वसूला गया। अधिकारियों के मुताबिक यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि शहर को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त बनाया जा सके और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जा सके।

### दो दिवसीय निरीक्षण सह अवलोकन कार्यक्रम



**भागलपुर।** आनन्दराम ढांढनियाँ सरस्वती विद्या मंदिर भागलपुर में मंगलवार को प्रांतीय प्रतिनिधियों के द्वारा विद्यालय का दो दिवसीय निरीक्षण सह अवलोकन के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस का शुभारंभ भागलपुर जिला निरीक्षक सतीश कुमार सिंह, सबौर सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य संतोष कुमार मिश्र, रामेश्वर लाल नोपानी सरस्वती विद्या मंदिर भागलपुर के प्रधानाचार्य आकाश कुमार एवं आनन्दराम ढांढनियाँ सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुमंत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्र ने आगत अतिथियों का परिचय एवं स्वागत अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। विद्यालय के समस्त गतिविधियों का अवलोकन कर प्रसन्नता ब्यक्त किया। उक्त अवसर पर जिला निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने कहा कि आनन्दराम ढांढनियाँ सरस्वती विद्या मंदिर में शैक्षिक और अनुशासनात्मक वातावरण बहुत ही उत्तम है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य और समस्त शिक्षकों की मेहनत की सराहना की और कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विद्यालय को और अधिक उत्कृष्ट बनाने के लिए प्रोत्साहित किया और आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय की यह प्रगति आने वाले समय में और भी बेहतर परिणाम देगी। आकाश कुमार ने कहा कि विद्यालय की प्रगति और विकास को देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमंत कुमार के नेतृत्व में विद्यालय ने जो ऊंचाइयाँ प्राप्त की हैं, वह वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता उनके समर्पण और मेहनत का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय को और अधिक उत्कृष्ट बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए और नए नवाचारों को अपनाना चाहिए।

### अग्नि पीड़ितों के बीच विधायक पुत्र ने किया राहत सामग्री का वितरण



**अररिया।** नरपतगंज के नाथपुर में रात में हुए आगजनी के शिकार अग्नि पीड़ितों के बीच विधायक देवयंती यादव के पुत्र किशन यादव ने मंगलवार को राहत सामग्री का वितरण किया। विधायक पुत्र गाड़ी से जरूरत से जुड़े समान और खाद्यान्न राहत सामग्री के रूप में अग्नि पीड़ितों के बीच वितरित किया। किशन यादव के साथ भाजपा नरपतगंज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनय सिंह,मुखिया जयनारायण राय,सरपंच दिलीप राय,वार्ड मेंबर अजय साह, वार्ड पंच जोगिंदर मंडल, समाजसेवी अरुण सिंह मौजूद रहे। अग्नि पीड़ितों के पार्टी नवनिर्वाचित विधायक देवयंती यादव ने दुख व्यक्त किया है और बताया कि जब उन्हें जानकारी मिली कि विधानसभा क्षेत्र के नाथपुर में आगजनी में आठ परिवारों के घर,मवेशी खाद्यान्न के साथ करोड़ों रुपयों के नुकसान हुआ है तो बाहर रहने के कारण अपने बेटे से इस घटना का जिक्र किया। जिस पर पुत्र किशन यादव ने अपनी ओर से तत्काल अग्नि पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। विधायक ने कहा कि मामले को लेकर सीओ से उन्होंने बातचीत कर तत्काल पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने का भी निर्देश दी है।

### नवादा जिला संतमत-सत्संग का 43वां अधिवेशन शुरू, पहले दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवादा।** नवादा जिला संतमतझसत्संग का 43वां वार्षिक अधिवेशन मंगलवार को नवादा जिले के सिरदला प्रखंड के शाहपुर स्थित बी.पी.एम. इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से शुरू हुआ। पहले ही दिन सुबह से सत्संग प्रेमियों का तांता लगना शुरू हो गया था। भजनझकीर्तन और संकीर्तन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्थल पर श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनूठा माहौल देखने को मिला। मुख्य सत्र में संत सद्गुरु महर्षि मेंही परमहंसजी महाराज की शिक्षाओं पर आधारित प्रवचन देते हुए प्रधान आचार्य महर्षि चतुरानंद महाराज ने कहा कि मानव जीवन दुर्लभ है, इसका उद्देश्य केवल भोग नहीं, बल्कि आत्मा को उसके परम लक्ष्य तक पहुंचाना है। उन्होंने साधना, सेवा और सत्संग को जीवन सुधार का सबसे सरल और सिद्ध मार्ग बताया। स्वामी प्रेमानंद जी महाराज ने कहा कि मन को नियंत्रित किए बिना ईश्वर की अनुभूति संभव नहीं। सत्संग मन को स्थिर करता है और सही दिशा देता है। स्वामी शाहीशरण जी महाराज और विप्रानंद महाराज ने भी प्रेम, सहिष्णुता और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए कहा कि संतमत का सार ह्यअहिंसा और आत्मज्ञान है, जिसे अपनाकर जीवन को सुंदर बनाया जा सकता है। मुख्य शिष्य स्वामी चतुर्नाद जी महाराज, जो महर्षि मेंही धाम, मनियारपुर (बांका) के प्रधान आचार्य हैं, ने बताया कि आज के समय में सत्संग समाज को जोड़ने और मानसिक शांति प्रदान करने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने भक्तों से नियमित ध्यान करने और सद्गुरु की बताई साधना को अपनाने का आह्वान किया। आयोजन समिति और बीपीएम इंटरनेशनल स्कूल परिवार के अनुसार दो दिवसीय यह कार्यक्रम 10 दिसंबर तक चलेगा। पहले दिन ही उमड़ी भारी भीड़ को देखकर आयोजकों ने अनुमान लगाया कि इस बार श्रद्धालुओं की भागीदारी पिछले वर्षों की तुलना में काफी अधिक होगी। देर शाम 6 बजे तक सत्संग, प्रवचन और भजनझकीर्तन का अनवरत क्रम चलता रहा, जिसमें श्रद्धालुओं ने गहरी श्रद्धा और भक्ति के साथ हिस्सा लिया।

### कांग्रेस ने मनाया पूर्व मुख्यमंत्री स्व. केदार पांडेय की 112 वीं जयंती

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. केदार पांडेय की 112 वीं जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि करके मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. केदार पांडेय को कांग्रेस के आम कार्यकर्ता से प्रदेश अध्यक्ष तक के सफर को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि प्रखंड कमिटी से प्रदेश अध्यक्ष और फिर बिहार के मुख्यमंत्री पद तक जाने वाले स्व. पांडेय कांग्रेस के निष्ठावान नेता रहें। स्व. केदार पांडेय को कार्यकताओं के हितों की रक्षा करने वाला सच्चा सिपाही बताया। उन्होंने शैक्षणिक सुधारों को लेकर कहा कि परीक्षा में नकल रोकने से लेकर शिक्षकों को उचित मानदेय देने का काम पूर्व मुख्यमंत्री स्व. केदार पांडेय ने किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री स्व. केदार पांडेय की पुत्र वधु कांग्रेस नेता नूतन पांडेय और उनके पौत्र शाश्वत केदार पांडेय भी मौजूद रहें। इस अवसर पर विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा0 सत्येन्द्र कुमार सिंह, राजेन्द्र चैधरी, मनोज शर्मा, रूपम झा, शाश्वत केदार, उदय शंकर पटेल, सुधीर शर्मा,हीरा सिंह वग्गा, विश्वनाथ बैठा, अभिषेक कुमार, फिरोज हसन, सुरेश मुखिया राजीव कुमार, संजय महाराज, वरूण शर्मा, सुनील कुमार सिंह के अलावे अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार हाइवा ने ऑटो को मारी टक्कर, एक यात्री की हालत गंभीर, चालक फरार

**भागलपुर।** जिले के औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र के बाबूपुर मोड़ के समीप मंगलवार को तेज गति से आ रही एक हाइवा ने ऑटो को जोरदार धक्का मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो चालक के साथ एक यात्री घायल हो गए। जबकि गंभीर रूप से घायल यात्री को स्थानीय लोगों की मदद से मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाइवा की रफ्तार इतनी अधिक थी कि टक्कर के बाद गाड़ी मौके पर ही पलट गई। हादसे के तुरंत बाद हाइवा ड्राइवर वाहन छोड़कर फरार हो गया। जिसके तलाश में पुलिस लगी हुई है।

## बिहार के वैशाली में बस-ऑटो की टक्कर, तीन लोगों की मौत

एजेंसी

**पटना।** बिहार के वैशाली जिले में हाजीपुरझलालगंज मुख्य मार्ग पर मंगलवार सुबह बस और ऑटो की आमने-सामने से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सात की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार हाजीपुर-लालगंज राज्य मार्ग 74 पर धनुषी गांव के पास ऑटो और बस में सीधी टक्कर हो गई। ऑटो हाजीपुर से यात्री लोड कर लालगंज जा रही थी। इसी दौरान लालगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस से ऑटो की सामने से टक्कर हो गई । इस दुर्घटना में ऑटो सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हैं। सभी घायलों को सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद गुस्साएं स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए और हाजीपुर-लालगंज मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही एसडीपीओ गोपाल मंडल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को शांत कराने की कोशिश की। ग्रामीणों की मांग है कि मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए और घायल यात्रियों के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही न हो।



### 6 मवेशी तस्कर गिरफ्तार, 69 मवेशी बरामद

**भागलपुर।** भागलपुर के डीएसपी नवनीश कुमार ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि बीते रात बाईपास थाना पुलिस को मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने दो वाहनों को रोककर कुल 69 मवेशियों को बरामद किया। मौके से वाहन चालक, खलासी सहित 6 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। डीएसपी ने बताया कि पुलिस टीम को मवेशियों की अवैध ढुलाई की जानकारी मिली थी, जिसके बाद थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने त्वरित कार्रवाई की और वाहनों को पकड़ लिया। डीएसपी नवनीश कुमार ने कहा कि प्राथमिक जांच में यह मामला संगठित तस्करी का प्रतीत हो रहा है। हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ चल रही है और तस्करी नेटवर्क के पीछे जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। बरामद मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। डीएसपी ने कहा कि मवेशी तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और जिले में इस पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## रक्सौल में एसएसबी 13 दिसबंर करेगा बॉर्डर यूनिटी रन का आयोजन

## 2000 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** सशस्त्र सीमा बल की 47वीं वाहिनी द्वारा आगामी 13 दिसबंर को रक्सौल में ह्यबॉर्डर यूनिटी रनह्न का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में 2000 से अधिक पुरुष और महिला प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम की तैयारियाँ अंतिम चरण में पहुँच चुकी हैं। मंगलवार को इसकी जानकारी देते एसएसबी 47वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी संजय रावत ने बताया कि एसएसबी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने जा रहे हैं। इसी क्रम में रक्सौल में भी पाँच किलोमीटर लंबी यूनिटी रन आयोजित की जा रही है।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय शामिल होंगे। इसके अलावा एसएसबी के डीजी संजय सिंघल, सांसद डॉ. संजय जायसवाल, विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, तथा एसएसबी मुख्यालय पटना के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। यूनिटी रन एसएसबी मुख्यालय से शुरू होगी। जो पंटोका मार्ग से होते हुए पुनः एसएसबी मुख्यालय में समाप्त होगी।

श्री रावत ने बताया कि प्रतियोगिता पुरुष और महिला–दोनों वर्गों में होगी। दूरी समान 5 किमी रहेगी, हालांकि महिलाओं को अतिरिक्त समय दिया जाएगा। प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन गूगल लिंक भी जारी की जा रही है, जिसके माध्यम से इच्छुक लोग पंजीकरण कर सकते हैं। रक्सौल के स्कूलों और कॉलेजों के बच्चों को भी आमंत्रित किया गया है।

दौड़ में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जबकि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को एसएसबी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना करेंगे। प्रतिभागियों से सुबह 7:30 बजे तक एसएसबी कैंप पहुंचने की अपील की गई है। कार्यक्रम सुबह 8 बजे शुरू होगा। एसएसबी ने आयोजन को यादगार बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की है। पूरे कार्यक्रम के दौरान मेडिकल सहायता हेतु एंबुलेंस तथा चिकित्सकों की टीम तैनात रहेगी। एसएसबी अधिकारियों ने सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### 17 से 19 जनवरी 2026 को होगा सहरसा लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन

**सहरसा।** मैथिली साहित्य संस्कृति को लेकर तीन दिवसीय लिटरेचर फेस्टीवल की सफलता को लेकर मंगलवार को पी जी सेन्टर में संस्कृति मिथिला की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें आयोजन की तैयारी पर चर्चा हुई। जिसमें सर्व सम्मति से आगामी 17 से 19 जनवरी 2026 तक जिला मुख्यालय सहरसा में मैथिली साहित्य, संस्कृति और सिनेमा पर केन्द्रित त्रिदिवसीय सहरसा लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भारत और नेपाल से प्रसिद्ध साहित्यकार, फिल्मकार और संस्कृतिकर्मियों का आगमन होगा । संस्कृति मिथिला द्वारा आयोजित किए जानेवाले इस त्रिदिवसीय महोत्सव के विभिन्न सत्रों में साहित्य, संस्कृति और सिनेमा पर विमर्श के साथ कवि समय और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही पुस्तक, मिथिला चित्रकला आदि का प्रदर्शनी भी किया जाएगा। बैठक में संस्कृति मिथिला के अध्यक्ष रामकुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष तरुण झा, डा. अरुण कुमार सिंह, डा. संजय वशिष्ठ, डा. बलवीर झा, किसलय कृष्ण, कुमार विक्रमादित्य , डा. सुमन कुमार, सत्यप्रकाश झा, डा. गीता कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर गंगा पुल के दूसरे चरण का कार्य तेजी से पूरा करने का दिया निर्देश

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन गंगा पुल परियोजना के द्वितीय चरण के तहत हाजीपुर-महनार पथ से चकसिकंदर तक चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना से जुड़े अधिकारियों को शेष कार्यों को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया।



निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना के पहले चरण के लोकार्पण के बाद पटना से राघोपुर तक आवागमन सुगम हो गया है। उन्होंने बताया कि सरकार इस परियोजना की प्रगति पर लगातार नजर बनाए हुए है और समयबद्ध तरीके से निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुल के पूर्ण निर्माण से पटना और उत्तर बिहार के बीच निर्बाध सड़क संपर्क स्थापित होगा। इससे न सिर्फ लोगों को यातायात सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में कृषि, उद्योग और व्यापारिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा की स्थिति में मरीजों को पटना पहुंचना आसान होगा। साथ ही महात्मा गांधी सेतु पर भी यातायात का दबाव कम होगा और लोगों को एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि पुल के निर्माण से बाहरी क्षेत्रों से उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार की ओर सीधे और सुगम यातायात संभव होगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 23 जून 2025 को कच्ची दरगाह (पटना) से राघोपुर दियारा (वैशाली) तक नवनिर्मित पथांश का शिलान्यास किया था। यह परियोजना राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-30 (कच्ची दरगाह) और राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-103 (बिदुपुर) के बीच गंगा नदी पर 19.76 किलोमीटर लंबे छह लेन ग्रीनफील्ड पुल के निर्माण से संबंधित है। इसके अंतर्गत 9.76 किलोमीटर लंबे मुख्य पुल और 10 किलोमीटर लंबे पहुंच पथ का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना पर कुल 4,988 करोड़ रुपये की लागत निर्धारित की गई है। परियोजना का पहला चरण – कच्ची दरगाह से राघोपुर दियारा तक 4.57 किलोमीटर का उद्घाटन हो चुका है। दूसरे चरण में हाजीपुर-महनार पथ (एनएच-122बी) से चकसिकंदर (एनएच-322) तक और तीसरे चरण में राघोपुर दियारा से हाजीपुर-महनार पथ तक निर्माण कार्य तेजी से जारी है। अब तक परियोजना का 85 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष निर्माण कार्य गति से आगे बढ़ाया जा रहा है।